सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:19

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.6 न्यू | 29.0 अधि |
| धर्मशाला | 21.9 न्यू | 35.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76490.08 |
| निफ्टी | 23259.20 |
| सोना | 71,670 |
| चांदी | 91,773 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




पृष्ठ 13 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 11 जून, 2024 | 29 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 174, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ ट्रांसफर : जयराम -पेज 3
- नाबालिग की हत्या का आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर -पेज 5
- मानसून में आपदा से बचाव के लिए तैयारियां शुरू -पेज 9
- शिव वाटिका करवा रही स्वर्ग का अहसास -पेज 10
- मंत्रिमंडल में सिर्फ 7 महिलाओं को मिली जगह -पेज 14


**टी-20 विश्व कप** आज का मैच

पाकिस्तान vs कनाडा

स्थानः न्यूयॉर्क, समय : रात 8:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### 'आप' को 10 अगस्त तक करना होगा ऑफिस खाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को राहत देते हुए राऊज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय को खाली कराने की समय सीमा बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अब पार्टी को 10 अगस्त तक पार्टी कार्यालय खाली करने का आदेश दिया है। इससे पहले 4 मार्च को सर्वोच्च अदालत ने 15 जून तक कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था। समय सीमा खत्म होने से पहले ही 'आप' ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर डेडलाइन बढ़ाने की मांग की थी।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया।

### डूंगरपुर मामले में सपा नेता आजम खान बरी



**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को सोमवार को एक बड़ी राहत मिली है। रामपुर कोर्ट ने डूंगरपुर प्रकरण मामले में बरी कर दिया है। इस मामले में आजम खान की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। हालांकि अभी आजम खान को जेल में ही रहना होगा। अन्य दो मामलों में उन्हें सजा सुनाई थी और जेल में बंद हैं। हालांकि सपा नेता की ओर से जमानत के लिए अपील दायर की जा चुकी है।

### भूकंप के झटकों से थर्राया मेघालय



**नई दिल्ली।** मेघालय में रविवार देर रात करीब 2.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.3 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अभी किसी भी नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### नीट प्रवेश परीक्षाः सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** नीट प्रवेश परीक्षा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है। आंध्र प्रदेश निवासी अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और अन्य की ओर से याचिका दाखिल कर 5 मई को हुई नीट की परीक्षा को रद्द करने की मांग करते हुए यह परीक्षा दोबारा आयोजित कराए जाने की मांग की गई है। याचिका में पूरे मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग की गई है। 5 मई को आयोजित की गई नीट परीक्षा के 4 जून को आए नतीजों के आधार पर होने वाली काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग की गई है।

### छत्तीसगढ़ में हिंसा कई दफ्तर जलाए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में सतनामी समाज के जैतखाम में हुई तोड़फोड़ से नाराज भीड़ ने सोमवार को कई सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी। जिले के कलेक्टर, एसपी, पंचायत, तहसीलदार के कार्यालयों में आगजनी के अलावा भीड़ ने वहां खड़ी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। हजारों की संख्या में भीड़ पहुंची और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इस हमले में कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई हैं। इसके बाद उग्र भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया।

## मोदी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में विभागों का बंटवारा

# राजनाथ सिंह रक्षा, अमित शाह गृह और जेपी नड्डा बने स्वास्थ्य मंत्री

### नितिन गडकरीः सड़क और परिवहन मंत्री, निर्मला सीतारमण : वित्त मंत्री, एस जयशंकर : विदेश मंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मोदी** सरकार की सोमवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, अमित शाह को गृह और जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है। नितिन गडकरी को सड़क और परिवहन मंत्री, निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्री और एस जयशंकर को विदेश मंत्री का जिम्मा सौंपा है।

इसके अलावा शिवराज सिंह चौहान को ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री बनाया गया है। अश्विनी वैष्णव को सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव को रेल और सूचना और प्रसारण मंत्री बनाया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को दो मंत्रालय दिए गए हैं। उन्हें ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री बनाया गयाद्ध जीतन राम मांझी को एमएसमई मंत्रालय दिया गया है। शोभा करंदलाजे के एमएसएमई राज्य मंत्री होंगी।

### किसे क्या मिला...

| | |
|---|---|
| अश्विनी वैष्णव | रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और सूचना प्रौद्योगिकी |
| शिवराज चौहान | कृषि एवं ग्रामीण विकास |
| मनोहर लाल खट्टर | आवास और शहरी मामलों के मंत्री और ऊर्जा मंत्री |
| एचडी कुमारस्वामी | उद्योग एवं इस्पात मंत्री |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री |
| धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्री |
| जीतन राम मांझी | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री |
| राजीव रंजन सिंह | पंचायतीराज |
| सर्बानंद सोनोवाल | जलमार्ग मंत्री |
| डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री |
| राममोहन नायडू | नागरिक उड्डयन मंत्री |
| प्रल्हाद जोशी | उपभोक्ता एवं खाद्य मामले |
| जुएल ओराम | जनजातीय मंत्री |
| गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्री |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री |
| भूपेंद्र यादव | पर्यावरण, वन मंत्री |
| गजेंद्र शेखावत | संस्कृति व पर्यटन |
| अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास |
| किरेन रिजिजू | संसदीय कार्य मंत्री |
| हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री |
| डॉ. मनसुख मंडाविया | श्रम और रोजगार मंत्री और युवा मामले और खेल मंत्री |
| जी किशन रेड्डी | कोयला मंत्री |
| चिराग पासवान | खाद्य व उद्योग मंत्री |
| सीआर पाटिल | जल शक्ति मंत्री |
| राव इंद्रजीत | सांख्यिकी राज्य मंत्री |
| डॉ. जितेंद्र सिंह | विज्ञान और प्रौद्योगिकी |
| अर्जुन राम मेघवाल | कानून और न्याय |
| जाधव प्रतापराव | आयुष मंत्रालय |
| जयंत चौधरी | कौशल विकास |
| जितिन प्रसाद | वाणिज्य और उद्योग |
| श्रीपाद नाइक | ऊर्जा मंत्रालय |
| पंकज चौधरी | वित्त मंत्रालय |
| कृष्ण पाल | सहकारिता |
| रामदास अठावले | सामाजिक न्याय |
| रामनाथ ठाकुर | कृषि मंत्री |
| नित्यानंद राय | गृह राज्य मंत्री |
| अनुप्रिया पटेल | राज्य स्वास्थ्य |
| वी. सोमन्ना | राज्य जल शक्ति |
| डॉ. चंद्रशेखर | ग्रामीण विकास |
| प्रो. एसपी सिंह | मत्स्य पालन |
| शोभा | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम |
| कीर्तिवर्धन सिंह | पर्यावरण |
| बीएल वर्मा | उपभोक्ता मामले |
| शांतनु ठाकुर | बंदरगाह, जहाजरानी |
| सुरेश गोपी | पेट्रोलियम मंत्री |
| डॉ. एल मुरुगन | सूचना एवं प्रसारण |
| अजय टम्टा | सड़क परिवहन |
| बंडी संजय | राज्य गृह मंत्रालय |
| कमलेश पासवान | राज्य ग्रामीण विकास |
| भागीरथ चौधरी | कृषि और किसान |
| सतीश चंद्र दुबे | कोयला और खान |
| संजय सेठ | रक्षा राज्य मंत्री |
| रवनीत सिंह | खाद्य प्रसंस्करण |
| दुर्गादास उइके | जनजातीय कार्य |
| रक्षा निखिल | युवा मामले और खेल |
| सुकांत मजूमदार | राज्य शिक्षा |
| सावित्री ठाकुर | महिला एवं बाल विकास |
| तोखन साहू | आवास और शहरी |
| राज भूषण चौधरी | जल शक्ति |
| भूपति राजू | भारी उद्योग मंत्रालय |
| हर्ष मल्होत्रा | कॉर्पोरेट मामले |
| निमुबेन जयंतीभाई | उपभोक्ता मामले |
| मुरलीधर मोहोल | सहकारिता |

### देश में पीएम आवास योजना के तहत बनेंगे तीन करोड़ नए घर

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दी है। योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे। इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा। पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। केंद्र सरकार 2015-16 से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू कर रही है, ताकि बुनियादी सुविधाओं के साथ घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान की जा सके। पीएमएवाई के तहत, पिछले 10 साल में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं। बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और एचडी कुमारस्वामी समेत सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे।

# हिमाचल में अब देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में होंगे विधानसभा उपचुनाव

### केंद्रीय चुनाव आयोग ने किया तारीखों का ऐलान, आज से तीन जिलों में आचार संहिता लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में अब तीन और विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में उपचुनाव होंगे। इसके देश के छह और राज्यों में भी केंद्रीय चुनाव आयोग ने हिमाचल के साथ ही 10 जुलाई को विधानसभा उपचुनाव करवाने की तारीखों का ऐलान कर दिया है। वहीं, हिमाचल में राज्य चुनाव ने तीन जिलों कांगड़ा, हमीरपुर, सोलन में आचार संहिता लागू कर दी है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, 14 जून को अधिसूचना जारी होगी। 21 जून तक नामांकन होगा, 24 जून तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और 26 जून को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद 10 जुलाई को बुधवार के दिन मतदान होगा। 13 जुलाई को मतगणना होगी। प्रदेश में निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे से खाली हुई देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होने हैं। यहां आचार संहिता लग गई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में देहरा से होशियार सिंह, नालागढ़ से केएल ठाकुर और हमीरपुर से आशीष शर्मा निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए थे। तीनों ने कांग्रेस को समर्थन दिया था, लेकिन 27 फरवरी 2024 को हुए राज्यसभा चुनाव में इन्होंने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी थी। इसके बाद 22 मार्च को तीनों ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने तुरंत प्रभाव से इनके इस्तीफे मंजूर नहीं किए, जिस पर इन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया। इसके बाद जैसे ही चार जून को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के नतीजे निकले तो उसके अगले ही दिन विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने तीनों के इस्तीफे मंजूर कर लिए, जिसके विधानसभा चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया।

### छह और राज्यों में भी उपचुनाव

**बिहार** की रूपौली और पश्चिम बंगाल में रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मनिकतला विधानसभा सीट, तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट, मध्य प्रदेश अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर सीट उत्तराखंड और पंजाब की जालंधर पश्चिम (एससी) सीट पर विधानसभा उपचुनाव होगा।

### चुनाव शेड्यूल

| | |
|---|---|
| अधिसूचना | 14 जून |
| नामांकन | 21 जून तक |
| नामांकन जांच | 24 जून |
| नामांकन वापसी | 26 जून |
| मतदान | 10 जुलाई |
| मतगणना | 13 जुलाई |

### निर्दलियों ने अपनी विधायकी बेची : सुक्खू



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि साढ़े तीन साल के लिए यह चुनाव होने जा रहा है। निर्दलीय को इस्तीफा क्यों देना पड़ा। इसके पीछे एक बात तो स्पष्ट नजर आती है कि इन्होंने कहीं न कहीं अपनी निर्दलीय के तौर पर अपनी विधायकी बेची है। अब तीन विधानसभा क्षेत्रों की जनता को तय करना है। उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। सुक्खू ने कहा कि पीएम से मिलकर हिमाचल के लिए आपदा राहत पैकेज की मांग करेंगे। आपदा के समय कोई राहत पैकेज नहीं मिला था। उन्होंने जेपी नड्डा के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने पर खुशी जताई। साथ ही कहा कि अगर अनुराग भी बनते तो अच्छा था। केंद्रीय कैबिनेट में दो-दो मंत्री होते।

## आंध्र प्रदेश में टीडीपी नेता की नृशंस हत्या

**एजेंसी, अमरावती**

**आंध्र** प्रदेश के कुरनूल जिले के बोम्मिरेड्डीपल्ले गांव में टीडीपी नेता गौरीनाथ चौधरी की हत्या कर दी गई। इसका आरोप वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं पर लगाया जा रहा है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। भारी सुरक्षाबल पूरे इलाके में तैनात किया गया है।

कुरनूल एसपी ने गांव का दौरा किया और लोगों को संयम बनाए रखने का कहा है। गौरीनाथ की हत्या के पीछे राजनीतिक दुश्मनी बताई जा रही है। वह इलाके में टीडीपी के प्रमुख नेता था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## आतंकी हमले के पीछे पाक कनेक्शन लश्कर के दहशतगर्दों ने की फायरिंग

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का हाथ है। हमला उस बस पर किया गया, जो शिव खोड़ी से लौट रही थी।

**एनआईए करेगी जांच**

बस में सवार सभी तीर्थयात्री शिव खोड़ी में भोले बाबा के दर्शन के लिए गए थे और वापस कटड़ा लौट रहे थे। हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी। जांच एजेंसी टीम ने जमीनी स्तर से साक्ष्य जुटाने में मदद करने की कोशिश कर रही है। वहीं, सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान जारी रखा हुआ है।

### मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख देने की घोषणा

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी में हुए आतंकी हमले को जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की 'नापाक' कोशिश करार दिया। रियासी आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए और घायलों को 5-5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## सीपीडब्ल्यूडी टीम ने शिमला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय को किया सील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** में उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई कोर्ट के फैसले के बाद केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने की है।

**सीबीआई कोर्ट के फैसले के बाद की कार्रवाई**

सीपीडब्ल्यूडी की टीम सुबह पुलिस बल के साथ कार्यालय पहुंची और दफ्तर से कर्मचारियों को बाहर निकलने के लिए कहा और दफ्तर को सील कर दिया। जिला शिमला प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक मोहिंदर सिंह का कहना है कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने कोर्ट के आदेशों का हवाला देकर दफ्तर सील कर दिया है। दफ्तर में लगभग 40 का आसपास कर्मचारी कार्यरत हैं और 1970 से पहले से इस भवन में शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय चल रहा था, जिसका डॉक्यूमेंट्री प्रूफ विभाग के पास नहीं है और 2014 से मामला कोर्ट में चल रहा था। 2023 में दफ्तर को खाली करने के आदेश हुए थे, लेकिन शिक्षा विभाग ने स्टे की याचिका कोर्ट में दायर की थी, जिसे 28 मई को जिला अदालत ने खारिज कर दिया है। अपेक्स कोर्ट में एक महीने का समय अपील के लिए मिलता है, लेकिन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने अचानक से ही कार्यालय को सील कर दिया है, जिससे कर्मचारी दफ्तर छोड़ सड़क पर आ गए हैं। दस्तावेज भी कार्यालय के अंदर ही है। फिलहाल मामले को लेकर शिक्षा विभाग कानूनी सलाह ले रहा है।

## अमित मालवीय पर लगे यौन शोषण के आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भाजपा** के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता शांतनु सिन्हा ने महिलाओं का यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**मालवीय ने भेजा मानहानि का नोटिस कांग्रेस ने की पद से हटाने की मांग**

सिन्हा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए अमित मालवीय पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। दूसरी तरफ अमित मालवीय ने अब शांतनु सिन्हा को 10 करोड़ रुपए की मानहानि का नोटिस भेजा है।

वहीं, कांग्रेस ने अमित मालवीय को पद से हटाने की मांग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने अमित मालवीय पर निशाना साधते हुए पूछा है कि महिला आयोग ने अभी तक इस मामले का संज्ञान क्यों नहीं लिया है।

### खालिस्तानी आतंकी लखबीर लांडा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लांडा के जिन साथियों को गिरफ्तार किया है वे जबरन वसूली नेटवर्क, पाकिस्तान से आने वाले हथियार, ड्रग्स और अन्य क्राइम में शामिल थे। तीनों आरोपियों को पुलिस ने जालंधर से ही गिरफ्तार किया है। पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों का संबंध कनाडा में छिपे आतंकवादी लखबीर लांडा के साथ है।

### जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

## जल्द सुनवाई चाहते हो और खुद आराम से बैठे हो, हमें हल्के में न लें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को याचिका में खामियों को दूर न करने पर फटकार लगाई है।

दिल्ली सरकार ने जल संकट को देखते हुए हरियाणा, हिमाचल और उत्तर प्रदेश से एक्स्ट्रा पानी छोड़ने के निर्देश देने के लिए याचिका लगाई थी। इसमें कुछ कमियां थीं, जिसके कारण अलग-अलग पक्ष की ओर से लगाए गए दस्तावेज स्वीकार नहीं हो पा रहे थे। इस पर जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की वेकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार को कहा कि पिछली सुनवाई में बताया गया था। फिर भी आपने गलतियों को ठीक नहीं किया। आप कोर्ट को हल्के में न लें। कोर्ट ने कहा कि एक तरफ आप कहते हो की आप पानी की समस्या से जूझ रहे हो। दूसरी तरफ आप ही अपनी याचिका को ठीक नहीं करते हो। आप जल्दी सुनवाई चाहते हो और खुद आराम से बैठे हो। सब कुछ रिकॉर्ड पर आने दीजिए। हम मामले की सुनवाई अब 12 जून को करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के लिए जारी की 17वीं किस्त

### पदभार संभालते ही किसान सम्मान निधि की फाइल पर किए साइन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालते ही पीएम किसान निधि सम्मान योजना से जुड़ी फाइल पर साइन किए।

**बोले- हम किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध**

मोदी ने पीएम किसान निधि सम्मान योजना की 17वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हम किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कृषि क्षेत्र के लिए और काम करते रहेंगे। इससे पहले पीएम किसान योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों को फरवरी महीने की 28 तारीख को 16वीं किस्त के पैसे बैंक खातों में भेजे गए थे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत 24 फरवरी, 2019 को हुई थी। इस योजना के तहत किसानों को सालाना 6,000 रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है।

### नवनिर्वाचित विधायक कल लेंगे शपथ

**शिमला।** नवनिर्वाचित विधायकों को 12 जून को शपथ दिलाई जाएगी। हिमाचल विभानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बुधवार को 11 बजे उपचुनाव के माध्यम से 14वीं विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों को विधासभा पद की शपथ दिलाएंगे। शपथ समारोह विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उपचुनाव में कांग्रेस से लाहौल-स्पीति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा व गगरेट से राकेश कालिया जीते हैं, जबकि भाजपा से धर्मशाला से सुधीर शर्मा बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल निवार्चित हुए हैं।

## प्रदेश में एक सप्ताह तक सताएगी भीषण गर्मी, हीटवेव का येलो अलर्ट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। ऐसे में धूप खिलने से मैदानी व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य में 16 जून तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। 12 से 14 जून तक मैदानी व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी हुआ है।

सोमवार को राजधानी शिमला व आसपास के इलाकों में हल्के बादलों के साथ धूप खिली रही। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में ज्यादा गर्मी होने के चलते पर्यटक मनाली, रोहतांग व शिमला का रुख कर रहे हैं। होटलों में 80 से 90 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी चल रही है।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 43.4° |
| नेरी | 43.1° |
| धौलाकुआं | 42.0° |
| बिलासपुर | 40.9° |
| हमीरपुर | 39.7° |
| कांगड़ा | 39.2° |
| बरठीं | 38.9° |
| सुंदरनगर | 37.8° |
| मंडी | 37.8° |
| चंबा | 36.7° |

**मार्केट** 203 अंक की गिरावट के साथ 76,490 पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 30 अंक गिरा

## सेंसेक्स 77 हजार पार, फिर गिरा बाजार

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 386 अंक चढ़कर 77,079 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। निफ्टी में भी 121 अंकों की तेजी रही, यह भी 23,411 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद बाजार गिरावट में बंद हुआ।

सेंसेक्स 203 अंक की गिरावट के साथ 76,490 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 30 अंक की गिरावट के साथ 23,259 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही। आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली।



बाजार के ऑलटाइम हाई पर पहुंचने के तीन कारण : नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के बाद केंद्र सरकार को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता आ गई है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सरकार बनाई है। इसलिए, सेंसेक्स 77,079 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। 12 जून को मई की महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि रिटेल महंगाई अप्रैल के 4.83 फीसदी से घटकर 4.80 फीसदी पर आ जाएगी।

महंगाई का कंट्रोल में रहना शेयर बाजार के लिए पॉजिटिव संकेत है। रिलायंस, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी के शेयर बाजार को चढ़ाने में टॉप कॉन्ट्रिब्यूटर्स हैं। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा बाजार को नीचे खींच रहे हैं।

### 21.3 फीसदी ऊपर 165 रुपए लिस्ट हुआ क्रोनॉक्स लैब

क्रोनॉक्स लैब साइंसेज का शेयर का एनएसई और बीएसई स्टॉक एक्सचेंज पर 21.3 फीसदी ऊपर 165 रुपए लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 136 रुपए था। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद यह 5.65 रुपए (3.42 फीसदी) की गिरावट के साथ 159.35 रुपए पर बंद हुआ। क्रोनॉक्स एक स्पेशलिटी केमिकल मैन्युफैक्चरर है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूको आरसेटी ने पीरन में खोला सिलाई केंद्र




**जुन्गा।** यूको बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) शिमला और डीआरडीए के संयुक्त तत्वाधान में मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पंचायत पीरन में नए सिलाई केंद्र ने कार्य करना आरंभ कर दिया है। इस सिलाई केंद्र में पंचायत की 35 बेरोजगागर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यूको आरसेटी की निदेशक तान्या शर्मा ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बेरोजगार महिलाओं के लिए एक माह का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें उन्हें बैंक की ओर से दोपहर का भोजन और दो समय जलपान की सुविधा प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएगें।

### दौलतराम चौक-चौगी फार्म सड़क की सफल पासिंग



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री व जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से सोमवार को कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की रतनाड़ी पंचायत के अंतर्गत दौलतराम चौक से चौगी फ़ार्म संपर्क सड़क की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई। इस सड़क की पासिंग के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा भी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत रतनाड़ी की समस्त जनता एवं लाभार्थियों ने इस सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एवं मोती लाल डेरटा का आभार जताया।

### जनेडघाट में वित्तीय साक्षराता शिविर का आयोजन



**जुन्गा।** विकास खंड मशोबरा और अग्रणी बैंक शिमला के सौजन्य से जनेडघाट में वित्तीय साक्षराता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंकिग डिजिटल भुगतान, सुरक्षा बीमा, धन का सही निवेश, पैंशनए बैंक लोन की प्रक्रिया इत्यादि बारे विस्तार से जानकारी दी गई। अग्रणी यूको बैंक शिमला की सहायक मेनेजर अल्का सारटा ने बताया कि आजकाल साइबर क्राइम बहुत बढ़ने लगा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैंक द्वारा किसी प्रकार की कॉल किसी भी बैंक उपभोक्ताओं को नहीं की जाती है। यदि कोई फ्रॉड कॉल आती है तो उन्हें अपने बैंक खाता, आधार कार्ड पिन नंबर इत्यादि शेयर न करें। फ्रॉड वेबसाइटों और मेसेज के झांसे में भी न आएं। यूको बैंक जुन्गा के सीनीयर मेनेजर अमित कौल, राज्य सहकारी बैंक जनेडघाट अभिनय शर्मा ने भी संबोधित किया। शिविर में स्थानीय स्कूली बच्चों सहित करीब 80 लोगों ने भाग लिया ।

### गौरव बने अभाविप के उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री

**शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 6 से 9 जून तक सूरत गुजरात में हुई, जिसमें देश भर से 368 राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में नवीन संगठनात्मक घोषणाएं भी की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के निर्वतमान संगठन मंत्री गौरव अत्री को उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया, वहीं धनदेव ठाकुर को अभाविप हिमाचल के प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई।

# चौपाल की ननाहर व झीना पंचायत में भीषण अग्निकांड, दो मकान राख

## आगजनी में सारी संचित पूंजी जल कर नष्ट, तन के कपड़ों के सिवाय कुछ न बचा

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल**

उपमंडल चौपाल के अंतर्गत झीना पंचायत के ग्राम बगार में अग्निकांड की एक घटना सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह कपूर सिंह पुत्र भिंदर सिंह निवासी ग्राम बगार, ग्राम पचायत झीना के रिहायशी मकान में आग लग गई और मकान जल कर राख हो गया है। मकान में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

वहीं, ग्राम पंचायत ननाहर के ग्राम गागना में भी आग लगने से दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया है। इस घटना में मकान के चार कमरें, रसोईघर व स्नानागार क्षतिग्रस्त हो गए है। सूचना के अनुसार यह मकान महेंद्र सिंह व सुरेन्द्र सिंह पुत्र दौलतराम निवासी गांव गागना, ग्राम पंचायत ननाहर, तहसील चौपाल, जिला शिमला का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस आगजनी में प्रभावित परिवार की सारी संचित पूंजी जल कर नष्ट हो गई और तन के कपड़ों के सिवाय कुछ नहीं बचा पाए।

उधर प्रशासन की ओर से एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने कहा कि प्रभावित परिवारों को तिरपाल, कंबल, राशन व नकद फौरी राहत प्रदान की गई है और संबंधित पटवारी को नुकसान आंकलन के निर्देश दिए गए है।



**एसडीएम चौपाल ने प्रभावित परिवारों को दी आवश्यक सामग्री व फौरी राहत**

ननाहर व झीना पंचायत में भीषण अग्निकांड के बाद जले मकानों का दृश्य।

# 25 वोल्वो बसें और 50 टैंपो ट्रैवलर खरीदेगी प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि निगम राज्य के लोगों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निगम के संचालन के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। सुक्खू ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए निगम द्वारा 25 नई वोल्वों बसें तथा 50 टैंपों ट्रैवलर खरीदे जाएंगे। इसके अतिरिक्त निगम के बेड़े में इलैक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी, जिनके प्रापण के लिए प्रक्रिया जारी है। वर्तमान वित्त वर्ष में इलैक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 327 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। प्रदेश में सीमित हवाई तथा रेल नेटवर्क के दृष्टिगत निगम की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों को श्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने के लिए निगम के संचालन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निगम को 63 प्रतिमाह करोड़ रुपए प्रदान करेगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इलेक्ट्रिक बसों की विशेष भूमिका रहेगी।

बैठक में प्रधान सचिव परिवहन आरडी नजीम, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।



एचआरटीसी की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम।

# रोहड़ू के विधायक को सरकार में विशेष पद देने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू की मासिक बैठक सोमवार को कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर नाथ नेगी की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस रोहड़ू में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान सीपीएस व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि इस बार भी रोहड़ू के लोंगों ने कांग्रेस पार्टी के शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद सुलतानपुरी को भारी मतों से लीड दी है, जो काबिले तारीफ है। कांग्रेस कमेटी की इस बैठक में कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं व अग्रणी सगठनों, युवा कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस ने संयुक्त रुप में हिमाचल सरकार व मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि रोहड़ू के विधायक को सरकार में किसी तरह की अहम भूमिका दी जाए और कोई विशेष पद दिया जाए। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस लोकसभा चुनाव में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से जो लीड रही हैं उसका श्रेय रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा को जाता है, जो लगातार 2012 से लेकर आज दिन तक लोंगों के बीच जाते रहे हैं। विधायक पिछले साढे ग्यारह साल से रोहड़ू की जनता के हर सुख दुख में शामिल होते रहे हैं।

वह रोहड़ू के विधायक बने हैं तब से रोहड़ू की जनता की आवाज सरकार के समक्ष उठाते रहे हैं।



बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ।

# लोहार समुदाय सरकार के समक्ष रखेगा अपनी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

ग्राम दिशा ट्रस्ट के सौजन्य से करसोग नेचुरल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित कृषि उपकरण के निर्माण संबधित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित पांगना के बाग गांव में स्थित स्तूप नुमा ग्राम दिशा भवन में हुआ। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. नेक राम शर्मा ने बतौर मुख्याथिति शिरकत की।

उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम दिशा ट्रस्ट प्रदेश की विलुप्त हो रही कारीगरी को आमजन के समक्ष लाने का ये सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि कारीगरी के हर क्षेत्र में आधुनिकता और मशीनीकरण होने के कारण हस्त शिल्प, कारीगरी विलुप्त होने की कगार पर है तथा आज के आधुनिक चकाचौंध में युवाओं का पुरातन कारीगरी की ओर लागतार उदासीन रवैया चिंता का विषय बनता चला जा रहा है । विलुप्त हो रही कारीगरी को सहेजने का कार्य कर रही संस्थाओं का प्रयास कबीले तारीफ है और संस्थाओं का सहयोग करना हर प्रदेशवासी का कर्तव्य बनता है। इस दौरान ग्राम दिशा ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सत्त खाद्य प्रणाली के अंतरराष्ट्रीय सलाहकार आशीष गुप्ता ने उपस्थित ग्राम वासियों को विलुप्त हो रही लोहार की कारीगरी बारे विस्तृत जानकारी दी।

लोहार समुदाय के कारीगरों ने अपनी समस्याओं और कारीगरी को बचाने को लेकर एक भी पत्र लिखा और जल्द ही यह पत्र उनके द्वारा सरकार को सौंपा जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षुओं द्वारा एकत्रित किए गए आंकड़ों के माध्यम से लोहार शास्त्र का निर्माण कर समाज के समक्ष लोहारों के इतिहास को प्रस्तुत किया जाएगा।

# कुपवी में लगाई वैदिक कृषि की कार्यशाला

**नेरवा/चौपाल।** कुपवी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था 'शार्प' द्वारा संस्था के संस्था के संस्थापक सदस्य रहे नरवीर पंवार की पुण्यतिथि पर संस्था द्वारा एक अद्भुत वैदिक प्रयास किया गया।

समाजसेवी नरवीर की यद् में संस्था द्वारा कुपवी में वैदिक कृषि जिसे शिव योग कृषि के नाम से भी जाना जाता है पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जिला शिमला के पिछड़े क्षेत्र कुपवी के तीस प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया । इस अवसर पर वैदिक कृषि विशेषज्ञ आरती एवं धीरेंद्र ने किसानों को वैदिक कृषि की जानकारी देते हुए बताया कि योग साधना और मंत्रोच्चारण के माध्यम से प्राचीन वैदिक कृषि पद्धति को कैसे पुनर्जीवित किया जा सकता है।

# जेपी नड्डा के मंत्री बनते ही बिलासपुर में मनाया जश्न

## भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार शाम को जश्न का माहौल रहा। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी के आगाज के साथ ही बिलासपुर के रहने वाले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को कैबिनेट में शामिल करने से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसका जश्न धूमधाम से मनाया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करते ही शुरू हुआ आतिशबाजी और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हुए एक-दूसरे को इसकी बधाई दी। प्रधानमंत्री पद पर हैट्रिक के साथ नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बिलासपुर स्थित भाजपा कार्यालय को रंग-बिरंगी रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी का जश्न मनाने के लिए इस जिला के विधायक रणधीर शर्मा, जीतराम कटवाल व त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग तथा जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान समेत कई पदाधिकारी जहां दिल्ली पहुंचे थे, वहीं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। जैसे ही जेपी नड्डा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की तो कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ गया। मोदी सरकार-1 में स्वास्थ्य जैसा बड़ा और महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाल चुके नड्डा को फिर से कैबिनेट में शामिल करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।

भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने कहा कि जेपी नड्डा को मोदी केबिनेट में शामिल किया जाना इस छोटे से पर्वतीय राज्य, विशेष तौर पर बिलासपुर जिला के लिए गर्व की बात है। संगठन में हर दायित्व को बखूबी निभाने वाले जेपी नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में आयुष्मान भारत जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की थीं। बिलासपुर को एम्स जैसा बड़ा स्वास्थ्य संस्थान भी उनके प्रयासों से मिल पाया है।

उनके अध्यक्ष रहते भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यशैली और दूरदर्शिता को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार उन्हें फिर से मंत्रिमंडल में शामिल किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जेपी नड्डा इस नई जिम्मेदारी को भी बेहतरीन ढंग से निभाकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना अहम योगदान देंगे।



भाजपा कार्यालय में जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### 'देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी एनडीए सरकार'



**घुमारवीं।** देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनी है। जहां एक ओर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं तो वहीं उनके मंत्रीमंडल में जगत प्रकाश नड्डा को भी जगह मिली है। जगत प्रकाश नड्डा के केंद्रीय मंत्री बनने पर उनके गृह जिला बिलासपुर के घुमारवी में भी जश्न का माहौल देखने को मिला और घुमारवी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पठाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर एक दूसरे को बधाई दी है। वहीं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं और उनकी कैबिनेट में जेपी नड्डा भी शामिल हुए हैं, जिससे बिलासपुर जिला में खुशी का माहौल है और अगले पांच सालों में एनडीए की सरकार देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का काम करेगी।

# मांगों को लेकर वरिष्ठ नागरिक सभा ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है। ज्ञापन सौंपने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को एक प्रतिनिधिमंडल सभा के महासचिव मस्तराम वर्मा की अध्यक्षता में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर से मिला।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जिला अस्पताल में नियमित रूप से चिकित्सकों की सलाह पर दवा ले रहे मरीजों और वरिष्ठ नागरिकों को लंबे समय अवधि तक दवा लिखी जाएं, क्योंकि आचार संहिता लगने के बाद से जिला अस्पताल के चिकित्सक मरीजों और वरिष्ठ नागरिकों को 10 दिन से अधिक की दवा नहीं लिख रहे हैं। इससे मरीजों को विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को अस्पताल में हर 10 दिन बाद चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सभा ने गुहार लगाई कि पूर्व की भांति महीने या दो महीने की दवा जो डॉक्टर मरीज की हालत के अनुसार लिखा करते थे वह व्यवस्था बहाल किया जाए।

सभा ने यह भी निवेदन किया है कि जिला अस्पताल में एक और एमडी डॉक्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

सभा ने यह भी निवेदन किया है कि नगर परिषद बिलासपुर में नियमित तौर पर कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की जाए। मस्तराम वर्मा ने बताया कि बंबर ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि मुख्यमंत्री से इन मांगों पर चर्चा की जाएगी। अस्पताल में एमडी डॉक्टर की नियुक्ति शीघ्र करवाने का प्रयास भी किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में ओपी गर्ग, ई.मनमोहन भंडारी, कमांडेंट एसएल शर्मा, कमांडेंट नवल किशोर आदि मौजूद रहे।

# बेसहारा पशुओं को बचाने के चक्कर में सड़क से लुढ़की कार

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

शिमला-धर्मशाला नेशनल हाईवे घुमारवीं के डंगार चौक के समीप एक कार अबेसहारा पशुओं को बचाने के लिए चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। गनीमत यह रही कि कार लुढ़ककर झाड़ियों में फंस गई और कार सवार लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई है।

वहीं, स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार पति-पत्नी को गाड़ी से निकाला गया और वह सुरक्षित थे। खबर लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं किया गया था और कार को खाई से निकाला जा रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यासागर गांव बलोटा लिंग अपनी पत्नी को लेकर आर्मी अस्पताल घुमारवीं जा रहे थे कि डंगार चैक के समीप बेसहारा पशुओं और बेसहारा कुत्तों को बचाते हुए कार एचपी 23 ए 6115 अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे लुढ़क कर झाडियों में फंस गई। गनीमत यह रही की सीट बेल्ट लगी होने के कारण किसी को भी कोई चोट नहीं लगी। अगर सड़क के किनारे बैरिकेड्स लगे होते तो यह हादसा नही होता। वहीं, यहां की बात करें तो यहां पर आए दिन डंगार चौक में बेसहारा पशुओं की संख्या बढती जा रही हे और हादसे रुकने का नाम नही ले रहे है। इससे पहले भी अबेसहारा पशुओं की बदौलत कई सड़क हादसे यहां पर हो चुके हैं और लोगों को काफी चोटें भी आई है।

उधर, घुमारवीं डीएसपी चंद्रपाल का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है, हादसे में सवार लोग सुरक्षित हैं।



सड़क से नीचे लुड़की कार का दृश्य।

**सड़क किनारे बैरिकेड्स होते तो नहीं होता यह हादसा**

# सुन्नी में अलंकरण समारोह आयोजित

**सुन्नी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी स्कूल द्वारा एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इस दौरान विद्यालय के हेड गर्ल और हेड बॉय को सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। हेड गर्ल स्नेहा शर्मा और अर्चित शर्मा ने स्कूल के अन्य छात्रों को अपने वक्तव्य में कहा कि पूरे विद्यालय के छात्रों द्वारा हमें चुनाव करके चुना गया है और आपने जो विश्वास हमारे ऊपर किया है हम उसे निभाने की पूरी कोशिश करेंगे और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे तथा विद्यालय के जितने भी कार्य हैं जो हमें जिम्मेदारी के तौर पर दिए जाएंगे हम उन्हें अपना कर्तव्य समझ कर पूरा करने की कोशिश करेंगे। ईमानदारी व निष्ठा तथा सहयोग से ही हम सभी को एक साथ बढ़ाना होगा तथा सभी की समस्याओं का निवारण करने के लिए भी हम प्रयासरत हैं।

तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदन पटेल सदन, नेहरू सदन, टैगोर सदन तथा सुभाष सदन के कैप्टन और वाइस कैप्टन को अध्यापकों द्वारा सैश पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

# पेयजल समस्या व खस्ताहाल टॉयलेट्स से स्टूडेंट्स परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

महाविद्यालय घुमारवीं में एनएसयूआई इकाई व सीएससीए कार्यकारिणी ने महाविद्यालय में टॉयलेट्स व पीने के पानी की जो दयनीय स्थिति है उसके बारे में कॉलेज प्राचार्य रामकृष्ण को अवगत करवाया है।

कॉलेज में बच्चों को पानी की समस्या आ रही हैं और टॉयलेट की स्थिति भी काफी खराब है। कॉजेज प्रशासन को और संबंधित कमेटी को इस बारे ठोस कदम उठाने की जरूरत है अन्यथा स्थिति हाथ से निकलते समय नहीं लगेगा। एनएसयूआई घुमारवीं इकाई ने प्रधानाचार्य को चेतावनी दी है कि हमारी मांगों को माना नहीं जाता है तो हम भूख हड़ताल पर बैठ उग्र आंदोलन व अनशन करेंगे।

इस मौके पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज, पूर्व राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक नितिन चड्डा, सीएससीए अध्यक्षा आकृति, शिवांश, अंकित, रिजुल, सुभम, निखिल, अनिल, अभिषेक आदि छात्र उपस्थित रहे।

**एनएसयूआई ने घुमारवीं कॉलेज प्राचार्य के समक्ष रखी मांगें, पूरी न होने पर दी हड़ताल की चेतावनी**



कॉलेज प्राचार्य को समस्याओं से अवगत करवाते स्टूडेंट्स।

**मेला** | दाबला छिंज मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम

# रजाक ने जीती बड़ी माली



विजेता पहलवानों को सम्मानित करते महावीर अखाड़ा दंगल समिति दाबला के सदस्य, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

महावीर अखाड़ा दंगल समिति दाबला द्वारा छिंज मेले का आयोजन दाबला पंचायत में किया गया। जिसमें हिमाचल, पंजाब, दिल्ली के पहलवानों ने अपना दम खम दिखाए।

यह दंगल अभिषेक सोनी की अध्यक्षता में पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो कि बड़ी ही सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दाबला पंचायत व साथ लगती पंचायत के लोगों ने बढ़-चढ़कर इस दंगल में अपना सहयोग दिया। इस दंगल के मुख्य अतिथि राजपाल शर्मा रहे, जिन्होंने दंगल समिति को 11000 रुपए राशि देकर सम्मानित किया। पहले स्थान पर दाबला केसरी मोहित ने जीती। द्वितीय स्थान पर गौरव रहे।

दूसरी छोटा माली राजेंद्र घुमारवी ने जीती जिन्हें समिति ने 7100 इनाम दिया और सूरज ने द्वितीय स्थान हासिल किया जिन्हें 5100 रुपए इनाम दिया गया। बड़ी माली रजाक मलेरकोटला ने जीती जिन्हें प्रथम पुरस्कार 15000 पर तथा मोंटी दिल्ली द्वितीय पुरस्कार 11000 पर समिति ने दिए। बड़ी माली हिमाचल केसरी शहरी उन्ना ने जीती और द्वितीय पुरस्कार प्रिंस बढ़ाने लिया, जिसमें प्रथम पुरस्कार 15000 और द्वितीय पुरस्कार 11000 रहा।

इस दंगल कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान दीनानाथ शर्मा, उप प्रधान उदित भारद्वाज, महासचिव नितेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, सचिव मनोज शर्मा, हेमराज शर्मा, अंकुश कुमार, शशि शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चुनाव नतीजे आने के कुछ दिन बाद ही हिमाचल में फिर लग गई आचार संहिता

## चुनावी सरगर्मियां हो गईं शुरू; कांग्रेस को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश, भाजपा के आशीष शर्मा मैदान में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों की डुगडुगी बजते ही हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भी यकायक सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। भाजपा तो पहले से ही चुनाव के लिए आशीष शर्मा को प्रत्याशी के रूप में उतार कर तैयारी कर रही थी। लेकिन कांग्रेस के लिए इतनी जल्दी उपचुनाव की यह घोषणा हैरान करने वाली है। क्योंकि कुछ दिन पहले ही लोकसभा और विधानसभा के उपचुनावों की चुनाव आचार संहिता खत्म हुई थी लेकिन अब नई अधिसूचना जारी हो होने से कांग्रेस के लिए सब कुछ जल्दबाजी में करने की स्थिति तैयार हो गई है क्योंकि शुक्रवार से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी अभी तो प्रत्याशी को लेकर भी कांग्रेस को मशक्कत करनी है। क्या पिछले विधानसभा चुनाव में उतारे गए डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा को ही फिर से मैदानी जंग में छोड़ा जाएगा या फिर किसी नए चेहरे की तलाश कांग्रेस को होगी।



भाजपा के संभावित प्रत्याशी आशीष शर्मा।



कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा।

### सीएम की प्रतिष्ठा से जुड़ेगा यह चुनाव

ये सारे सवाल अब कांग्रेसियों के लिए अजीबोगरीब मरहला तैयार कर रहे हैं। कारण यह भी है क्योंकि हमीरपुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला है इसलिए इस सीट को जितना उनके लिए प्रतिष्ठा का सवाल रहेगा अभी कुछ रोज पहले यूपी चुनाव के जो नतीजे निकले हैं उन्हें कांग्रेस को सत्ता की दृष्टि से तो राहत मिल गई है, लेकिन हमीरपुर जिले में भाजपा ने एक सीट जीतकर कांग्रेस के लिए चुनौती तो पेश की है। इस बार लोकसभा के चुनाव साथ नहीं हो रहे। केवल उपचुनाव विधानसभा का ही होना है। इसलिए राजनीतिक रूप में भी चुनावी माहौल अलग तरह का होगा।

### जनबल-धनबल में होगी जंग

हाल ही के चुनाव में तो सीएम-पीएम का नारा खूब जमा था। जनबल-धनबल के बीच में भी आरोपी ने अपना रंग दिखाए हमीरपुर में इनकी कोई कमी रहेगी ऐसा फिलहाल दिखता नहीं है लेकिन भाजपा के लिए एकजुटता का डंका बजाना उसके लिए बड़ी चुनौती रहेगी। कई उपचुनाव इसकी कमी की वजह से पार्टी हार चुकी है। कई बड़े नेताओं की कारगुजारी भी कटघरे में तो खड़ी हुई ही है। दिल्ली दरबार में भी इसकी झलक नेतृत्व ने दिखाने का प्रयास किया है। हालांकि अभी औपचारिक रूप में भाजपा को प्रत्याशी का ऐलान करना है। लेकिन इतना तय है कि आशीष शर्मा ही भाजपा के प्रत्याशी होंगे इन्होंने ऑपरेशन लोटस को लेकर राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय विधायक होने के बावजूद कांग्रेस के विधायकों के साथ भाजपा को वोट किया था और बाद में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। जिस पर फैसला पिछले सप्ताह ही आया है। उसी कारण अब उपचुनाव हो रहा।

### चुनाव आयोग ने जल्दबाजी में लिया फैसला : भारती

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती का कहना है कि अभी तीन दिन पहले हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों की चुनाव आचार संहिता हटी थी और अब फिर से तीन उपचुनाव की घोषणा हो गई है। यह सब कुछ चुनाव आयोग ने जल्दबाजी में ही किया है। पार्टी की बैठक बुलाई जा रही है, जिसमें रणनीति तय की जाएगी। जिला अध्यक्ष का कहना है कि हमीरपुर ब्लॉक कांग्रेस को इसलिए भंग करना पड़ा है क्योंकि इसके अध्यक्ष स्वास्थ्य कारणों से पिछले काफी समय से पार्टी के लिए समय नहीं दे रहे थे। अब प्रदेश नेतृत्व से जो भी नई दिशा-निर्देश होंगे, उसके तहत यहां का अध्यक्ष और कार्यकारिणी बनाई जाएगी। बूथ स्तर पर बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया गया है।

## समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देगा हिमाचल: सीएम

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार दिल्ली सरकार के साथ किए गए समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के बारे में कहा कि इन क्षेत्रों में मतदाओं द्वारा निर्दलीय विधायक चुने गए थे, जो विधानसभा में विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार या विपक्ष का साथ दे सकते थे। बावजूद इसके उन्होंने अपनी सदस्यता को त्यागने का निर्णय किस आधार पर लिया है, यह बात उन्हें जनता के सामने रखनी चाहिए। यह भी देखना होगा कि क्या भाजपा इन पूर्व तीन निर्दलीय विधायकों को अपना उम्मीदवार घोषित करती है या नहीं। उन्होंने कहा कि इन तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता इन पूर्व विधायकों से यह प्रश्न करेंगे कि जब उन्हें पांच वर्षों के लिए अपने क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था तो फिर उन्होंने किन कारणों के चलते राज्य पर उपचुनाव का बोझ डाला गया।



# मोदी 3.0 में पहला फैसला, किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ ट्रांसफर : जयराम

## बोले- प्रदेश में कानून-व्यवस्था गर्त में, सरकार ने लोगों का जीवन भगवान भरोसे छोड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार देश के किसानों, युवाओं, गरीबों और महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले में किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के रूप में लगभग रुपए 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि से 9 करोड़ से अधिक किसानों के देने के निर्णय की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मोदी 3.0 की सरकार इसी तरह से देश के लोगों के विकास के काम करती रहेगी। आने वाले समय में और बड़े फैसले तथा जनहितकारी योजनाएं जमीन पर उतरती दिखाई देंगी। जयराम ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। ऐसी-ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही है जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। एक दिन में तीन -तीन लोगों की बेरहमी से हत्या हो रही है। सरकार, पुलिस और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सुक्खू सरकार ने हिमाचल के लोगों कि जीवन को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। जब से कांग्रेस सत्ता में आई है तभी से अपराधियों के हौसलें बुलंद हैं। एक अपराध पर कार्रवाई न करने से ही अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। इस महीनें फिर से सरकार ने 1200 करोड़ का कर्ज लिया है। इसी वित्तीय वर्ष में सरकार 2900 करोड़ का कर्ज लें चुकी है, जबकि दिसंबर तक कर्ज की लिमिट 6200 करोड़ रुपए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कर्ज लेकर ही सरकार चलेगी।

### मोदी 3.0 सरकार में भारत के विकास की यात्रा पकड़ेगी रफ्तार

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार शपथ लेने एवं केंद्र मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बात केंद्रीय मंत्री बनने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा की भारत के विकास की यात्रा अब तेजी पकड़ेगी, जिस प्राकर से भारत ने अभी तक उन्नति की गाथा लिखी है, वह स्वर्णिम है और आने वाले समय में भी यह जोरदार रहने वाली है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही पहले दिन पीएम किसान योजना की फाइल पर दस्तखत कर दिए हैं। मोदी सरकार ने 17वीं किस्त जारी होने का रास्ता साफ कर दिया है।



### किसानों को दिया बड़ा तोहफा : रणधीर

**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नयना देवी से विधायक रणधीर शर्मा में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा की एनडीए की सरकार जन सेवा के लिए कटिबद्ध है। इसका सबसे बड़ा उद्धारण किसान सम्मान निधि है। रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साउथ ब्लॉक पहुंचे। साउथ ब्लॉक पहुंचे ही तीसरे कार्यकाल का पीएम मोदी ने धमाकेदार आगाज किया। दरअसल तीसरे कार्यकाल के अपने पहले फैसले में पीएम मोदी ने किसान निधि के 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए। इससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में पीएम मोदी सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और काम करेगी।

# चुनाव में हार-जीत होती रहती है, मैं मंडी के लोगों के साथ खड़ा हूं : विक्रमादित्य

## बोले, खरीद-फरोख्त की राजनीति के खिलाफ जनता ने दी चार सीटें



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चुनाव में हार-जीत होती रहती है, लेकिन मैं मंडी के लोगों के साथ खड़ा हूं। हमारे परिवार को मंडी के लोगों ने बहुत प्यार और आशीर्वाद दिया है। हमारे परिवार ने 7 चुनाव में जीत और 3 चुनाव में हार मिली है। यह बात लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि मैं जल्द ही हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करुंगा। भले ही हम लोकसभा चुनाव हार गए, लेकिन प्रदेश की जनता ने खरीद-फरोख्त की राजनीति के खिलाफ अपना जनादेश दिया है, जनता ने हमें 4 सीटें दी है।

### मंडी शहर में 24 घंटे पानी के लिए स्कीम लाई जाएगी

विक्रमादित्य ने कहा कि मंडी सांसद को पूर्ण सहयोग करेंगे, क्योंकि हम विकास में विश्वास रखते हैं। हम मंडी संसदीय क्षेत्र के मुद्दे उठाएंगे, तो मंडी सांसद केंद्र में उन्हें उठाए और क्षेत्र के विकास में पूर्ण सहयोग दे। हिमाचल से जेपी नड्डा मंत्री बने हैं, उनसे भी योजनाओं के लिए पूर्ण सहयोग लिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल में सड़कों के लिए 150 करोड़ रुपए घोषणा की थी, जो राशि अभी मिली नहीं है। मंडी के विकास को लेकर जो मेरी प्राथमिकताएं हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। मंडी शहर में 24 घंटे पानी की सप्लाई के लिए स्कीम लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भूभू जोत टनल, जलोड़ी जोत टनल को लेकर भी प्रयास किए जाएंगे। जलोड़ी जोत टनल के सर्वे के लिए 20 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।

जब भी स्मार्ट सिटी के लिए कोई प्रोजेक्ट आएगा, तो सबसे पहले मंडी के लिए लाया जाएगा। इसके साथ ही सुकेती खड्ड के चैनलाइजेशन के लिए भी काम किया जाएगा। उन्होंने मंडी सांसद से आग्रह करते हुए कहा कि यहां के मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएं, ताकि विकास को गति मिल सके।

# उपचुनाव : नालागढ़ में केएल ठाकुर और हरदीप बावा टिकट की रेस में सबसे आगे

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के बाद अब विधानसभा के उपचुनाव का ऐलान हो गया है। सोमवार को चुनाव आयोग से शेड्यूल जारी होने के बाद से चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, जिसमें से नालागढ़ विधानसभा भी शामिल है। ऐसे में अब एक बार फिर चुनावी माहौल बनता हुआ नजर आ रहा है।

अब भाजपा व कांग्रेस के स्थानीय नेता अपने टिकट की दावेदारी पेश कर रहे हैं और अब जल्द ही हाईकमान की ओर से कांग्रेस व भाजपा से प्रत्याशियों के टिकट फाइनल होंगे। नालागढ़ विधानसभा के उपचुनावों में भाजपा केएल ठाकुर पर दाव खेल सकती हैं, जबकि पूर्व विधायक लखविंद्र राणा का भी विकल्प है। वहीं, कांग्रेस पार्टी के पास हरदीप बावा सबसे मजबूत चेहरा है, जोकि बीते विधानसभा चुनावों में दूसरे स्थान पर रहे थे, जिन्होंने केएल ठाकुर को टक्कर दी थी। हालांकि भाजपा से पूर्व में प्रत्याशी लखविंद्र राणा को करारी हार का सामना करना पड़ा था।



### इसलिए हैं मजबूत दाबेदार

**भाजपा** से टिकट की रेस में सबसे आगे पूर्व विधायक केएल ठाकुर का नाम चल रहा है जिन्होंने बीते विधानसभा चुनाव में आजाद चुनाव लड़ा और 13 हजार के करीब लीड से जीत हासिल की थी। भाजपा से प्रत्याशी रहे लखविंद्र राणा तीसरे स्थान पर रहे थे। कांग्रेस पार्टी से टिकट की रेस में पूर्व में प्रत्याशी रहे हरदीप सिंह बावा का नाम सबसे आगे चल रहा है जो विधानसभा चुनाव में दूसरे स्थान पर थे।

## हरदीप बावा ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

**बीबीएन।** नालागढ़ ब्लॉक कांग्रेस की रविवार को नालागढ़ में समीक्षा बैठक हुई। बैठक पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा की अगुवाई में हुई। हरदीप बावा ने लोकसभा चुनाव में दौरान बूथ के सभी कार्यकर्ताओं से फीडबैक ली और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को किस तरह से मजबूत किया जा सकता है, उसे लेकर पार्टी वर्कर्स में जोश भरा। लोकसभा चुनाव में नालागढ़ से 25 हजार की लीड को तोड़ने पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी लहर के बावजूद इतनी बड़ी लीड को कम करना भी बड़ी बात है। सभी कार्यकर्ताओं ने हरदीप बावा को आश्वासन दिया की आने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से लीड दिलाकर जीत दिलाई जाएगी।

## पंचायत सिकरोहा के चंदपुर में बुजुर्ग दंपती की हत्या का मामला

# पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई डबल मर्डर मिस्ट्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बरमाणा थाना के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सिकरोहा के चंदपुर गांव में बुजुर्ग दंपती की हत्या मामले में तीन आरोपियों को बिलासपुर पुलिस ने महज 24 घंटों में ही पकड़ लिया है। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के इरादे से घर में घुसे तीन आरोपियों ने चोरी के साथ बुजुर्ग पति-पत्नी की भी हत्या कर दी थी। बिलासपुर पुलिस की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ जांच-पड़ताल की और मुख्य आरोपियों तक 24 घंटे के भीतर पहुंच गई। हैरान करने की बात यह है कि पकड़े गए दो आरोपी बिलासपुर और एक अर्की उपमंडल का रहने वाला है और वे यहां पर लूटपाट करने की वारदात को अंजाम देने की काफी समय से प्लानिंग बना रहे थे।



अनंत ज्ञान फॉलोअप

उधर, बिलासपुर एसपी विवेक चहल का कहना है कि इस हत्या मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इन आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है।

### तीन युवकों को किया गिरफ्तार, दो बिलासपुर और एक अर्की का

### डीएसपी मदन धीमान ने निभाई अहम भूमिका

**इस** सारे मामले की जांच डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान कर रहे थे। उन्होंने नम्होल चौकी और बरमाणा थाना की टीम के साथ पूरी प्लानिंग तैयार करके आरोपियों को 24 घंटे के भीतर पकड़ लिया है।

## महेंद्र धर्माणी ने जेपी नड्डा को दी बधाई

**घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल व विशेष कर बिलासपुर के लिए यह गर्व की बात है कि जगत प्रकाश नड्डा को मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। उनके मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा और देश दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा।



# अनेक दलों के साथ गठबंधन बनाकर सत्तासीन हुए मोदी : इंदु

**अनंत ज्ञान, बंजार**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल का नेता चुनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में नीतीश कुमार और चंद्र बाबू नायडू का सहारा लेकर नरेंद्र मोदी ने सरकार बनाई है, जो अनेकों दलों के साथ जोड़-तोड़ कर सत्तासीन हुए हैं और कांग्रेस ने विपक्ष को चुना है अर्थात सेवाभाव के साथ जनता की आवाज बनना पसंद किया है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसे सत्ता की भूख है। प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर तो कहते हैं, लेकिन आपदा में कोई मदद नहीं की। शपथ लेने के साथ ही हिमाचल से भेदभाव शुरू हुआ, जीते हुए चारों सांसदों को दरकिनार कर अपने करीबी जेपी नड्डा को मंत्रिमंडल में शामिल किया, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को स्थान नहीं दिया। एक ओर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हर मंच से गांधी परिवार को निशाना बनाते हैं तो दूसरी तरफ मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उनकी तुलना प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से कर रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि नेहरू होने के लिए नेहरू जैसी उदारता भी मन में होनी चाहिए। इतिहास ग्वाह है कि पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू ने अपने मंत्रिमंडल में विपक्षी नेताओं को भी शामिल किया था। वह सामाजिक सौहार्द और गुटनिरपेक्ष नीति का अक्षरक्ष: पालन करते थे।

### सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल का नेता चुनने पर दी हार्दिक बधाई

उन्होंने कहा है कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में 2004 से 2014 तक अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं मनमोहन सिंह सरकार ने धरातल पर उतार कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया था। इनमें मनरेगा, आंगनबाड़ी केंद्रों के तहत हर मातृ, शिशु को पोषाहार, स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु आशा वर्कर की गांवों में नियुक्ति, पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ किया। सामाजिक न्याय विभाग में विधवा, बेसहारा और दिव्यांग महिला पुरुषों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन और रोजगार में इन्हें प्राथमिकता देने का कार्य किया। पैरा टीचर, पीटीए शिक्षकों, एसएमसी शिक्षकों की नियुक्ति कर गांव गांव में शिक्षा की अलख जगाई। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में रोहतांग टनल, ईएसआई नेरचौक, आईआईटी कमांद, आईनिफड कांगड़ा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला सहित अनेकों कालेज, मेडिकल कालेज खोले गए और हिमाचल प्रदेश पर्यटन हब के साथ साथ शिक्षा हब के रूप में भी विकसित हुआ।

**सियासत** केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने में हिमाचल प्रदेश के दिग्गज नेता का रहा अहम योगदान

# मोदी सरकार को बचाने वाले नड्डा को मिला मंत्री पद का तोहफा

**शुभम राही, बिलासपुर**

2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को लुढ़कने से बचाने वाले जेपी नड्डा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफा दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर होने के बाद अब जेपी नड्डा मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर होंगे। हालांकि अभी तक मंत्रालय फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन मोदी सरकार में उन्होंने एक बार फिर से मंत्री पद की शपथ राष्ट्रपति भवन से ली है।

### हिमाचल के एक छोटे से जिले बिलासपुर का बढ़ाया मान और सम्मान

400 पार के नारे से आगे बढ़ी मोदी सरकार को इस बार काफी नुकसान भी झेलना पड़ा और कुछ विश्वसनीय संसदीय सीटों पर भी हार कर सामना करने के बावजूद मोदी सरकार को जेपी नड्डा ने लुढ़कने नहीं दिया और अंततः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री एक बार फिर से बनाने के लिए जेपी नड्डा की संगठन में अहम भूमिका भी मानी जा रही है, क्योंकि जेपी नड्डा के हिमाचल दौरे व अन्य राज्यों में चुनावी रैलियां आयोजित करके जेपी नड्डा ने पूरी तरह से राजनीतिक माहौल को भी बदला है। यह भी कहा जा सकता है कि जेपी नड्डा पूरी तरह से स्थितियों को भांप लेने के बाद अगला दांव पेंच खेलते आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां पर कांग्रेस कुछ सीटों पर पूरी तरह से विश्वसनीयता के साथ अपनी जीत को मान रही थी, लेकिन जेपी नड्डा ने सिर्फ और सिर्फ उन्हीं सीटों पर फोकस करके उन क्षेत्रों में जनसभाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाएं आयोजित करवाकर पूरी तरह से माहौल बदल दिया और भाजपा ने चारों सीटों पर विजयी हासिल करते हुए भाजपा को प्रदेश में बढ़त दिलाई। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के कंदरौर से एक छोटे से धरने-प्रदर्शन को लीड करने वाले जेपी नड्डा ने हालांकि उसी समय अपने मंसूबे साफ कर दिए थे, लेकिन जिला और प्रदेश की राजनीति से उन्होंने बड़े सबक सीखे तथा उन्हीं को अमलीजामा पहनाते हुए आज इस मुकाम को छूने में सफल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल को दे चुके हैं बड़ी-बड़ी सौगातें

**केंद्रीय** सरकार में देश का स्वास्थ्य मंत्रालय सफलता से संभाल चुके जेपी नड्डा ने प्रदेश को बहुत बड़ी सौगातें प्रदान कर हिमाचल का नाम अग्रणी राज्यों में शुमार करवाया। बिलासपुर में एम्स प्रोजेक्ट इसका एक उदाहरण है। बिलासपुर के छोटे से गांव विजयपुर के निवासी जगत प्रकाश नड्डा ने छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की तथा स्वयं को केंद्रीय राजनीति तक पहुंचाने के लिए जेपी नड्डा की मेहनत की तूती सहज ही बोलती है। इसे गुणी और प्रतिभावान जगत प्रकाश नड्डा की दूरदर्शी सोच ही कहा जाएगा कि देश की राजनीति में न सिर्फ एक अलग पहचान बनाकर मुकाम हासिल किया, बल्कि बिलासपुर जैसे छोटे से जिले का भी राष्ट्रीय स्तर पर नाम चमकाया।

### दो बार विधायक रहे, मंत्री भी बने

**जगत** प्रकाश नड्डा का जन्म 2 दिसंबर 1960 में पटना, बिहार में हुआ था। नड्डा मूलरूप से हिमाचल के बिलासपुर से संबंध रखते है। इनके पिता नारायण लाल नड्डा पटना विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और बाद में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति बने। जेपी नड्डा 1993 में पहली बार बिलासपुर से विधायक चुने गए। वह 2007 से 2012 तक बिलासपुर से विधायक रहे। 1998 से 2003 तक हिमाचल सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और संसदीय मामलों के मंत्री रहे। दूसरी बार विधायक बनने पर 2008 से 2010 तक वह प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री भी रहे। उसके बाद भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में आ गए। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे। 2012 और 2018 में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा। 2014 से 2019 तक पहले मोदी मंत्रिमंडल में उन्हें केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के संसदीय बोर्ड का सचिव बनाया गया। 17 जून 2019 में नड्डा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। 20 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। मौजूदा समय में नड्डा गुजरात से राज्यसभा सांसद हैं।



### एचपीयू में छात्र संघ के पहले अध्यक्ष

**जेपी** नड्डा पढ़ाई, खेल व राजनीति के अलावा अन्य क्षेत्र में भी आगे रहे हैं। कभी अपने विश्वविद्यालय के धावक रहे नड्डा अब राजनीति में भी आगे निकल गए हैं। उन्होंने विद्यार्थी परिषद के पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में भी कार्य किया है। एलएलबी की पढ़ाई करते हुए हिमाचल विश्वविद्यालय में एबीवीपी से छात्र संघ के पहले निर्वाचित अध्यक्ष बने। एक तरह से एबीवीपी का बूटा ही नड्डा ने एचपीयू कैंपस में लगाया। नड्डा के राष्ट्रीय राजनीति में हर वरिष्ठ व कनिष्ठ नेता के साथ मधुर संबंध रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, राजनाथ सिंह, लाल कृष्ण आडवानी, सुषमा स्वराज, नितिन गडकरी, अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी की कसौटियों पर जेपी नड्डा खरे उतरे हैं। वह देवी मां के भी अनन्य भक्त हैं। बिलासपुर नगर के धौलरा मंदिर में हर साल होने वाली दुर्गा पूजा में जेपी नड्डा की परिवार सहित उपस्थिति जरूरी होती है। नड्डा का कार्यक्रम जितना भी व्यस्त क्यों न हो वे इस दुर्गा पूजा में अपनी हाजिरी लगाना नहीं भूलते। इस उपलब्धि के पीछे कदम कदम पर उनका साथ देने वाली उनकी धर्मपत्नी डॉ. मल्लिका नड्डा की तपस्या का ही परिणाम है।

### बचपन से ही जुझारू रहे हैं जेपी नड्डा

**नड्डा** की संघर्षशील राजनीति पर हल्की सी नजर डाली जाए तो पता चलता है कि बचपन से ही संघर्षशील एवं जुझारू नेता नड्डा के सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करवाने के लिए छेड़ी गई मुहिम में उन्हें 45 दिन जेल की हवा भी खाई। यही नहीं विस्थापितों के कब्जों पर जब भी बुल्डोजर चलता था तो गिरफ्तारी देने में नड्डा अग्रणी पंक्ति में नजर आते थे। नड्डा हिमाचल प्रदेश से केंद्र में पहले स्वास्थ्य मंत्री बने हैं, जबकि बिलासपुर के पहले कैबिनेट मंत्री। बिलासपुर का मान बढ़ने वाले जगत प्रकाश नड्डा की राह में चुनौतियां ही चुनौतियां रहीं, लेकिन वह कभी नाउम्मीद नहीं हुए। बाहरी और भीतर के विरोधियों की मार झेलने के बावजूद नड्डा अपने लक्ष्य से नहीं भटके और आज अब परिणाम सबके सामने हैं। जेपी नड्डा ने कभी द्वेष भावना से काम नहीं किया और न ही ऐसी ओच्छी राजनीति में अपनी सोच और समय को बर्बाद किया। सभी का अच्छा करने के लिए तत्पर रहने वाले जेपी नड्डा की शान में कसीदे पढ़ना आज सभी की मजबूरी भी बन गई है।

संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि। यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम्।।

**भावार्थ:** युद्ध के मैदान में किंकर्तव्यविमूढ़ अर्जुन श्रीकृष्ण से कहते हैं कि हे कृष्ण! आपने पहले मुझे कर्म संन्यास के महत्त्व के बारे में बताया फिर आपने मुझसे भक्तिपूर्वक कर्मों के करने का वर्णन किया। अब आप ही मुझे बताए कि इन दोनों कर्म मार्गों में कौन सा मार्ग अधिक श्रेष्ठ है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 11 जून 2024

# पापों का नाश करने वाली श्रीगंगा मैया

**श्री गंगा दशहरा पर विशेष**

**ज्येष्ठ** माह की शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस वर्ष गंगा दशहरा 16 जून को मनाया जाएगा। स्कंदपुराण में कहा गया है कि गंगा दशहरे के दिन व्यक्ति को स्नान, ध्यान तथा दान करना चाहिए। इससे वह अपने सभी पापों से मुक्ति पाता है। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी को संवत्सर का मुख कहा गया है, इसलिए इस इस दिन दान और स्नान का ही अत्यधिक महत्व है। वराह पुराण के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी, बुधवार के दिन, हस्त नक्षत्र में गंगा स्वर्ग से धरती पर आई थी। इस पवित्र नदी में स्नान करने से दस प्रकार के पाप नष्ट होते हैं। भगीरथ की तपस्या के बाद जब गंगा माता धरती पर आती हैं उस दिन ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी थी। गंगा माता के धरती पर अवतरण के दिन को ही गंगा दशहरा के नाम से पूजा जाना जाने लगा। गंगा दशहरे के दिन श्रद्धालु जन जिस भी वस्तु का दान करें उनकी संख्या दस होनी चाहिए और जिस वस्तु से भी पूजन करें उनकी संख्या भी दस ही होनी चाहिए। ऐसा करने से शुभ फलों में और अधिक वृद्धि होती है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा स्नान करने से व्यक्ति के दस प्रकार के पापों का नाश होता है। इन दस पापों में तीन पाप कायिक, चार पाप वाचिक और तीन पाप मानसिक होते हैं। इन सभी से व्यक्ति को मुक्ति मिलती है।




## गंगाजी की कथा



अश्वमेध यज्ञ के समय अयोध्या नरेश राजा सगर के साठ हजार पुत्र महर्षि कपिल के शाप से भस्म हो गए। उनके कल्याण के लिए राजा सगर, उनके बाद अंशुमान और फिर महाराज दिलीप तीनों ने मृत आत्माओं की मुक्ति के लिए घोर तपस्या की, ताकि वह गंगा को धरती पर ला सकें, किंतु सफल नहीं हो पाए। महाराज दिलीप के पुत्र भगीरथ हुए उन्होंने गंगा को धरती पर लाने के लिए घोर तपस्या की और एक दिन ब्रह्माजी उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और भगीरथ को वर मांगने के लिए कहा, तब भागीरथ ने गंगाजी को अपने साथ धरती पर ले जाने की बात कही जिससे वह अपने साठ हजार पूर्वजों की मुक्ति कर सकें। तब गंगाजी के तीव्र वेग को सहन करने के लिए भागीरथ भगवान शिव की तपस्या करने लगे। भगवान शिव भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर गंगाजी को अपनी जटाओं में रोकने को तैयार हो जाते हैं। गंगा को अपनी जटाओं में रोककर एक जटा को पृथ्वी की ओर छोड़ देते हैं। तत्पश्चात भगीरथ अपने पूर्वजों को मुक्ति दिलाते हैं।

# मारकेश दोष क्या है और इसके उपाय



मारकेश दोष के विषय में अगर आपको जानना है तो पहले कुंडली के दूसरे, सातवें, अष्टम और दसवें व बारहवें भाव को समझना जरूरी होता है। यह भाव मारकेश कहलाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में कुंडली के आठवें भाव से आयु का पता किया जाता है।

ज्योतिष गणनाओं के अनुसार तीसरे स्थान (घर) को भी आयु का स्थान माना जाता है। सप्तम और द्वितीय भाव को मृत्यु स्थान या मारक स्थान कहते हैं। जन्म कुंडली में 12वां भाव व्यय भाव होता है। इस भाव से रोगों का अध्ययन भी किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मारकेश का अर्थ मृत्यु तुल्य बताया गया है। यानी जन्म कुंडली में जो ग्रह मृत्यु या मृत्यु के समान कष्ट दें उन्हें मारकेश कहते हैं। यह योग मारक होता है।

जन्म कुंडली का सामयिक विश्लेषण करने के पश्चात ही यह पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति की जीवन अवधि अल्प, मध्यम अथवा दीर्घ है। इस विषय में राम रक्षा स्त्रोत, महामृत्युंजय मंत्र, लग्नेश और राशि के मंत्रों का संकल्प सहित नियम बद्ध अनुष्ठान और गायत्री मंत्रों द्वारा आयु में कुछ वृद्धि की जा सकती है। साथ ही हर राशि के हिसाब से भी अलग-अलग उपाय किए जाते हैं। मारक ग्रहों की दशा में सबसे लाभप्रद भगवान शिव की आराधना है। इससे कष्ट कम होते हैं। साथ ही महामृत्युंजय मंत्र का जप करना चाहिए। महामृत्युंजय मंत्र इस प्रकार हैः ॐ हौं ॐ जूं ॐ सः भूर्भुवः स्वः त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्द्धनम् उर्वारूकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ जूं सः हौं ॐ।।

–अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

**धूमावती जयंती 14 जून**

# ... जब भगवान शिव को निगल जाती हैं देवी धूमावती



**दस** महाविद्याओं में से एक मां धूमावती की जयंती इस बार 14 जून को मनाई जाएगी। धूमावती देवी के दर्शन से पुत्र और पति की रक्षा होती है। पुराणों में कहा गया है कि एक बार मां धूमावती अपनी क्षुधा शांत करने के लिए भगवान शिव के पास जाती हैं, लेकिन भगवान शिव समाधि में लीन होते थे। धूमावती मां बार-बार आग्रह करती है, जिस पर भगवान शिव देवी से इंतजार करने को कहते हैं, बहुत समय व्यतीत होने पर देवी भूख से व्याकुल हो जाती हैं, ऐसे में देवी भगवान शिव को निगल लेती हैं।

भगवान शिव के गले में विष होने के कारण माता का शरीर धुएं के आगोश में आ जाता है और उनका स्वरूप विकृत शृंगार विहीन हो जाता है। इस पर भगवान शिव कहते हैं कि देवी आज से तुम्हारा नाम धूमावती होगा। तुमने जब मुझे निगल लिया तब तुम विधवा हो गई इस हेतु तुम इस वेश में पूजी जाओगी और दस महाविद्यायों में तुम्हारा भी पूजन होगा। देवी धूमावती का वाहन कौवा है और इनका स्वरूप बड़ा ही भयंकर है, लेकिन संतान के लिए इसे कल्याणकारी माना गया है। रुक्ष और उन्मुक्त केश और श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हैं। हाथ में शूर्पधारण किया हुआ है। इनके धरण मात्र से कामनाओं की पूर्ति होती है। पापियों को दंडित करने के लिए ही देवी ने अपनी माया से धूमावती अवतार धारण किया है। बड़े बड़े तपस्वियों ऋषि दुर्वासा, भृगु, परशुराम आदि ने देवी धूमावती की आराधना की है। कहा जाता है कि देवी भय कारक और कलह प्रिय हैं। पूरे देशभर में इनकी जयंती मनाई जाती है।

–अनिरुद्ध भटोऊ, नौबाही।

# जीवन में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार



**जीवन** में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है जिसका मूल उद्देश्य संतान प्राप्ति है क्योंकि संतान जीवन के आगे का चक्र है जो आपके कुल को आगे बढ़ाता है। संतान कैसी होगी, क्या वह माता-पिता को सुख प्रदान करेगी या कष्ट देगी। वास्तव में संतान के रूप में आपके पूर्ण जन्म के ऋणी जातक जन्म लेते हैं। यदि आपका ऋण उस पर है तो संतान आपको सुख देगी, आपकी सेवा करेगी आपके लिए जीवन समर्पित कर देगी। यदि आप संतान के ऋणी है तो आपको जीवन भर संतान के लिए करना होगा उससे कष्ट भी प्राप्त होंगे। कई जातकों के विवाह उपरांत वर्षों तक संतान नहीं होती, आपको सुख मिलेगा या नहीं। विलंब से संतान के योग प्रस्तुत लेख में दिए जा रहे हैं। संतान सुख सलिंब, संतान प्राप्ति संख्या, संतति हीनता, संतान की मृत्यु, जारससंतान, दामीजात संतान, पुर्भूजात संतान तथा दत्तक पुत्र संबंधी विभिन्न योग जन्म पत्रिका में विद्यमान होते हैं, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं।

## संतति योग सुख



–विभा शर्मा, जोगिंद्रनगर।

पंचम भाव पंचमेश तथा गुरु शुभ ग्रह से दृष्ट अथवा युक्त हो तो संतान का सुख होता है। बली गुरु लग्नेश द्वार दृष्ट हो तो प्रबल में संतान योग होता है। लग्नेश तथा नवमेश दोनों ही सप्तमस्थ त हो तो संतान योग होता है। पंचमेश चतुर्थ भाव में हो तो, पहली संतान कन्या होती है। द्वितीयेश लग्नस्थ हो तो संतान योग होता है। लग्न अथवा द्वितीय भाव में चंद्रमा, मंगल और शुक्र अलग-अलग अथवा एकत्र हों तो पहली संतान पुत्र होता है। पंचमेश द्वितीय में अथवा अष्टम भाव में हो तो कन्या अधिक होती है। कर्क राशि का चंद्रमा पंचम भाव में हो, तो अल्प संतति योग होता है। पंचम भाव में वृषभ राशि का चंद्रमा शुक्र में वर्ग में हो अथवा चंद्रमा शुक्र से युक्त हो तो बहुत से पुत्र होते हैं। पंचम भाव में शनि हो, तो दूसरा विवाह करने से संतति प्राप्त होती है। पंचम भाव अथवा एकादश भाव में बुध, शुक्र अथवा चंद्रमा तीनों में से कोई ग्रह हो तो कन्याएं अधिक होती हैं। पंचमेश के नवांश का स्वामी शुभ ग्रह से युक्त अथवा द्रुष्ट हो, तो संतति योग होता है। लग्नेश तथा पंचमेश लग्न, चतुर्थ सप्तम अथवा दशम भाव में हो, तो संतति सुख होता है।

## विलंब से संतान सुख के योग

पंचम भाव में सभी पाप ग्रह अथवा दशम भाव में सभी शुभ ग्रह स्थित हो तो संतान विलंब से होती है। सूर्य, मंगल और राहु पंचम भाव में हो तो संतान विलंब से होती है। लग्नेश, पंचम और द्वादश भाव में हो तो संतान विलंब से होती है। पाप ग्रह अथवा गुरु चतुर्थ अथवा पंचम भाव में तथा अष्टम भाव में चंद्रमा हो तो 30 वर्ष की आयु में संतान सुख मिलता है। पाप ग्रह की राशि लग्न में पाप ग्रह से युक्त हो सूर्य निर्बल हो तथा मंगल वृषभ, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर अथवा मीन राशि में हो तो 30 वर्ष की आयु के बाद संतान होती है। गुरु पंचम भाव में हो अथवा पंचमेश शुक्र से युक्त हो तो 32 वर्ष अथवा इसके बाद पुत्र संतति की प्राप्ति होती है। गुरु नवम भाव में हो अथवा गुरु से नवम भाव में शुक्र लग्नेश से युक्त हो, तो 40 वर्ष की आयु में पुत्र संतति होती है। राहु एकादश भाव में हो, तो वृद्धावस्था में पुत्र होता है। पंचमेश नीच राशि में, लग्न मेष लग्न में तथा बुध और केतु पंचम भाव में हो तो कष्ट से पुत्र की प्राप्ति होती है। पंचम भाव में केतु बैठा हो, तो विलंब से संतान प्राप्त होती है। ऐसा अन्य ग्रहों की शुभ स्थिति होने पर ही संभव है अन्यथा केतु संतानहीन बनाता है।

# ...जब बंजारा नौ बाहों वाली कन्या के तेज को देखकर हुआ मूर्छित

## आदि काल से गुप्त अध्ययन केंद्र रहा नौबाही तीर्थ स्थल

**हिमालय** की गोद में बसा यह पौराणिक स्थल युगों-युगों से अपना महत्व बनाए हुए है। यह स्थान कैलाश पर्वत के दामन में जिला मंडी सरकाघाट तहसील के नौबाही क्षेत्र में स्थित है। यह स्थल स्थिति और अवशेषों के आधार पर अपना प्रत्यक्ष प्रमाण देता है। दक्ष प्रजापति के यज्ञ के समय जब शिव व शक्ति को निमंत्रण नहीं दिया गया, तो शक्ति ने अपने शरीर को उसी यज्ञ को समर्पित कर दिया। इस पर शिव क्रोधित हुए और उस शरीर को उठा कर ब्रह्मांड में विचरण करने लगे। उस समय सब लोकों का तापमान बढ़ने लगा। इसी समय भगवान विष्णु ने अपना सुदर्शन चक्र चलाया और शक्ति के शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए, जब माता शक्ति के शरीर के 52 खंड पृथ्वी लोक पर गिरे। बाईं तरफ की नौबाही नौबाही स्थल में गिरी, तब से यहां नौ देवियां एक साथ विराजमान हैं। पांडवों ने भी यहां पर कुछ समय बिताया था। उन्होंने एक तालाब का निर्माण भी किया। यह क्षेत्र गुप्त अध्ययन केंद्र भी रहा है। यहां वेदों का पठन पाठन भी होता था। गुप्त शक्तिपीठ होने के कारण इस क्षेत्र का प्रचार प्रसार नहीं किया जाता था। ऋषि वशिष्ठ के शिष्य तालाब से सहस्त्र कमल लेकर भगवान शिव की सहस्त्र नामों से पूजा करते थे। यहां 16 शिव मंदिर थे, जिनमें अति प्राचीन शिवलिंग स्थापित थे। इसके साथ ही 9 देवी मंदिर भी थे। पूरे उत्तर भारत में एक ही पत्थर के 2 बड़े आमलक यहां बंजारा की कथा से पहले भी मंदिर होने का प्रमाण देते हैं। पूर्व काल में (इस क्षेत्र में शासन नाम से जमीन है जिस पर खेती कर) 60 प्रतिशत, जिसे स्थानीय भाषा में शठु कहते है, उपज का भाग देकर स्थानीय लोग मंदिर का संचालन करते थे। 80 वर्ष पहले एक खंडित मूर्ति देवी की कांडापत्तन में प्रेमनाथ बाबा ने प्रवाहित करवा दी थी। वह मूर्ति भी माता नौबाही देवी की मूर्ति जैसी ही थी।



### कलयुग में देवी का अवतरण

कलयुग से पहले भी आदि शक्ति यहां विराजमान थी, लेकिन कालांतर में कई परिवर्तन हुए फिर देवी ने कलयुग में फिर अपने यहां होने का प्रमाण दिया। एक दंत कथा के अनुसार यहां से बंजारा गुजर रहा था कि उसे दो बार आवाज सुनाई दी, जब वह रुका तो एक कन्या वट वृक्ष के नीचे खड़ी थी, उसने कहां मिंजो भी बंगा पनाई देआ। इस पर बंजारा चूड़ियां पहनाने लगा तो एक के बाद एक बाजू आगे करके माता ने बाईं तरफ के नौ बाजू आगे किए। हैरानी से बंजारे ने कन्या के मुंह की तरफ देखा, तो मां के तेज को सहन नहीं कर सका और मूर्छित हो गया, फिर माता ने उसे तीन मुट्ठियां छोटे-छोटे पत्थरों की दी। उसने वहां से भागने की कोशिश की और उन पत्थरों को थोड़ी-थोड़ी दूर फेंक दिया, जब वह घर पहुंचकर सोने लगा और अपनी कमीज उतारी और बचे हुए पत्थर जब जेब से निकाले तो वह हीरे व मोती में परिवर्तित हो गए थे, फिर वह पछताया।

### त्रेतायुग की कथा

त्रेतायुग में ऋषि वशिष्ठ के शिष्य शास्त्रार्थ करने के लिए नौबाही देवी क्षेत्र में आते थे। यहां पौराणिक ग्रंथों का एक संग्रहालय भी हुआ करता था, जिस कारण इस क्षेत्र को संग्रोह के नाम से भी जाना जाता रहा है। यह गुप्त तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात रहा है और यहां केवल ऋषि मुनियों के रुकने का ही स्थान था। ठौर गांव में साधुओं की जमात लगी रहती थी। मतेहड़ी मठ में विद्यार्थी शास्त्रों का अध्ययन करते थे। मंडी गजट में भी संगरोह नाम का जिक्र किया गया है। सरकारी अव्यवस्था के आलम के बीच नौबाही देवी मंदिर का आदि काल का इतिहास गर्भ में चला गया है।


### नहीं पड़ी यूनेस्को की नजर

इतनी अधिक प्राचीनता होने के बाद भी सरकाघाट प्रशासन ने विश्व धरोहर 2 अति प्राचीन आमलकों को सड़क किनारे जमीन में दबाने दिया है। इतने बड़े आमलक यूनेस्को के अधीन कांगड़ा किला में भी नहीं हैं, जो इससे छोटे हैं। समाजशास्त्रियों शिवराम, जगदीश, इतिहास वेता मास्टर मोहन लाल, अनिल भटोउ ने इस पर कई लेख लिखे हैं। लोगों ने आमलकों की अनदेखी पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आमलक जमीन से निकालते समय थोड़े भी टूटे तो सरकाघाट प्रशासन के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया जाएगा।

### 1678 ई. में औरंगजेब भी हार गया था

1678 ई. में औरंगजेब के आदेश पर यहां नौ देवियों तथा 11 शिव मंदिर, दो गुग्गा मंदिर को भी नष्ट कर दिया था लेकिन नौबाही माता मंदिर को नष्ट नहीं कर पाए थे। भ्रमरी सेना ने उनकी राह रोकी थी, भ्रमरी सेना ने सारी सेना को काट खाया, कहते हैं उन सैनिकों की मात्र हड्डियां ही शेष रही थी।

–अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।




### जब आकाश से होने लगी पत्थरों की बरसात

**1009 ई.** में महमूद गजनवी की सेना जब मंदिर लूटने के लिए आगे बढ़ी तो देवी ने भमरी सेना (भौरे) और आकाश से काले गोले पत्थर बरसाए, जिससे गजनवी के हजारों सैनिक मारे गए। आज भी वैसा एक गोला मंदिर में मौजूद है, जिसकी शिवलिंग के रूप में पूजा होती है। दूसरा गोला दो मील दूर हमीरपुर की सीमा कक्कड़ में सड़क के पास पीपल के पेड़ के नीचे मौजूद है। गजनवी की सेना को यहां तक भगा-भगा कर मारा था। लगभग 80 वर्ष पूर्व यहां 2 गुग्गा मंदिर थे, जिसकी एक खंडित प्रतिमा आज भी मौजूद है। इस क्षेत्र के आसपास यदि खुदाई करवाई जाए तो कई प्रमाण, मूर्तियां आदि मिलेंगी, जहां स्कूल बनाया गया है वहां 250 वर्ष पहले काली व महिषाशुरमर्दिनी देवी का विशाल मंदिर था, जिसमें अष्टधातु की मूर्तियां स्थापित थी।

### आज भी पत्थर की शिला बना है जाख

**रिवालसर** झील के देवता ने अपने सेवक जाख को कहा कि मैं नौबाही जाना चाहता हूं। क्षेत्र को देख कर ब्रह्म मुहूर्त से पहले आ जाना। जाख समय रहते नहीं लौटा और पत्थर की शिला बन गया जिसे आज भी देखा जा सकता है। आज से लगभग 70-80 वर्ष पहले यहां घना जंगल होता था, जिसमें अनेक प्रकार के पेड़-पौधे होते थे व इस वन में असंख्य उल्लू रहते थे। एक बार प्रेम नाथ बाबा यहां तपस्या कर रहे थे, तो उल्लू उन्हें डराने लगे इस पर बाबा ने उन्हें श्राप दे दिया और वहां से इनका अस्तित्व ही खत्म हो गया।

# बहुमूल्य शिक्षाओं और उपदेशों के लिए जाने जाते हैं साईं टेऊंराम



**साईं** टेऊंराम जयंती पूरे भारत में हिंदू समुदाय द्वारा बड़ी श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाई जाती है। इस बार इनकी जयंती 11 जून को मनाई जाएगी। महान संत को प्यार से साईं कहा जाता है। अपनी बहुमूल्य शिक्षाओं और उपदेशों के लिए जाने जाने वाले रहस्यवादी संत हिंदुओं की समृद्धि के लिए उनकी सेवा करने के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं।

लोग सत्संग और भजन जैसे विभिन्न आयोजन करके साईं टेऊंराम द्वारा की गई महान सेवा को अत्यंत सम्मान के साथ याद करते हैं। अपने नियमित आध्यात्मिक उपदेशों के लिए भी जाने जाने वाले, महान हिंदू संत को उनके जीवन जीने के तरीके के कारण बहुत सम्मान दिया जाता है। साईं टेऊंराम को मानवीय मूल्यों को अधिकतम सीमा तक फैलाने के मामले में एक महान व्यक्ति माना जाता है। इसी कारण से इस अत्यंत पूजनीय संत को वैश्विक प्रसिद्धि प्राप्त हुई।

संत ने अनेक ऐसे कार्य किए हैं जिन्हें याद रखना कठिन है। अपने पूरे जीवन में साईं टेऊंराम ने आध्यात्मिकता का प्रसार किया, जिसके कारण लोग बेहतर तरीके से आचरण करने में सक्षम हुए। सतगुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज उनके पोते हैं, जिन्हें गुरु का दर्जा प्राप्त हुआ क्योंकि साईं टेऊंराम लोगों को अत्यधिक प्रभावशाली तरीके से प्रभावित करने में सक्षम थे। उनका नाम हिंदू संस्कृति का इतना पर्याय है कि अधिकांश भजन और धार्मिक ग्रंथों में संत के बारे में विशेष उल्लेख मिलता है। संत के जीवन को करीब से देखने से लोगों के लिए समझना और मानव जाति की सेवा के लिए खुद को समर्पित करके सामान्य जीवन जीना संभव हो जाएगा। साईं टेऊंराम को जाति और धर्म से परे लोगों के बीच एकता फैलाने के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है।

### भव्य समारोह

सतगुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज आज भी अपने दादा साईं टेऊंराम का जन्मदिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। इस दिन लोग शपथ लेते हैं कि वे साईं द्वारा दिखाए गए जीवन के आदर्श मार्ग पर चलेंगे। हर कोई दान-पुण्य के कार्यक्रमों में शामिल होता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को मिठाई बांटी जाए। वास्तव में, दुनिया भर के हिंदुओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी के साथ उत्सव एक नए मुकाम पर पहुंचता है। हालांकि, यह अवसर भारत में एक विशेष अवसर का संकेत देता है, जिसमें संत को हर कोई याद करता है।

–वॉबी गोस्वामी, चामुंडा

## न्यूज ब्रीफ

### विजय बने मुंडखर स्कूल में एसएमसी के अध्यक्ष

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में नए एसएमसी चुनाव आयोजित किए गए, जिसमें विजय कुमार को सर्वसम्मति से 3 वर्ष के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही कमल कुमार, रंजिता देवी, बंदना कुमारी, ज्ञान चंद, बंदन कुमार, सनिल, रेखा देवी, संजीव कुमार, कुलदीप कुमार, सुरजीत कुमार, पूनम, अनिता, नीतू कुमारी, सुषमा देवी को सदस्य बनाया गया।

### रैली निकाल बताई सिंगल यूज प्लास्टिक की हानियां




**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के एनएसएस इकाई व इको क्लब के छात्रों ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक की हानियों के बारे में जागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने वेस्ट प्लास्टिक इकट्ठा कर नगर परिषद के स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों को सौंपा, ताकि प्लास्टिक का उचित तरीके से निपटान हो सके। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इको क्लब के मुख्य शिल्पा गुप्ता व एनएसएस प्रोग्रामिंग ऑफिसर कपिल देव व दीपशिखा को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार स्थगित

**हमीरपुर।** उपरोजगार कार्यालय बड़सर में 11 जून और उपरोजगार कार्यालय भोरंज में 12 जून को प्रस्तावित सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार स्थगित कर दिए गए हैं। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि ये साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से स्थगित किए गए हैं। साक्षात्कार की नई तिथियां बाद में निर्धारित की जाएंगी।

### चैरी स्कूल के खिलाड़ियों का किया स्वागत




**सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैरी के तीन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लिया। राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन में हुआ जिसमें हमीरपुर जिला की लड़कियों की टीम प्रथम रही तथा लड़कों की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसमें चैरी स्कूल के तीन खिलाड़ी अक्षित पलक और नक्ष ने भाग लिया। स्कूल में आने पर प्रधानाचार्य सरिता दुबे ने बच्चों को बधाई दी व और आगे भी ऐसे ही खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अजय चुने स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान

**सुजानपुर।** अजय शर्मा को गर्ल्स हाई स्कूल सुजानपुर की स्कूल प्रबंधन समिति सुजानपुर का प्रधान चुना गया है। स्कूल हेडमिस्ट्रेस आभा गुप्ता ने बताया कि बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा में उपस्थित अभिभावकों ने लंबे विचार- विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आगामी 3 वर्षों के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव किया।

### कांगड़ा ने मंडी को 23 रनों से हरा जीता मैच

**नादौन।** सुपर लीग अंतर जिला स्तरीय अंडर-23 वन डे क्रिकेट मैच सोमवार को जिला कांगड़ा व जिला मंडी की टीम के बीच हुआ। मंडी की टीम के कैप्टन ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। कांगड़ा की टीम ने अपनी पहली पारी खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 224 रन बनाए। कांगड़ा के बल्लेबाज सोहम मिश्रा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 89 , जबकि आयुष धीमान ने 58 रन बनाए। मण्डी की ओर से गेंदबाजी करते हुए देवेन ने 5 विकेट झटकी जबकि चिराग शर्मा ने 1, मेहुल पठानियां ने 2 विकेट ली, जबकि एक बल्लेबाज रन आऊट हो गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंडी की टीम ने 48.2 ओवर में 201 रन बनाकर आलऑउट हो गई। मंडी के बल्लेबाज मेहुल पठानिया ने 67 रन बनाए, जबकि अंकुश ठाकुर ने 50 रन बनाए। क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि कांगड़ा की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अगम कहलो ने 5 विकेट झटकी, जबकि प्रवल प्रताप ने 2 तथा साहिल, रितिक व अरशद धीमान ने एक विकेट ली। उन्होंने बताया कि कांगड़ा की टीम ने मंडी की टीम को 23 रनों से पराजित करके मैच जीत लिया है।

### भड़मेली में लगाई ठंडे जल की छबील



**सुजानपुर।** सुजानपुर के भडमेली गांव में गर्मी से निजात दिलाने के लिए लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया।इस अवसर पर स्थानीय युवकों ने अपनी सेवाएं दी। क्षेत्र में इन दिनों प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी है। लोग जगह-जगह ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों को पिला रहे हैं। स्थानीय युवकों ने भम्लिी गांव में ठंडा पानी की छबीला लगाकर आने जाने वाले लोगों को गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। इस अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रंजीत भी मौजूद रहे जिन्होंने युवाओं को ऐसे आयोजन करने के लिए प्रेरित किया।

### राकेश बने बड़ा स्कूल के एसएमसी के प्रधान

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में आज एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के चुनावों में बच्चों के अभिवावकों ने काफी संख्या में भाग लिया। कमेटी का चुनाव स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कोंडल की अध्यक्षता में किया गया। राकेश पठानियां को बच्चों के अभिवावकों द्वारा सर्व सम्मति से स्कूल प्रबंधन कमेटी का प्रधान चुना गया। यें जानकारी स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कोंडल ने दी।

### दर्जनों परिवारों को एक महीने से पानी नहीं मिला

**टौणी देवी।** ऊहल उपमंडल के तहत पड़ने वाली ग्राम पंचायत भटेड़ के गांव भटेड़, बकन्यार, क्लोह में पिछले एक महीने से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाएं है कि गांव में पानी की बराबर सप्लाई नहीं छोड़ी जा रही है। तीन गावों को एक टेंक से ही सप्लाई दी जाती है, विभाग का कर्मचारी क्लोह गांव से है वो अपने गांव को ही सप्लाई देता है और दूसरे गावों को 15 मिनट ही सप्लाई दे रहा है। विभाग की लापरवाही का भुगतान ग्रामीण कर रहे है जो कुएं व बाबड़ियों से पानी भरने को मजबूर है। स्थानीय ग्रामीणों में हरि सिंह, शेर सिंह, भूमि राम, रंगीला राम, दूनी चंद, बचना देवी, राम कृष्ण, पूनम, रूप चंद आदि ने बताया एक महीने से पानी नहीं आ रहा है। विभाग को लिखित शिकायतें भी दे चुके है पर अभी तक समस्या वेसी की वैसी बनी हुई है। ग्रामीणों ने ये भी बताया कि विभाग के कर्मचारी व अधिकारी फोन नहीं उठाते, और मनमानी कर रहे है। उधर सहायक अभियंता की सुने तो इनका कहना की ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता से से बात करें। विभाग की लापरवाही से जनता परेशान है।

### चुनावों में मिली हार-जीत पर किया मंथन

**हमीरपुर।** हमीरपुर के विश्राम गृह में कांग्रेस सेवा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मदनलाल कौंडल ने की है। इस मौके पर मदनलाल कौंडल ने कहा कि सुजानपुर की विधानसभा सीट को जीतकर मुख्यमंत्री को मजबूती प्रदान की है। वहीं उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तीन अन्य सीटों पर कांग्रेस ने विजय हासिल की है। इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। मदनलाल कौंडल ने कहा कि जिन लोगों ने भितरघात किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को हार मिली है जिन काली भेंडो ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कार्य किया है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग। वहीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली हार को लेकर भी बैठक में मंथन किया गय। इस मौके पर मदनलाल कौंडल ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के 27 बूथों का जिम्मा सेवा दल को सौंपा गया था। उन सभी बूथों पर कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की है। मदनलाल गोंडल ने कहा कि आगामी तीन विधानसभा उपचुनाव में भी सेवादल अच्छी भूमिका अदा करेगा।

# जिले में फिर से आदर्श आचार संहिता लागू, हथियार लेकर चलने पर पाबंदी

## 4 दिन पहले ही हटाई गई थी आदर्श आचार संहिता, उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद जिला में एक बार फिर से सोमवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। 14 जून से उपचुनाव के लिए नामांकन भरना शुरू हो जाएंगे। उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया है और इसकी तैयारियों में जुट गया है।

बता दें कि लोकसभा, विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने लाइसेंस धारकों को अपने हथियार संबंधित पुलिस थाना में जमा करवाने के आदेश जारी किए थे जिसको लेकर लोगों ने अपने हथियार जमा करवा दिए थे। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद कुछ लाइसेंस धारकों ने अपने हथियार वापस ले लिए थे जिन्हें अब दोबारा से पुलिस थाना में जमा करवाना होगा। गौर रहे कि जिला में लगभग 5500 लाइसेंस धारक हैं जिनके पास हथियार हैं। वहीं जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव की घोषणा होते ही जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिलाधीश ने सीआरपीसी की धारा-144 के तहत आदेश जारी करते हुए पूरे जिले में किसी भी तरह के हथियार या बारूद लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतिबंध उपचुनाव के परिणाम की घोषणा तक लागू रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। जिलाधीश ने बताया कि डयूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, होमगार्ड्स और अन्य सुरक्षा कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। अपने लाइसेंसी हथियार पुलिस के पास जमा करवाने जा रहे लोगों पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि जिन्होंने भी अपने हथियार पुलिस थाना से वापस ले लिए हैं उन्हें दोबारा से जमा करवा दें। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर के नए एसपी भगत सिंह ने संभाला कार्यभार

### बोले- अपराध को आम लोगों के सहयोग से करेंगे समाप्त



**हमीरपुर।** आदर्श आचार संहिता हटते ही जिला हमीरपुर के एसपी का तबादला पुलिस बटालियन पंडोह में कर दिया था, उनकी जगह पर आईपीएस 2015 बैच के पुलिस ऑफिसर भगत सिंह को यहां का एसपी लगाया गया है। सोमवार को हमीरपुर जिला के नए एसपी भगत सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर नए एसपी का हमीरपुर पहुंचने पर मिनी सचिवालय के बाहर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

भगत सिंह ने पदभार संभालते ही एएसपी राजेश कुमार, डीएसपी नितिन चैहान, डीएसपी सुनील दत्त और एसएचओ के साथ बैठक की और जिला की गतिविधियों की जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि वे रोहड़ू के निवासी हैं और वर्ष 1994 में पुलिस विभाग को ज्वाइन किया था उसके बाद वर्ष 1995 में सोलन में एसएचओ के पद पर तैनात हुए थे। हमीरपुर आने से पहले वे सोलन, किन्नौर, बिलासपुर, शिमला में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। भगत सिंह ने कहा कि हमीरपुर जिला में अपराध को रोकने के लिए मजबूती से काम किया जाएगा और नशे की बढ़ रही प्रवृति पर भी अंकुश लगाने के साथ नशे को समाप्त करने के लिए काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा अपराध को रोकने के लिए आम आदमी के साथ हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समाज में लोगों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और लोगों के सहयोग से ही नशे की प्रवृति और अन्य अपराधों को कम करने में कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि जिला में यातायात व्यवस्था को नए तकनीक से सुचारू रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम पर रोकथाम लगाने के लिए आईटी की मदद से काम किया जाएगा और साइबर क्राइम को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश रानी ने जताई टिकट की दावेदारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

> पंचायत प्रधान और नगर परिषद हमीरपुर में दो बार पार्षद रह चुकी हैं राकेश रानी



प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की दी है। इसी के साथ ही विधानसभा उपचुनाव में नेताओं ने अपनी पार्टी के पास चुनाव लड़ने की दावेदारी जताना शुरू कर दिया है। अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू होने से चुनाव की तिथियों का भी ऐलान कर दिया गया है।

गौर रहे हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में विधायकों द्वारा दिए गए इस्तीफे को स्वीकार लिया गया है। अब इन तीन विधानसभा सीटों पर विधायक चुनने के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे।

चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता पार्टी के पास टिकट की दावेदारी जताकर चुनाव लड़ने की इच्छा भी जताना शुरू कर दिया है, क्योंकि उपचुनाव के समय भी बहुत कम है। यही नहीं चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने टिकट लेने के लिए लॉबिंग भी शुरू कर दी है।

गौर रहे कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी रहे आशीष शर्मा के त्यागपत्र देने के बाद दोबारा से हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राकेश रानी वर्मा ने भी टिकट के लिए अपनी दावेदारी जता दी है। राकेश रानी वर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखकर में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट की मांग की है।

बता दें कि राकेश रानी वर्मा पिछले 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सक्रिय सदस्य के रूप में काम करती आ रही हैं, वहीं वर्तमान में जिला महिला कांग्रेस के पद पर आसीन हैं। राकेश रानी वर्मा नगर परिषद हमीरपुर में दो बार पार्षद भी रह चुकी हैं। इसके अलावा वह लोहडर पंचायत की प्रधान भी रही हैं। राकेश रानी वर्मा ने कांग्रेस पार्टी की प्रदेश कांग्रेस पार्टी और जिला कांग्रेस में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुकी हैं। राकेश रानी वर्मा ने बताया कि उनका पूरा परिवार पूरी निष्ठा के साथ कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा करता आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का गृह जिला है और यदि कांग्रेस पार्टी इस विधानसभा उपचुनाव में उन्हें अपना प्रत्याशी बनाती है तो हर वर्ग का साथ उनको मिलेगा और यह सीट कांग्रेस रिकॉर्ड मार्जिन से जीतेगी।

## विशाल शर्मा युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता पद से निष्कासित

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले युवा कांग्रेस नेता विशाल शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता के पद से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। युवा कग्रेस महासचिव होतम ठाकुर ने पत्र जारी करके विशाल शर्मा को युवा कांग्रेस के समस्त पदों से भार मुक्त कर दिया है। बता दें कि विशाल शर्मा ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र से बतौर आजाद प्रत्याशी चुनाव लड़ा था। जिस कारण बड़सर विधानसभा में हुए उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद ढटवालिया भाजपा के प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल से लगभग 2125 वोटों से चुनाव हार गए थे।

यही कारण है कि विशाल शर्मा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता के पद से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है।

## डायरिया प्रभावित गांवों में सैंपलिंग-टेस्टिंग जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत चमनेड, लंबलू, गसोता, बफड़ीं और बोहनी के कुछ गांवों में डायरिया के मामले सामने की सूचना मिलते ही जल शक्ति विभाग ने त्वरित कदम उठाए हैं।

विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप ठाकुर ने बताया कि विभाग के फील्ड कर्मचारी नियमित रूप से पानी की सैंपलिंग एवं टेस्टिंग कर रहे हैं और अभी तक सभी सैंपल सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 31 मई को पहली बार डायरिया के मामले सामने आने पर विभाग ने त्वरित कदम उठाए थे। पहले दिन ही विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने प्रभावित क्षेत्र से पानी के दो सैंपल लिए थे। इसी प्रकार, 2 और 3 जून को 4-4 सैंपल लिए गए। 4 जून को 7 सैंपल लिए गए। 5 और 6 जून को भी 4-4 सैंपल और 7 जून को 5 सैंपल लिए गए। ये सभी सैंपल सही पाए गए हैं।

अनूप ने बताया कि 8 जून को लिए गए कुल 10 सैंपलों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। डायरिया प्रभावित गांवों को उठाउ पेयजल योजना लंबलू, उठाउ पेयजल योजना कंगरू गसोता और उठाउ पेयजल योजना बारीं भलेड़ा से पानी की आपूर्ति होती है और इन पेयजल योजनाओं के स्रोत गसोती खड्ड तथा गुडवीं खड्ड में हैं।

अनूप ठाकुर ने बताया कि 31 मई को डायरिया के मामलों की सूचना मिलते ही सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और विभाग के फील्ड कर्मचारियों को त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए गए। अधिशाषी अभियंता ने स्वयं पेयजल योजनाओं के स्रोतों, ट्रीटमेंट प्लांट और स्टोरेज टैंकों का निरीक्षण किया तथा दो दिनों तक पानी की सुपर क्लोरिनेशन भी करवाई। सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और फील्ड कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ प्रभावित गांवों में जाकर सैंपलिंग-टेस्टिंग के साथ-साथ लोगों को घरों की टंकियों की सफाई करने की सलाह भी दे रहे हैं।

अधिशाषी अभियंता ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे जलस्रोतों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा घरों में टंकियों की नियमित रूप से सफाई करें।

## आगामी चुनावों की तैयारी करें डोगरा : एनसीपी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

> अच्छे उम्मीदवार मिले तो तीनों सीटों पर एनसीपी लड़ेगी उपचुनाव



बृजमोहन श्रीवास्तव से मुलाकात करते रविंद्र सिंह डोगरा, साथ हैं अन्य।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में रविंद्र सिंह डोगरा की हार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने नजरअंदाज करते हुए उन्हें हिमाचल प्रदेश में संगठन के विस्तार पर जोर देने को कहा है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, महासचिव और प्रदेश प्रभारी बृजमोहन श्रीवास्तव ने रविंद्र सिंह डोगरा को निगम चुनावों, नगर पंचायत व पंचायत चुनावों सहित 3 साल बाद हिमाचल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी करने को कहा है।

हिमाचल प्रदेश उपचुनाव और लोकसभा चुनावों के परिणामों के बाद हिमाचल प्रदेश एनसीपी अध्यक्ष रविंद्र सिंह डोगरा को हिमाचल के प्रभारी बृजमोहन श्रीवास्तव ने एनसीपी के 25वें स्थापना दिवस से पहले दिल्ली बुलाया था।

बृजमोहन श्रीवास्तव ने एनसीपी के स्थापना दिवस पर रविंद्र सिंह डोगरा पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि बहुत से कार्यकर्ताओं और नेताओं ने विपरीत परिस्थितियों में दूसरी पार्टियों का दामन थाम लिया, परंतु रविन्द्र सिंह डोगरा ने कभी भी एनसीपी को छोड़कर किसी अन्य पार्टी की सदस्यता ग्रहण नहीं की। गौरतलब है कि एनसीपी की स्थापना को आज 25 वर्ष हो चुके हैं और रविन्द्र सिंह डोगरा विगत 20 वर्षों से एनसीपी से जुड़े हुए हैं।

डोगरा ने कहा कि भले ही सुजानपुर उपचुनाव में उन्हें अपेक्षाकृत वोट नहीं मिले, लेकिन पार्टी ने उनका हौसला बढ़ाया है और क्योंकि हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ के उपचुनाव भी घोषित हो गए हैं इसलिए पार्टी ने आगे तैयारी करने को कहा है। यदि अच्छे उम्मीदवार सामने आते हैं तो पार्टी 3 सीटों पर उपचुनाव लड़ेगी।

## आचार संहिता हटने के बाद भी जारी नहीं हुई टीजीटी नियमितीकरण लिस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

> संघ ने मुख्य सचिव को टीजीटी शिक्षकों की लंबित सूची निकालने को भेजा पत्र

नियमितीकरण का इंतजार करते तीन माह बीत गए मगर प्रदेश में सैकड़ों टीजीटी शिक्षकों को नियमितीकरण का तोहफा नहीं मिल सका। जो नियमितीकरण सूची मार्च 2024 में जारी होनी थी, उसको आचार संहिता के चलते विभाग आगे सरकाता गया। अब आचार संहिता हटने पर भी ये लिस्ट जारी नहीं हुई और नई आचार संहिता 10 जुलाई तक लग गई।

ऐसे में शिक्षकों को बहुत नुकसान हो रहा है। लोकसभा आचार संहिता हटने के बाद अब तक नियमितीकरण आदेश जारी हो जाने चाहिए थे क्योंकि इसके लिए वांछित दस्तावेज विभाग मार्च 2024 में ले चुका है। ऐसे में यह नियमितीकरण आदेश तत्काल जारी होने चाहिए ताकि नई लोकसभा आचार संहिता इसमें बाधा नहीं बने। नियमितीकरण कोई राजनीतिक तोहफा नहीं होता है और हाईकोर्ट भी इस बारे में स्पष्ट टिप्पणी कर चुका है। ऐसे में इनको लागू करने में आचार संहिता बाधा नहीं बनाई जानी चाहिए।

यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और मुख्यमंत्री को भेजी है। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स रविंद्र गुलेरिया, संजय ठाकुर , सोहन सिंगटा, सुरेश कुमार, रणवीर तोमर, संजय वर्मा आदि ने रमेश अत्री, अमित छाबड़ा ने प्रदेश मुख्य सचिव को टीजीटी शिक्षकों की लंबित नियमितीकरण सूची निकालने हेतु आग्रह पत्र भेजा है। संघ ने बताया कि प्रदेश में टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन लिस्ट में एक साल विलंब करने से शिक्षक नाराज है और अब फिर से आचार संहिता लगने से नई भर्तियां और नियुक्तियां लटक जाने से शिक्षक वर्ग को फिर से निराशा हाथ लगी है।

## सुनील हमीरपुर ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

> बीते रोज भंग की थी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील कुमार ने जताया पार्टी हाईकमान का आभार



सुनील कुमार को हमीरपुर ब्लॉक कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील इससे पहले भी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं।

युवा चेहरा होने के साथ संगठन में उनकी मजबूत पकड़ है। सुनील कुमार ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, केसीसी बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया और जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

काबिले गौर यह है कि बीते रोज ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हमीरपुर और देहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को भंग किया था। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे तथा सभी को साथ लेकर हमीरपुर के संगठन को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी संगठन एकजुट होकर कार्य करेगा।

## पीडब्ल्यूडी टीम ने बधाण बल्हभंटा सपड़ी पुल का किया निरीक्षण

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

बधाण बल्हभंटा सपड़ी को जोड़ने वाले पुल की नींव हुई खोखली शीर्षक से समाचार 9 जून को समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग की टीम सोमवार को पुल की नींव की खस्ता हालत को देखने साइट पर पहुंची थी।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आला अधिकारियों ने साइट विजिट करके खस्ता हाल हुए पुल की नींव का रखरखाव का खाका तैयार करने के लिए लगे हैं, ताकि समय रहते इस पुल को गिरने से बचाया जा सके। बता दें कि इस पुल का निर्माण जन सहयोग के द्वारा करवाया गया था। भारी बरसात होने पर लोगों का साथ लगते गांव में आना जाना बंद हो जाता था। लोगों को खडड क्रॉस करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। भारी बरसात में यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था।

पुल न गिरे इसी चिंता लोगों को सता रही थी और यदि समय रहते इसका रखरखाव का कार्य नहीं किया गया तो भारी बरसात में यह पुल बह भी सकता है। एसडीओ अपिल कुमार ने बताया कि टीम साइट विजिट करके आई है नींव को बचाने के लिए एस्टीमेट बनाया जा रहा है। शीघ्र ही इस कार्य को अमलीजामा पहनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति** सीएम के राजनीतिक सलाहकार बोले-विधानसभा उपचुनावों के परिणामों से जनता ने फिर जताया सुक्खू सरकार पर भरोसा

## अब प्रदेश के चहुंमुखी विकास को मिलेगा बल : सुनील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते सुनील शर्मा।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि 4 जून को घोषित हुए विधानसभा उपचुनावों के परिणामों से प्रदेश की प्रबुद्ध जनता ने एक बार फिर सुक्खू की सरकार पर भरोसा जताया है और भाजपा के सभी मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस सरकार और मजबूत होकर उभरी है। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के वोट प्रतिशत में भारी वृद्धि हुई है। रविवार देर शाम कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में प्रदेश की जनता ने धनबल के बजाय जनबल एवं सुक्खू सरकार की विकासात्मक नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। इससे अब जिला हमीरपुर सहित प्रदेश के हर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को बल मिलेगा। सभी मतदाताओं और कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सुनील ने कहा कि सीएम जिला हमीरपुर के चहुमुखी विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर शहर में सुक्खू सरकार के कार्यों की शानदार झलक देखने को मिल रही है। शहर के मुख्य स्थल गांधी चौक के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं। शहर में अत्याधुनिक तकनीक से शौचालयों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस मौके पर जिला किसान कांग्रेस और एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष तेजनाथ तेज, संगठन महासचिव आरसी डोगरा, महासचिव राजेश आनंद, राजेश ठाकुर, इंटक के जिला अध्यक्ष कर्म चंद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार, स्थानीय नगर परिषद के पार्षद राकेश वर्मा, पार्षद सुनील और पार्षद निशांत, पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
बेदखली सूचना
**मैं महेश चंद** उर्फ सूंका राम सुपुत्र श्री रामलाल निवासी गांव लदरौर खुर्द डाकघर लदरौर, तहसील भोरंज जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र अनिल कुमार और उसकी पत्नी पूनम कुमारी मेरे कहने से बाहर है। अत: मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**क्रूरता** का उत्तर क्रूरता से देने का अर्थ अपने नैतिक व बौद्धिक पतन को स्वीकार करना है। -महात्मा गांधी

## संपादकीय

# पाक की नापाक हरकत

जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले में उत्तर प्रदेश के दस तीर्थ यात्रियों की मौत और 33 अन्य के घायल होने की घटना ने एक बार फिर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। राज्य के डीजीपी ने पहले ही खुलासा किया था कि जम्मू-कश्मीर में अभी भी 80 आतंकी सक्रिय हैं जिसकी पुष्टि इस हमले ने कर दी है। सवाल यह है कि जम्मू-कश्मीर से आतंक आखिर कब खत्म होगा? आतंकियों का मकसद बिलकुल साफ है कि वे समय-समय पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाते रहते हैं। कहा यह भी जा रहा है कि पाकिस्तान को इस बार भी मोदी के शपथ ग्रहण में नहीं बुलाया, इसलिए ही उसने यह कायराना हरकत की है। जम्मू-कश्मीर में आतंक के पनपने के पीछे पाकिस्तान का बहुत बड़ा हाथ है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। आतंकियों ने इस हमले के लिए ठीक वही दिन चुना, जब केंद्र में मोदी सरकार का शपथ ग्रहण हो रहा था। ऐसे में जाहिर सी बात है कि आतंकियों ने केंद्र की मोदी सरकार को चुनौती दी है।

आतंकियों ने हमले करने के अपने तरीके भी बदल दिए हैं। वह जंगलों और गुफाओं में घात लगाकर छिपे रहते हैं और मौका मिलते ही हमला बोल देते हैं। इस काम में उनका साथ देते हैं, कुछ बचे हुए मददगार। जम्मू-कश्मीर रियासी हमले से पाकिस्तान के कनेक्शन का जुड़ना कोई नई बात नहीं है, बल्कि इससे पहले भी जितने हमले राज्य में हुए, वे सब पाकिस्तान की शह पर ही हुए हैं। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। आर्थिक मोर्चे पर पाकिस्तान संघर्ष कर रहा है, लेकिन आतंक फैलाने के लिए उसके पास पैसे झट से निकल आते हैं। इस काम में चीन भी पाकिस्तान को सपोर्ट करता है, क्योंकि चीन भारत की तरक्की से जलता है और हमें हमेशा नीचे दिखाने की कोशिश करता रहता है। चीन भी भारत की घेराबंदी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। महीनेभर पहले भी पहलगाम में भी एक टूरिस्ट बस पर आतंकी हमला हुआ था। विपक्षी दल इन घटनाओं को लेकर सत्ता पक्ष पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि यहां की पुलिस और सेना हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं, बल्कि वह दशहतगर्दों से निपटने में हर दम सोचती रहती है। जम्मू-कश्मीर में जिस रफ्तार से आतंकियों की भर्ती हो रही है, उसी रफ्तार से यहां आतंकी या तो पकड़े जा रहे हैं या फिर मारे जा रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह सिलसिला रुकेगा कब? जब से जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटा है, तब से राज्य में आतंकी घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हुई है।

एक खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक 2019 से लेकर जून 2023 के बीच करीब अढ़ाई सौ आतंकी और उनके मददगार पकड़े गए। जम्मू-कश्मीर में पहले बात-बात पर पत्थरबाजी की घटनाएं होती थीं। यहां सुरक्षाबलों से लेकर आम लोगों पर भी पत्थरबाजी हुआ करती थी। साल 2010 में 112 नागरिक पत्थरबाजी की वजह से मारे गए, जबकि छह हजार से ज्यादा लोग घायल हुए, लेकिन मौजूदा हालात में पत्थरबारी की घटनाओं में 80 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। चार साल में महज 19 बार ही पत्थरबाजी हुई। इस हमले से ऐसा आभास हो रहा है कि आने वाले समय में भारत के रिश्ते पाकिस्तान के साथ मधुर नहीं होने वाले हैं। पाकिस्तान को एक अमेरिकी रिपोर्ट में आतंकवादियों के 'सुरक्षित पनाहगाह' वाले देशों की सूची में शामिल किया गया है।

पड़ोसी देशों में आतंकवादी नेटवर्क और सुरक्षित पनाहगाहों को जड़ से उखाड़ने के लिए एक कार्ययोजना और तंत्र की बेहद जरूरत है। भारत में आतंकवाद की समस्या काफी हद तक सीमा पार से प्रायोजित है। आतंकवादी नेटवर्क और सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करके ही आतंकियों को नियंत्रित किया जा सकता है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी सरकार के आने से जम्मू-कश्मीर में पनप रहा आतंक खत्म हो जाएगा। मोदी सरकार निश्चित रूप से इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी, लेकिन इसके लिए पहले की भांति थोड़ा इंतजार करना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित

डॉ. कनक रेले का जन्म गुजरात में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही नृत्य में अपना करियर शुरू कर दिया था। कथकली के पुरुष प्रधान क्षेत्र में अपनी रुचि के साथ कनक रेले ने अपनी एक अलग जगह बनाई थी। कनक रेले प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नर्तक, कोरियोग्राफर और शिक्षाविद थीं। उन्हें मोहिनीअट्टम के प्रतिपादक के रूप में जाना जाता है। कनक रेले मुंबई में नालंदा नृत्य अनुसंधान केंद्र की संस्थापक, निदेशक और नालंदा नृत्य कला महाविद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्य थीं। भारत सरकार ने उन्हें 1990 में पद्मश्री और 2013 में पद्मभूषण से सम्मानित किया था। इसके अलावा उन्हें गुजरात सरकार द्वारा गौरव पुरस्कार, 1990 में कालिदास सम्मान, 2006 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और एमएस सुब्बुलक्ष्मी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। अपने आठ दशक लंबे करियर में शास्त्रीय नृत्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाली प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना कनक रेले को उनके परिवार और दोस्तों में एक 'अच्छे दिल वाली महिला' के रूप में हमेशा याद किया जाता है। अपनी कड़ी मेहनत और हुनर के दम पर कनक रेले ने फिल्म इंडस्ट्री में भी खूब नाम कमाया। डॉ. कनक रेले केरल के मशहूर मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत थी, जिससे उन्हें देश और दुनिया में पहचान मिली थी। उन्हें क्लासिक डांस के क्षेत्र में अपने नृत्य से नई जान फूंकी थी। उन्हें क्लासिकल डांस में क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। एक क्लासिकल डांसर होने के साथ-साथ कनक रेले एक बेहतरीन कोरियोग्राफर भी थीं। वह नृत्य के साथ अपने चेहरे के एक्सप्रेशन से ही दर्शकों का दिल जीतती आई थीं। यही वजह थी कि वह देश में मोहिनीअट्टम की नंबर वन नृत्यांगना थीं। ■



डॉ. कनक रेले
जन्म : 11 जून, 1937
मृत्यु : 22 फरवरी, 2023

## अपनी बात

**प्रतिदिन** 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केंद्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्व स्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। गुजरात में गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। केंद्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन' के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। अब भारत विकसित देश होने की कगार पर है।

-डॉ. रविद्र, कांगड़ा

**पाठकों से अनुरोध है कि वे आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
*editoranantgyaan@gmail.com*

# महान सपूतों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा

**पझौता गोलीकांड दिवस पर विशेष**

देश की गरीब और भोली-भाली जनता के साथ अंग्रेजों ने इतने जुल्म किए कि लोगों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। ऐसा ही एक आंदोलन 1943 में सिरमौर के राजा राजेंद्र प्रकाश के खिलाफ हुआ, जिसे पझौता आंदोलन के नाम से जाना गया। हिमाचल के इतिहास में 11 जून का दिन पझौता गोलीकांड दिवस के नाम से जाना जाता है। वैद्य सूरत सिंह के नेतृत्व में इस क्षेत्र के जांबाज एवं वीर सपूतों ने सन 1943 में अपने अधिकारों के लिए महाराजा सिरमौर के खिलाफ आंदोलन करके रियासती सरकार के दांत खट्टे कर दिए थे। इस आंदोलन को भारत छोड़ो आंदोलन की ही एक कड़ी माना गया था। प्रदेश सरकार ने पझौता आंदोलन से जुड़े लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों का दर्जा दिया था। महाराजा सिरमौर राजेंद्र प्रकाश की दमनकारी एवं तानाशाही नीतियों के कारण लोगों में रियासती सरकार के प्रति काफी आक्रोश था। महाराजा सिरमौर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार की सेना की मदद कर रहे थे। रियासती सरकार ने लोगों पर जबरन घराट, रीत-विवाह, अनुचित कर, सेना में जबरन भर्ती होने के लिए फरमान जारी किए थे।

रियासती सरकार के तानाशाही रवैये से तंग आकर पझौता घाटी के लोग अक्तूबर 1942 में टपरोली नामक गांव में एकत्रित हुए और पझौता किसान सभा का गठन किया। इस आंदोलन की पूरी कमान एवं नियंत्रण सभा के सचिव वैद्य सूरत सिंह के हाथ में थी। पझौता किसान सभा ने एक प्रस्ताव पारित कर महाराजा सिरमौर को भेजा, जिसमें बेगार प्रथा को बंद करने, जबरन सैनिक भर्ती, अनावश्यक कर लगाने, दस मण से अधिक अनाज सरकारी गोदाम में जमा न करना इत्यादि शामिल था।

महाराजा सिरमौर राजेंद्र प्रकाश ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया। इस छोटी सी चिंगारी ने बाद में एक बड़े आंदोलन का रूप ले लिया। पझौता आंदोलन का तात्कालिक कारण आलू का उचित रेट न दिया जाना था। बताते हैं कि रियासती सरकार ने सहकारी सभा में आलू का रेट तीन रुपए प्रति मन निर्धारित किया था, जबकि खुले बाजार में आलू का रेट 16 रुपए प्रति मन था। वैद्य सूरत सिंह ने अपनी टीम के साथ गांव-गांव जाकर लोगों को इस आंदोलन में अपना सहयोग देने के बारे में अपील की। इस आंदोलन की चिंगारी पूरे पझौता क्षेत्र में फैल गई और लोग रियासती सरकार के खिलाफ विद्रोह करने पर उतर गए। आंदोलन के लिए गठित समिति की पहली सफलता राजा के बनाए गए जेलदारों और नंबरदारों ने अपने पद से त्याग पत्र देना था। इसी दौरान जिला सिरमौर में न्यायाधीश के पद से डॉ. वाईएस परमार ने अपना त्याग पत्र दे दिया। जैसे ही राजा सिरमौर को इस बात की भनक लगी, उन्होंने नाहन से 50 सैनिकों के दल को इस आंदोलन को कुचलने और समिति के सदस्यों को पकड़ने के लिए भेजा। इस दल का नेतृत्व डीएसपी जगत सिंह कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र का दौरा करके नाहन जाकर अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। बताते हैं इस दौरान राजा पटियाला चूड़धार की यात्रा पर थे और वह पझौता क्षेत्र के शाया में रुके थे। उन्होंने इस आंदोलन का जायजा लिया और राजा सिरमौर को एक पत्र लिख कर इस आंदोलन को समाप्त करने का आग्रह किया, मगर आंदोलनकारियों ने राजा के आग्रह को ठुकरा दिया, परिणामस्वरूप राजा राजेंद्र प्रकाश ने इस आंदोलन को शांत करने व इनसे समझौता करने के लिए रेणुका के बूटी नाथ नारायण दत्त, दुर्गा दत्त आदि को पझौता भेजा। ये लोग भी समझौता करवाने में असफल रहे।



लेखक : रविदत्त भारद्वाज
राजगढ़, सिरमौर

इनके बाद राजा ने आंदोलन समिति के सदस्यों को समझौता करने के लिए नाहन बुलाया, लेकिन आंदोलनकारियों ने राजा के आग्रह को ठुकरा दिया। महाराजा सिरमौर ने आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस दल को पझौता घाटी भेजा। 6 मई, 1943 को पुलिस दल राजगढ़ पहुंचा। पुलिस दल ने कुछ आंदोलनकारियों को राजगढ़ के किले में कैद कर लिया। 7 मई 1943 को कोटी गांव के पास आंदोलनकारियों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें आंदोलनकारियों ने पुलिस दल को बंदी बना लिया। आंदोलनकारियों ने मांग रखी कि राजगढ़ किले में बंद आंदोलनकारियों को छोड़ा जाए, तभी वे पुलिस दल को छोड़ेंगे। महाराजा सिरमौर ने स्थिति को अनियंत्रित देखते हुए 12 मई 1943 को पूरे क्षेत्र में मार्शल लॉ लगाने के आदेश जारी कर दिए। समूची पझौता घाटी को सेना के अधीन लाया गया, जिसकी कमान मेजर हीरा सिंह बाम को सौंपी गई। सेना ने आंदोलनकारियों को 24 घंटे में आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद राजा की सेना ने क्षेत्र में लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान सेना ने आंदोलन के मुखिया सूरत सिंह के कटोगड़ा स्थित मकान को डॉइनामाइट से उड़ा दिया जबकि एक अन्य आंदोलनकारी कली राम के घर को आग लगा दी गई।

आंदोलनकारियों के इस कदम को देखते हुए सेना ने भी राजगढ़ के साथ ऊंची पहाड़ी सरोट नामक स्थान पर अपना कैंप बना लिया। 11 जून, 1943 को निहत्थे लोगों का एक दल आंदोलनकारियों से मिलने जा रहा था। कुफर धार के पास सेना ने राजगढ़ के समीप सरोट के टीले से गोलियों की बौछार शुरू कर दी। सेना ने 1700 राउंड गोलियां चलाईं। इसमें कमना राम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग घायल हो गए। दो महीने के सैनिक शासन और गोलीकांड के बाद सेना और पुलिस ने वैद्य सूरत सिंह सहित 69 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। नाहन में एक ट्रिब्यूनल गठित कर आंदोलनकारियों पर 14 महीने तक देशद्रोह का मुकदमा चलाया गया और कमेटी के 9 सदस्यों की संपत्ति को कुर्क कर दिया गया। अदालत के निर्णय में 14 को बरी कर दिया गया। तीन को दो-दो साल और 52 आंदोलनकारियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इस बीच कनिया राम, विशना राम, कलीराम, मोहीराम ने जेल में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद सिरमौर न्याय सभा के नाम एक न्यायालय की स्थापना की गई। इसमें इस मुकदमे को फिर से चलाया गया, जिसमें सजा को दस और पांच वर्ष में परिवर्तित किया गया।

न्यायालय ने वैद्य सूरत सिंह, मियां गुलाब सिंह, अमर सिंह, मदन सिंह, कली राम आदि को दस वर्ष की सजा सुनाई। 15 अगस्त, 1947 को देश के स्वतंत्र होने पर इस आंदोलन से जुड़े काफी लोगों को रिहा कर दिया गया, जबकि आंदोलन के प्रमुख वैद्य सूरत सिंह, बस्तीराम पहाड़िया और चेत सिंह वर्मा को सबसे बाद में मार्च 1948 में रिहा किया गया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महान सपूतों की कुर्बानियों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा ताकि देश की एकता एवं अखंडता बनी रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# रायबरेली में कांग्रेस की जीत के मायने

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन में बेहतर सुधार हुआ है। इस बार चुनाव में रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नाम उत्तर प्रदेश में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड भी दर्ज हुआ है। जीत के मामले में रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस को 'बालिग' बनाने का श्रेय भी राहुल गांधी को गया है। इस बार जीत के साथ रायबरेली देश की इकलौती लोकसभा सीट बन गई है, जहां कांग्रेस 18 बार चुनाव जीत चुकी है। इस जीत में 15 आम चुनाव और तीन उपचुनाव शामिल हैं। देश में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है।



लेखक : गौरव अवस्थी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रायबरेली के कांग्रेसियों के अनुरोध पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने दामाद और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी को 1952 में हुए देश के पहले आम चुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ाया था। 1957 में दोबारा जीत दर्ज करने के बाद 1960 में फिरोज गांधी का असामयिक निधन हो गया। उनके निधन के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर राजेंद्र प्रताप सिंह जीते थे।

लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन में 1962 में रायबरेली सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। कांग्रेस ने यहां से पूर्व सांसद बैजनाथ कुरील को चुनाव लड़ाया। उन्होंने जनसंघ की तारावती को हराकर कांग्रेस की जीत का रिकॉर्ड कायम रखा। 1967 में रायबरेली सीट सामान्य हो गई और इंदिरा गांधी ने पति की सीट को अपनी कर्मभूमि बनाया। 1967 और 1971 के दो चुनाव उन्होंने लगातार जीते। आपातकाल के बाद 1977 हुए चुनाव में राजनारायण के हाथों हार और 1980 में हुए मिडटर्म पोल में यहां बदला चुकाकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद खानदान के अरुण नेहरू और शीला कौल ने दो-दो बार कांग्रेस के टिकट पर रायबरेली की नुमाइंदगी की। वर्ष 1999 में कैप्टन सतीश शर्मा कांग्रेस के टिकट पर ही चुने गए। इसके बाद सोनिया गांधी अमेठी छोड़कर 2004 में रायबरेली से चुनाव लड़ीं। उन्होंने एक उपचुनाव (2006) के साथ पांच बार इस सीट से जीत दर्ज की। इस सीट पर सबसे अधिक वोट शेयर (उपचुनाव में 80.49 प्रतिशत) और सर्वाधिक मतों से जीत का रिकॉर्ड अभी तक सोनिया गांधी के नाम ही दर्ज है। राहुल के चुनाव लड़ने के पहले रायबरेली में 20 चुनाव हुए और 17 चुनाव में कांग्रेस जीत चुकी थी। 2024 का चुनाव राहुल गांधी ने 389341 मतों के बड़े अंतर से जीत कर 103 साल पुरानी पार्टी को जीत के मामले में एक ही चुनाव क्षेत्र में बालिग बना दिया। राहुल गांधी की यह जीत रायबरेली से कांग्रेस की 18वीं जीत है। नि:संदेह रायबरेली कांग्रेस का मजबूत किला है। इस किले को पहली बार भारतीय लोकदल के टिकट पर समाजवादी नेता राजनारायण ने इंदिरा गांधी को 1977 में हराकर भेदा था। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या के बाद गांधी परिवार ने सक्रिय राजनीति से अपने को दूर रखा। इसीलिए वर्ष 1996 और 1998 में अशोक सिंह भाजपा से दो बार सांसद चुने गए। इसके बाद से विपक्ष की सभी कोशिशें बेकार सिद्ध हुई हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



**बदलाव**

डॉ. राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़

*बरसती बारिश की तरह*
*बरस मत जाना।*
*रंगों के साथ खेलते हुए*
*मोहब्बत के रंग*
*रंग मत जाना।*
*जिस्म की चाहत में*
*रूह से मोहब्बत*
*कर न बैठना।*
*दिल्लगी करते-करते*
*कही दिलदार*
*बन न बैठना।*
*आबाद करते हुए*
*लोगों को इश्क में*
*खुद मोहब्बत में*
*बर्बाद न हो जाना।*

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है, जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिन चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुन: वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है।

भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में नरेंद्र मोदी की सबसे अहम भूमिका रही थी, लेकिन पूर्ण बहुमत के बाद भी नरेंद्र मोदी ने गठबंधन का धर्म निभाया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीती जो कि बहुमत से 32 कम हैं। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था, वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं, उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फर्नाडीज जैसे जननेता भी शामिल थे।



लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। इसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृहमंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस के बाहरी समर्थन से प्रधानमंत्री बने, लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिन तक चला क्योंकि कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस कारण 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं। कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं। लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नए दौर को लेकर आए। यह पहली बार था, जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई, जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जब लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था। 1989 से 2004 तक, छह आम चुनाव में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे। 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। यह मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए।

अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के दिग्गज नेताओं में से एक रहे, जिन्होंने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्वकाल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेज हुआ। व्यापार बाधाओं को कम किया गया। देश में आईटी क्रांति का जन्म हुआ। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया और अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए और अतीत में, सफल अल्पसंख्यक सरकारें और भी कम सीटों के साथ चलाई गई हैं।

कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी। मैं मानता हूं कि मोदी जी जनता दल (यू) के नेता नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही।

अब लोकसभ चुनाव के बाद केंद्र में सरकार गठित हो गई है। अब इंडी गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा। आप चुनाव प्राचर के समय तो कुछ भी बोलते हैं, पर चुनाव नतीजों के आने के बाद आपको अपनी बयानबाजी सोच-समझकर करनी होती है। हां, विपक्ष को सरकार को राष्ट्र हित के मसलों पर सजग करते रहना होगा।

लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके बिना लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है, इसलिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बढ़ना होगा। संसद के दोनों सदनों में भी स्वस्थ और सार्थक बहसें हो, यह देश देखना चाहता है। संसद में हंगामा और वॉकआउट ही नहीं होना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने अपनी पार्टी के पुराण पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी को गठबंधन सरकारों को चलाते हुए देखा है। बेशक, वे गठबंधन सरकार को चलाते हुए अटल जी के फैसलों से प्रेरित होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**महोदय**, मैं अनंत ज्ञान समाचार पत्र को नियमित तौर पर पढ़ता हूं। अच्छा अखबार है। नेशनल और स्टेट स्तर के अहम समाचार इस पेपर में पढ़ने को मिल जाते हैं। पहले राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय समाचारों और खेल जगत की खबरों को एक ही पन्ने पर जगह मिलती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से खेल और देश-दुनिया का पेज अलग-अलग बनने से काफी खबरों को स्थान मिल रहा है। स्पोर्ट्स और देश-विदेश के अलग-अलग पेज बनाने का फैसला सही है। इस अखबार का प्रथम प्रथम पृष्ठ तो हमेशा ही अच्छा ही बनता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन और धार्मिक समाचारों को भी पेपर में स्थान दिया जाना सराहनीय है। इससे पाठकों को ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध हो रही है। अगर कोई कमी है, तो वह यह है कि कुछ पन्नों पर दो-दो जिलों की खबरें छापी जा रही हैं। इससे पूरे जिले की खबरों को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है। लोकल खबरों की भी कमी है। उम्मीद है कि पत्र में गिनाई गई खामियों को प्रबंधन की ओर से दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

**राकेश कुमार,**
**लंज ( जिला कांगड़ा )**

**मैं** जिला ऊना के बंगाणा उपमंडल में हटली ग्राम पंचायत का स्थाई निवासी हूं। मेरा क्षेत्र पहाड़ी है और झील के साथ सटा हुआ है। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों और किसानों की समस्याएं बहुत हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो रिवाड, हथलोन, जंदूर आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। युवाओं के रोजगार संबंधी सूचनाएं और शिमला में सरकारी और विभागीय समाचार बढ़ाने चाहिए।

**राजीव कुमार ( हटली )**

**अनंत ज्ञान** समाचार पत्र में हिमाचल प्रदेश की अधिकतम खबरों का समावेश है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की खबरें अभी कुछ कम हैं, जो कि प्रमुखता से प्रकाशित होनी चाहिएं। स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन और खेल कॉलम से भी पाठकों को ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा राज्यों की बड़ी खबरों का भी अनंत ज्ञान समाचार पत्र महत्वपूर्ण जानकारी दे रहा है, जिसके लिए मैं आपकी पूरी टीम का धन्यवादी हूं।

**निशांत धर**
**कुल्लू, मंडी**

**महोदय** जी मैं पंकज कुमार बंगाणा के जसाना गांव का निवासी हूं। मेरी ग्राम पंचायत भी जसाना है जो उपमंडल मुख्यालय से सटी हुई है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र के डिजिटल संस्करण का नियमित पाठक हूं। इसमें खबरें और डिस्प्ले अच्छा है। चुनावों को लेकर रोचक खबरें दी हैं। व्यापारी वर्ग भी अखबार से जुड़े, इसके लिए कुछ अर्थव्यवस्था को लेकर तथा शेयर मार्केट तथा आम लोगों के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुओं लोहा और अन्य धातुओं के दाम की खबरों के अलावा एक्सपर्ट लोगों की राय भी रखनी चाहिए। समस्या मूलक के अलावा रोजगारोन्मुखी समाचार और सूचनाएं अधिक होनी चाहिएं। राज्य की राजधानी में विभिन्न विभागों की जानकारी कम है। राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी वाली विशेष खबरें दी जानी चाहिएं। अपराध से जुड़े चर्चित समाचार भी कम हैं। ऊना में अब हार्ड कॉपी भी अब कलर आ रही है, जो कि बहुत ही अच्छी बात है।

**पंकज कुमार**
**व्यवसाई, ऊना**

**अनंत ज्ञान** समाचार पत्र ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव की कवरेज को काफी अच्छी तरीके से प्रकाशित किया, जो कि सराहनीय है। इसके उपरांत राजनीतिक पन्ने में हिमाचल पन्ना जोड़कर प्रमुख खबरों को स्थान देने की सोच काबिले तारीफ है। अखबार में पाठकों की जरूरत के मुताबिक निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि भविष्य में अखबार सामाजिक जिम्मेदारी बखूबी से निर्वहन करेगा।

**वीरेंद्र ठाकुर, सोलन**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
*Email : editoranantgyaan@gmail.com*
*Whatsapp no. : 88945-21702*

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत प्रतिनिधियों ने कालिया को दी बधाई


गोंदपुर बनेहड़ा लो पंचायत के प्रतिनिधि नवनिर्वाचित विधायक राकेश कालिया के साथ भेंट करते हुए।

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा लो के पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक राकेश कालिया के निवास स्थान पर उनसे भेंट कर उन्हें गगरेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने पर बधाई दी। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधि यशपाल भोगल, एडवोकेट राजकुमारी शर्मा, मजिष्ठा कुमारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### पंचायत बालीवाल में लोगों का स्वास्थ्य जांचा


सांसद मोबाइल स्वास्थ्य योजना में लाभ लेते लोग।

**हरोली।** अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल - सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम के सदस्यों प्रीति मनीष, निहाल ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे गांव व पंचायत बालीवाल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें 70 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 29 के टेस्ट किए गए। इसमें उच्च रक्तचाप और शुगर के 10, जोड़ों के दर्द के 23 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

### गांव नकड़ोह में भंडारे का आयोजन 13 को


पीर गौस पाक ग्यारहवीं वाली सरकार।

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के गांव नकड़ोह में 13 जून को पीर गौस पाक ग्यारहवीं वाली सरकार के दरबार में हर साल की तरह भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पीर दरबार की सेवादार ज्ञानो देवी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के मशहूर कव्वाल सतपाल वशिष्ट दोपहर को और अमान अली खान एंड पार्टी जालंधर वाले रात को महफिल-ए-कव्वाली से पीर बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### स्वयंसेवियों ने पिरथीपुर स्कूल को संवारा

**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास व महिला प्रभारी पूनम देवी के नेतृत्व में सोमवार को एकदिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में फूलों की क्यारियों को संवारा तथा स्कूल मैदान में उगी भांग बूटी कांटेदार झाड़ियों की कांटछांट की। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य परमीत सिंह, हर्बिंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, सुलोचना राणा, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, लेख राज, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, प्रशांत कुमार, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।


स्कूल परिसर में साफ-सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवी।

### कटोहड़ कलां में मोदी की जीत पर लगाई छबील

**अंब।** कटोहड़ कलां में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीठे पानी की छबील व फल बांटे कर जश्न मनाया। इस मौके पर सेवानिवृत्त अभियंता राम पॉल भाजपा महामंत्री अनूसूचित मोर्चा, प्रवीण चौधरी बीडीसी, रविंद्र द्वेदी मंडल अध्यक्ष, जय देव खट्टा जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, समाजसेवी रविंद्र ठाकुर, विजय कुमार, हर बिलास, श्रवण कुमार, कमल देव, लवलू, लेख राज, महिंद्र चौधरी, सत्तपाल, अभिषेक, वेद प्रकाश, चिंत राम, राजेश शर्मा, गुर भगत राम कुमार, रितेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यकर्ता लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाते हुए।

# दोनों दलों को सबक सिखा गया चुनाव

## कहीं न कहीं ऊना जिले के लोगों का राज्य सरकार को ही मिला समर्थन

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले में चुनाव कई संदेश दे गया। कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए जनादेश उपदेश देता हुआ प्रतीत हुआ है। दो विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत ने भाजपा संगठन को संदेश दिया, जबकि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस को सबक भी दिया है। हरोली क्षेत्र ऐसा रहा, जहां लोगों ने स्थानीय नेता का वर्चस्व भी दिखाया है।

भले ही जिला के लोगों का समर्थन हिमाचल की कांग्रेस सरकार को भी मिला है। दो विधानसभा सीटों में अच्छे अंतर से जीत वर्तमान राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर विश्वास दिखाती है। हालांकि एक वोट पीएम को एक वोट सीएम को का नारा ऊना में भी प्रभावी नजर आया, लेकिन कांग्रेस के नेताओं को सबक भी दिया कि यह वोट हरोली को छोड़कर शेष विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को सबक था। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में ऊना जिले से भाजपा प्रत्याशी को 25 हजार से अधिक मतों की बढ़त मिली है।

साफ है कि कांग्रेस के लोकल नेतृत्व की जनता पर पकड़ नहीं है। जिले में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को बढ़त दिलाने में कामयाब रहे। हालांकि इस जिले से कांग्रेस ने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस प्रत्याशी अपने ही गृह विधानसभा क्षेत्र में पिछड़ गए। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर काफी गहमागहमी रही। हमीरपुर संसदीय चुनाव में कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी ऊना से उतारे गए थे। कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा अपने ही विधानसभा क्षेत्र में बढ़त बनाने में नाकाम रहे। वे अपने विधानसभा क्षेत्र में 425 मतों से पिछड़ गए।

इसके अलावा गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त देखने को मिली। यहां 10944 मतों के अंतर से अनुराग ठाकुर को बढ़त हासिल हुई। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से अनुराग ठाकुर को 7931 मतों की लीड प्राप्त हुई। कुटलैहड़ से भी अनुराग सिंह ठाकुर को 7819 मतों की बढ़त मिली है। ऊना जिला में महज हरोली विधानसभा क्षेत्र के से संबंधित उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपन जलवा बरकरार रखा और अपने विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार को 1535 मतों के अंतर से बढ़त दिलाई।

दो विधानसभा उपचुनावों और लोकसभा के चुनावों को लेकर तुलना की जाए तो कांग्रेस ने गगरेट में 8487 मतों की बढ़त भाजपा के प्रत्याशी के मुकाबले अधिक ली है। कुटलैहड़ में भी भाजपा को विधानसभा उपचुनाव में बहुत करारा झटका लगा है। अनुराग ठाकुर को यहां बढ़त मिली और विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की 5356 मतों से जीत कई कुछ बयान कर गई। कहीं न कहीं ऊना के लोगों का समर्थन राज्य सरकार को भी मिला है। (अनंत ज्ञान)

### नंदपुर एसएमसी की नई कमेटी गठित, प्रमोद कुमार दूसरी बार बने प्रधान

**ऊना।** राजकीय उच्च पाठशाला नंदपुर में मुख्य अध्यापक संजीव कुमार की अध्यक्षता में पुरानी एसएमसी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन कर दिया गया है। इसमें प्रधान पद पर प्रमोद कुमार दूसरी बार चयनित हुए। कमेटी के सदस्यों में सपना देवी, सुषमा देवी, कविता वर्मा, रजनी देवी, संतोष कुमारी, रशपाल सिंह, सुरजीत सिंह, नवीन कुमार व मनोनीत सदस्यों में गांव पंचायत प्रधान नंदपुर श्रवण कुमार, ओमप्रकाश उपप्रधान, वार्ड पंच जीवन कुमार चयनित किए गए।

# जिला स्तरीय पीपलू मेले का 17 से 19 जून तक होगा भव्य आयोजन


विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा में अधिकारियों के साथ प्रबंधों की समीक्षा की।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले के बंगाणा उपमंडल में मनाए जाने वाले ऐतिहासिक जिला स्तरीय पीपलू मेले का आयोजन 17 से 19 जून तक किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को मिनी सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली तथा तैयारियों को लेकर प्रबंधों की समीक्षा की।

विवेक शर्मा ने मेले के भव्य आयोजन पर बल देते हुए सभी से इसमें सक्रिय सहयोग का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि मेले के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीपलू मेले का लंबा इतिहास है। इससे लोगों की आस्था जुड़ी है। विवेक शर्मा ने मेले में कुटलैहड़ क्षेत्र की विशिष्टता को प्रदर्शित करती थीम के साथ विशेष गतिविधियां आयोजित करने को कहा। जिला स्तरीय पीपलू मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियां गठित की गई हैं। ये कमेटियां आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का जिम्मा देखेंगी। मेले में विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा मेले में विविध खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर तहसीलदार अमित कुमार ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में जिला और उपमंडल स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## घालुवाल में मिला अज्ञात शव, हत्या की आशंका

**ऊना।** जिला ऊना मुख्यालय से पुराने होशियारपुर रोड पर स्थित गांव घालुवाल में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला है। शव के मुंह पर चोटें के निशान हैं। उसके मुंह को इस प्रकार से क्षतिग्रस्त किया गया है कि जिससे इस शव की पहचान न हो सके। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।

एसपी राकेश सिंह ने पुष्टी करते हुए बताया कि प्रथमदृष्टया में हत्या किए जाने की संभावना है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है क्योंकि यह व्यक्ति कौन है अभी पहचान नहीं हुई है जिस का पता लगाने में पुलिस तथ्य खोजने में लगी हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि धर्मशाला से फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है, जल्द ही दोषी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## पीएम मोदी और नड्डा को कुटलैहड़ की तरफ से बधाई : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं हाल ही में रहे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने और केंद्र में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनने पर बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार बीते दस वर्षों के कार्यकाल में केंद्र की मोदी सरकार का हिमाचल पर विशेष आशीर्वाद रहा है, उसी प्रकार अब आगे पांच वर्षों के कार्यकाल में केंद्र की मोदी सरकार से हिमाचल के विकास को और तीव्रता प्रदान होगी।



भुट्टो ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भारत सरकार में मंत्री बनाने पर केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब 2014 में मोदी सरकार में माननीय जगत प्रकाश नड्डा स्वास्थ्य मंत्री बने थे तो हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के बिलासपुर में एम्स ऊना के लिए 500 करोड़ का पीजीआई सेटेलाइट अस्पताल ऊना के लिए अन्य योजनाओं को स्वीकृत करके जनता को सुविधाएं प्रदान की थीं।

भुट्टो ने कहा कि केंद्र सरकार का हिमाचल की जनता पर विशेष आशीर्वाद रहा है और कुटलैहड़ विस क्षेत्र में केंद्र सरकार के आशीर्वाद से 900 करोड़ लाठियानी मंदली पुल निर्माण के लिए जो स्वीकृत हुआ है, उससे कुटलैहड़ के साथ साथ पूरी हमीरपुर लोकसभा को सुविधा मिलेगी। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और हमीरपुर लोकसभा से अनुराग सिंह ठाकुर पांचवी बार सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भारत सरकार में मंत्री बनकर हिमाचल के साथ साथ कुटलैहड़ विस क्षेत्र में बिकास को गति प्रदान करेंगे।

## शिव वाटिका करवा रही स्वर्ग का अहसास

**अनंत ज्ञान, गगरेट**


शिव वाटिका का मनमोहक दृश्य

मां चिंतपूर्णी के चार शिव रुद्रों में शुमार द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी वैसे तो अपने नैसर्गिक सौंदर्य से हर किसी को मंत्रमुग्ध करता ही है, लेकिन शिवबाड़ी में बनी शिव वाटिका शिव भक्तों को ऐसे मंत्रमुग्ध कर रही है कि जो भी इसे देख रहा है, वह यही कह रहा है कि इस धरती पर कहीं स्वर्ग है तो वह शिवबाड़ी में ही है।

द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी ट्रस्ट के सहआयुक्त सौमिल गौतम की सोच से यहां धरती पर उतरी शिव वाटिका से जो भी गुजर रहा है, उसे यही आभास हो रहा है कि जैसे कैलाश पर्वत की यात्रा पर हो और रास्ते में सुंदर वाटिकाएं उसकी थकान मिटाने के लिए हैं। यही नहीं बल्कि शिवबाड़ी के साथ अपनी व अपनों की यादों को यादगार बनाने के लिए फिर से यहां एक पौधा अपनों के नाम शुरू की गई है, यानी थोड़ी सी राशि खर्च कर आप अपनों की याद में यहां पौधा लगा सकते हैं। इससे पहले भी द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में एसडीएम सौमिल गौतम द्वारा एक पौधा अपनों के नाम योजना शुरू की थी। योजना के अनुरूप कोई भी व्यक्ति किसी अपने की याद में यहां पौधा लगा सकता है।

पौधा व गमला मंदिर ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है और इसकी एवज में पौधा लगवाने वाले को एक हजार रुपए ट्रस्ट के पास जमा करवाने पड़ते हैं। पौधे के साथ जिसकी याद में पट्टिका लगाई जा रही है और जो लगवा रहा है, उसका नाम भी अंकित किया जाता है। इस योजना के तहत पहले भी काफी पौधे लगाए गए और अब फिर से इस योजना को शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां स्थापित की जा रही शिव वाटिका अपना अंतिम आकार ले रही है।

कुछ समय बाद जब यह बनकर तैयार होगा तो निसंदेह यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति का एहसास करवाएगी। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि द्रोण महादेव शिव मंदिर को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इसी के तहत अब एक पौधा अपनों के नाम योजना फिर से शुरू की जा रही है।

## शीतला माता सुंदरनगर के मेले का पूर्व सीपीएस ने किया शुभारंभ


श्री शीतला माता भौण कलौहड़ के वार्षिक मेले का शुभारंभ करते सोहन लाल ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर के प्रसिद्ध श्री शीतला माता भौण कलौहड़ का वार्षिक मेले का शुभारंभ रविवार शाम को पूर्व सीपीएस व पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहन लाल ठाकुर ने किया। उन्होंने माता की ज्योति प्रज्वलित की।

पहली संध्या में लक्ष्मी ज्योति म्यूजिकल ग्रुप चंडीगढ़ द्वारा माता का जागरण किया। मंदिर कमेटी के सचिव बाल चंद वालिया ने बताया कि इस बार मेले का मुख्य आकर्षण में दो भजन संध्याएं और विशाल कुश्ती प्रतियोगिता है। कुश्ती में देश व प्रदेश के नामी पहलवान भाग लेकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे हैं। इस दौरान मेले में हजारों की तादाद में श्रद्धालु भाग लेकर श्री शीतला माता का आशीर्वाद ले रहे हैं।

दूसरी भजन संध्या मंगलवार को होगी। इसमें स्थानीय महिला मंडलों द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुधवार को दोपहर एक बजे कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन मेले का समापन सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल करेंगे।

## महेश कुमार सर्वसम्मति से भंजाल स्कूल एसएमसी के प्रधान निर्वाचित


भंजाल स्कूल के सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए एसएमसी सदस्य।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राजकीय माध्यमिक पाठशाला भंजाल में सोमवार को स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा का आयोजन किया गया। पाठशाला की प्रधानाचार्य सरला ठाकुर की अध्यक्षता में आम सभा आयोजित की गई।

इसमें एसएमसी. की पिछली कार्यकारिणी को भंग किया गया, साथ ही 2024-27 के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसमें महेश कुमार को सर्वसम्मति से समिति का प्रधान चुना गया। इस अवसर पर करीब 14 अन्य सदस्य भी सर्वसम्मति चुने गए।

यह जानकारी स्कूल एसएमसी. कमेटी के कार्यालय इंचार्ज विनय कुमार ने दी। इस अवसर पर पंचायत के उपप्रधान राजेश ठाकुर, लेक्चरर राजन शर्मा, अनु शर्मा, सीमा सोहाल, सुरेश ठाकुर, राजन कुमार, मुकेश कुमार, मनोज, रजनी शर्मा, विनोद, सुनील ठाकुर, नरेश कंवर, मनीष ठाकुर, स्मृति चौधरी, राजकुमार कौंडल एवं अन्य सदस्य उपस्थिति रहे, साथ ही इस मौके पर एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पंचायत के उपप्रधान राजेश ठाकुर और एसएमसी के नवनिर्वाचित प्रधान महेश कुमार ने बताया कि पाठशाला में विकास कार्यो को पूरा सहयोग दिया जाएगा। उधर, स्कूल प्रशासन ने नवनिर्वाचित एसएमसी कमेटी को सर्वसम्मति से चयन पर बधाई दी है।

## किन्नौर ने सिरमौर को हराया

**ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत सिरमौर का मुकाबला किन्नौर के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में सोमवार को खेला गया। सिरमौर की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सिरमौर की टीम ने 40.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 124 रन बनाए। ईशा कपूर ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। नताशा नेगी, साक्षी और सुष्मिता कुमारी ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। किन्नौर के बल्लेबाज पूजा नेगी ने 52 रन बनाए, अपनी पारी में पूजा नेगी ने 9 चौके लगाए। बीजू वॉरियर्स ने 32 रन नाबाद बनाए, जबकि मधु ने 15 रन नाबाद बनाए।

सिरमौर की गेंदबाज स्वस्तिका ने एक विकेट प्राप्त किया। किन्नौर की टीम ने अपना लक्ष्य 19.3 ओवर में एक विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। यह मैच को 9 विकेट से जीत कर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करवाई।

# मोदी के प्रधानमंत्री बनने और जेपी नड्डा के केंद्रीय मंत्री बनने पर बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


बंगाणा बाजार में खुशी मनाते भाजपा के कार्यकर्ता।

कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने महामंत्री राजेंद्र मलांगड़ की अध्यक्षता में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र में मोदी सरकार पार्ट थ्री बनने पर एवं हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर से संबंधित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भारत सरकार में मंत्री बनाने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई और केंद्र सरकार को बधाई दी।

राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि देश की जनता ने एक बार फिर मोदी सरकार पर विश्वास जताते हुए लगातार तीसरी बार केंद्र में एनडीए सरकार को पूर्ण बहुमत देकर इतिहास रचा है। वहीं, हिमाचल से संबंध रखने वाले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भारत सरकार में मंत्री पद देकर हिमाचल की जनता का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को मोदी सरकार का पहले भी फायदा हुआ था और आगे भी मोदी सरकार और विशेष कर जगत प्रकाश नड्डा के भारत सरकार में मंत्री बनने का भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर से लगातार पांचवीं बार लोकसभा से संसद बने अनुराग सिंह ठाकुर हमेशा हमीरपुर लोकसभा के साथ कुटलैहड़ पर विशेष आशीर्वाद रखते हैं और उनके आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस क्षेत्र को बड़ी योजनाएं मिली हैं।

राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि जिस प्रकार देश में भाजपा का भाग प्रतिशत मतदान में बढ़ रहा है, उससे कहीं न कहीं मोदी सरकार की लोकप्रियता भी देश में बढ़ रही है। हिमाचल के निवासी जगत प्रकाश नड्डा जब केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे तो उन्होंने हमीरपुर लोकसभा के साथ-साथ हिमाचल के लिए बड़ी सौगातें दी थीं। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, अभय राणा, सुभाष शास्त्री, बीडीसी सदस्य एवं कुटलैहड़ भाजपा उपाध्यक्ष राज कुमार मनकोटिया, मोनू ठाकुर, विजय मलांगड़, रिशु वन्याल के अलावा भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अभिनंदन** कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा का बंगाणा में लोगों ने किया भव्य स्वागत

# कुटलैहड़ को बनाया जाएगा आदर्श विधानसभा क्षेत्र : विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


बंगाणा में नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा समर्थकों के साथ।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक ने मुच्छाली जिला पार्षद वार्ड में करीब दस पंचायतों में अभिनंदन जन संपर्क अभियान के तरह जनता का आभार प्रकट किया। वहीं, समर्थकों ने डीजे और बैंडबाजों से विधायक विवेक शर्मा का स्वागत किया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की समस्त जनता का इस आशीर्वाद के लिए आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कुटलैहड़ का विकास करवाना है। कुटलैहड़ के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आएगी। हम सीधे कुटलैहड़ की जनता से संपर्क बनाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

विवेक शर्मा ने कहा कि राजनीति द्वेष भाव से काम करना या करवाना हमारी सोच में नहीं है। कुटलैहड़ की जनता का जनादेश हमें इसलिए मिला है कि हम कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं का समाधान करवा सकें। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में 62 पंचायतें और 118 बूथ हैं। हमने एक रोड मैप के माध्यम से कुटलैहड़ की हर पंचायत, हर बूथ पर जाकर कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं का समाधान करवाना है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी को सुचारु रूप देने के लिए पहली प्राथमिकता होगी और बहुत जल्द सभी उपमंडल बंगाणा के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा कुटलैहड़ के समग्र विकास की रिपोर्ट तैयार की जाएगी ताकि राज्य सरकार की हर जन कल्याण योजना कुटलैहड़ के हर परिवार तक पहुंचे। जिस विश्वास के साथ मुझे कुटलैहड़ की जनता ने कुटलैहड़ का नेतृत्व करने को दिया है, उस विश्वास को ठेस नहीं लगने दूंगा।

विवेक शर्मा ने कहा कि उपमंडल बंगाणा के सभी कार्यकालों में जो बीते डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में विकासात्मक कार्यों की फाइलें हैं, उनकी जांच-पड़ताल होगी और अगर कोई धांधली या भ्रष्टाचार हुआ होगा तो निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जोनू राजपूत, दिलबाग सिंह राणा, मुनीश शर्मा, लक्कू आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### जल्द होगा कुटलैहड़ में सीएम का प्रवास, मिलेंगी सौगातें

कुटलैहड़ से कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बहुत जल्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सीएम प्रवास करवाया जाएगा। कुटलैहड़ विस क्षेत्र को बड़ी सौगातें दिलाई जाएंगी। पूर्व में जो भी योजनाएं ठंडे बस्ते में पड़ी हैं, उनका भी विधिवत शुभारंभ होगा। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के साथ चर्चा करके नई योजनाओं का एक खाका तैयार किया जाएगा और नवीनीकरण करके कुटलैहड़ विस क्षेत्र से सदा के लिए पानी की समस्या को दूर किया जाएगा।

### कुटलैहड़ को बनाएंगे शांति स्वरूप क्षेत्र

विवेक शर्मा ने कहा कि बीते डेढ़ वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जो तनावपूर्ण माहौल बना था और राज्य सरकार को बदनाम करने की स्थिति बनी हुई थी। उसे हम जड़ से खत्म करेंगे। कुटलैहड़ विस क्षेत्र को एक शांति और आदर्श क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर सरकारी कार्यलय में चंद लोग मनमानी करते रहे हैं और स्थिति को हर समय तनावपूर्ण करते रहे हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हर अधिकारी कर्मचारी का सम्मान होगा। मान-सम्मान के साथ कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास को गति प्रदान की जाएगी।

# सब्जी मंडियों के आसपास यातायात व्यवस्था होगी सुदृढ़

## सेब सीजन-2024 की तैयारियों को लेकर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि सेब सीजन शुरू हो रहा है और बागवानी विभाग के एक अनुमान के अनुसार इस साल जिले में पिछले साल की तुलना में सेब की फसल अधिक होने की संभावना है।

सोमवार को सेब सीजन-2024 की तैयारियों को लेकर डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सेब सीजन सुचारु ढंग से चले इसके लिए अभी से सभी हितधारक तैयारियां शुरू कर दें। बैठक में अवगत करवाया गया कि सेब विपणन के लिए कार्टन की कोई कमी नहीं है। इसी तरह ट्रकों की भी कमी नहीं है। फल उत्पादक संघों व आढ़तियों ने इस बात को सुनिश्चित बनाया है कि ट्रकों की उपलब्धता तथा किराये की दरें वे आपसी सहमति से तय कर लेते हैं। इसमें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आती है। डीसी ने कहा कि सीजन के दौरान सब्जी मंडियों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि लुहरी से खेग्सू सड़क तथा खराहल घाटी के देहनीधार सड़क को यातायात के लिए ठीक करवाएं। उन्होंने उपमंडल स्तर पर भी सभी एसडीएम को इससे संबंधित बैठक करने के निर्देश दिए। डीसी ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से कहा कि सेब सीजन के दौरान संपर्क मार्गों को सही हालत में रखें। ट्रकों की उपलब्धता पर ट्रक यूनियनों ने कहा कि वे अपने स्तर पर यह व्यवस्था कर लेते हैं और ट्रकों को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं होती। बैठक में जानकारी दी गई कि मंडी में आने वाली 20 किलो सेब की क्रेट पर 2 किलो क्रेट का वजन काटने का नियम है, यदि इस नियम की अवहेलना होती है, तो बागवान इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को दे सकते हैं। एपीएमसी की तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि गत वर्ष एपीएमसी के 39 सेब केंद्र स्थापित किए गए थे तथा इस वर्ष भी एपीएमसी के क्रय केंद्र मंडियों में ही स्थापित किए जाएंगे, ताकि बागवान सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम पर अपना उत्पाद बेचने पर मजबूर न हो।



सेब सीजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में डीसी अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

### अर्ली वैरायटी भी जल्द ही मंडी में पहुंचेगी

एपीएमसी की ओर से जानकारी दी गई कि सीजन की शुरुआत लोअर बेल्ट से हो चुकी है तथा प्लम की फसल मंडी में आनी शुरू हो गई है। सेब की अर्ली वैरायटी भी जल्द ही मंडी में पहुंच जाएगी तथा इटालियन वैरायटी के सेब जैसे कि रेडलम गाला, रेड वेलोक्स आदि भी जल्द ही मंडी में पहुंचने के लिए तैयार हैं। कुल्लू के अधिकतर क्षेत्र से सेब जून माह से ही मंडी में पहुंचना शुरू हो जाता है।

## आग की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई अमल में लाएं



**कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने फायर सेफ्टी से संबंधित कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी संबंधित विभागों को जिले में फॉरेस्ट फायर तथा डोमेस्टिक फायर की घटनाओं की रोकथाम के लिए समय पर कदम उठाने के लिए कहा। आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई को अमल में लाया जाए और पानी के टैंक तथा वाटर हाइड्रेंट जैसे संसाधनों को आग से नियंत्रण के उपयोग के लिए अधिक सुचारु बनाया जाए। डीसी कुल्लू ने वन विभाग को पंचायत पदाधिकारियों, प्रधान, उपप्रधान वार्ड सदस्य आदि को जंगल में आग लगने की संभावना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने तथा आग बुझाने के लिए सुरक्षाकर्मियों को स्थानीय लोगों के सहयोग से कार्य करने के लिए कहा। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला ग्रामीण अभिकरण के माध्यम से बनी समस्त जल स्रोतों, टैंकों, बावड़ियों आदि की सफाई तथा उनकी दुरुस्ती को सुनिश्चित करें, ताकि आगजनी की स्थिति में इन सभी जल स्रोतों का प्रयोग अग्निशमन के लिए सुनिश्चित बनाया जा सके। उपायुक्त ने उपमंडल स्तर पर भी आगजनी की समस्याओं तथा जंगल की आग से निपटने के लिए बनाई गई कमेटियों की बैठक करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि उपमंडल स्तर पर अग्निशमन के लिए कन्वर्जेंस में कार्य किए जा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मयाड़ घाटी को आज दोपहर से दौड़ेंगी एचआरटीसी बसें

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले की मयाड़ घाटी के लिए मंगलवार से एचआरटीसी की दोपहर वाली बस सेवा को नियमित तौर पर बहाल कर दिया जाएगा। उक्त बस सेवा के बहाल होते ही जहां मयाड़ घाटी के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, वहीं ग्रामीणों को टैक्सियों में सफर करने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। लाहौल-स्पीति की नवनिर्वाचित विधायक अनुराधा राणा ने मयाड़ घाटी के लिए एचआरटीसी की दोपहर को चलने वाली बस सेवा को जल्द बहाल करने के निर्देश निगम प्रबंधन को दिए थे, जिसपर निगम के अधिकारियों ने मंगलवार से उक्त बस सेवा को नियमित तौर पर बहाल करने की बात कही है। यह बस दोपहर साढ़े बारह बजे उदयपुर से घाहरी चिमरेट करपट छलिंग और खंगजर तक जाएगी। यहां बता दें कि लाहौल-स्पीति की मयाड़ घाटी सबसे खूबसूरत घाटियों में से एक है। एक तरफ हर वर्ष देश-विदेश से पर्यटक मयाड़ घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं, वहीं घाटी में एचआरटीसी की बस सेवा के बहाल होने से लोगों को घाटी के विभिन्न गांवों तक पहुंचने में असानी होगी। उधर, विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा का कहना है कि मयाड़ घाटी के लोगों की मांग पर उन्होंने निगम के अधिकारियों को मयाड़ घाटी के लिए दोपहर के समय चलने वाली बस सेवा को जल्द बहाल करने को कहा था, जिस पर मंगलवार से उक्त बस सेवा को बहाल करने की बात निगम के अधिकारियों ने कही है।

### स्काउट्स एंड गाइड्स ने चलाया सफाई अभियान



**कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काईस में भारत स्काउट्स और गाइड्स जिला कुल्लू की ओर से आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन जिले भर के स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत स्काउट्स एवं गाइड्स ने रैली और स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सभी प्रतिभागियों को काईस मंदिर और काईस गोंपा हाइक के रूप में भ्रमण करवाया गया और स्काउटिंग के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोपहर बाद सभी स्काउट्स और गाइड्स का लिखित टेस्ट करवाया गया, जिसके माध्यम से तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का परिणाम घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित विशेष सत्रों में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट्स) मनोहर लाल ठाकुर और राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट्स) पंकज गुप्ता ने बच्चों को प्रेरित किया और महत्वपूर्ण शिक्षाएं प्रदान कीं।

### अंकुश की चित्रकला को मिल रहा कलाप्रेमियों का प्यार



**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर जिला कुल्लू में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित पंजाब के मशहूर चित्रकार अंकुश अठी की कला प्रदर्शनी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। अंकुश अठी पेशे से अध्यापक हैं। चित्रकार ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मनाली, रोहतांग, कांगड़ा के धर्मशाला, नेपाल, होशियारपुर की वादियों के प्राकृतिक सौन्दर्य को चित्रों में दिखाया है। चित्रकार की ओर से चित्र बनाने के लिए जलरंगों का प्रयोग किया गया है। कलाकार की ओर से बनाए गए चित्रों को देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों की भीड़ लग रही है। चित्रकार का कहना है कि वे पेशे से अध्यापक हैं एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी चित्रकला के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि किस तरह सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण के प्रति सजग रहा जा सकता है। चित्रकला एक समाज का दर्पण है कि किस प्रकार आने वाली पीढ़ियों को नशे के कुप्रभाव से दूर रखा जा सकता है। चित्रकार अंकुश द्वारा वन्य प्राणियों के भी मनमोहक चित्र बनाए गए हैं, जो दिन-प्रतिदिन लुप्त होते जा रहे हैं।

### बजौरा स्कूल के छात्रों ने झटके 22 पदक



**भुंतर।** बजौरा स्कूल के दस बच्चों का चयन राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता के लिए हो गया है। राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित होने जा रही है। तृतीय राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता जो कि इसी माह 8 व 9 जून को सुंदरनगर के महादेव में संपन्न हुई थी, जहां पर इस प्रतियोगिता में आठ जिलों के लगभग 250 से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा के 22 छात्रों ने भाग लिया। इन छात्रों ने तीन गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर मेडल, 12 कांस्य मेडल हासिल किए और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया, जिमसें स्नेहा ठाकुर ने गोल्ड, डिंपल और रिया राणा ने सिल्वर, आरती ने गोल्ड, दमिक्षा ने कांस्य, भावना, दीपाली और साक्षी ने सिल्वर, सुनैना, कल्पना, कृष्णा और कीर्ति ने कांस्य मेडल हासिल किया।

## रास्ता रोककर की मारपीट, गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पुलिस थाना कुल्लू के अंतर्गत रास्ता रोक कर मारपीट करने, गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार कृष्णा देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह, निवासी गांव डाबरी डाकखाना मौहल तहसील भुंतर जिला कुल्लू ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि आठ जून को वह जब अपने चालक संजीव कुमार के साथ कुल्लू आ रही थीं, तो उस समय दुनी चंद, विजय कुमार और लाला चंद वार्ड पंच ने उनका और उनके चालक संजीव कुमार का रास्ता रोककर गाली-गलौज किया, इसके साथ ही उन लोगों ने जान से मारने की धमकियां दीं। कृष्णा देवी ने बताया कि इससे पहले भी 6 जून को जब वह अपने पति सुरेंद्र सिंह को अपनी गाड़ी से इलाज के लिए तेगुबेहड़ अस्पताल चालक संजीव कुमार व भाई बुधि सिंह के साथ गई थीं, उस समय भी रात के करीब 12.30 बजे घर जा रही थीं, तो दुनी चंद, विजय कुमार, मानदासी, लाला चंद ओर राजू ने मिलकर उनके पति सुरेंद्र सिंह, चालक के साथ मारपीट की थी और इस दौरान इन लोगों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी स्कूटी को खड़ा कर दिया था। अब ये सभी लोग मिल करके उन्हें व उनके पति सहित चालक संजीव को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने आशंका जताते हुए बताया कि ये सभी लोग मिलकर हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं। छह जून को हुई झड़प में विजय ने उनके सोने की चैन को भी तोड़ दिया था, जो कि अब गुम हो गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है साथ ही इस संदर्भ में छानबीन भी शुरू कर दी है।

## देश के सबसे ऊंचे दिल्ली-लेह मार्ग पर आज से दौड़ेगी एचआरटीसी बस

**कमलेश वर्मा, केलांग**

देश के सबसे ऊंचे दिल्ली-लेह मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम मंगलवार से बस सेवा शुरू करने जा रहा है।

पहले जहां दिल्ली से निगम की बस चलकर रात को केलंग रुककर दूसरे दिन लेह के लिए रवाना होती थी, वहीं, इस वर्ष पहली बार एचआरटीसी की यह बस दिल्ली से सीधे लेह एक दिन में पहुंचाएगी। निगम की ओर से यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। 1100 किमी का मात्र 1697 रुपए किराया देकर लगभग 28 या 30 घंटे के सफर में एचआरटीसी की ये बस खूबसूरत वादियों से होकर गुजरेगी। देश के लगभग 1100 किमी लंबे दिल्ली-मनाली-लेह मार्ग पर एचआरटीसी बस मंगलवार से अपनी बस सेवा शुरू करने जा रही है।

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मार्ग पर भेजी गई दो बसें सफलतापूर्वक लेह और फिर वहां से वापस केलंग पहुंचने के बाद ही निगम की ओर से बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### यह रहेगी समय सारिणी

मंगलवार को सुबह 5.00 बजे केलंग से लेह की ओर निगम की बस रवाना होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस बस सेवा के दिल्ली से प्रस्थान समय में भी परिवर्तन किया गया है। यह बस अब केलंग में रात्रि ठहराव नहीं किया करेगी। नई समय सारिणी के अनुसार अब यह बस दिल्ली से दोपहर 12:15 बजे तथा चंडीगढ़ से शाम को 6:10 पर चलकर सुबह पांच बजे तक केलंग पहुंच जाया करेगी तथा केलंग से सुबह 5:30 पर लेह के लिए रवाना हो जाएगी।

> हिमाचल पथ परिवहन निगम आज से दिल्ली-लेह रूट पर बस सेवा शुरू करने जा रहा है। पहली बार एचआरटीसी की बस में यात्री दिल्ली से बिना कहीं रुके एक ही दिन में लेह पहुंचेंगे। इस बार स्वारघाट से लेकर अटल टनल तक कई टनलों का निर्माण होने से सफर 91 किलोमीटर कम हुआ है, इस सफर में अब छह घंटे कम लगेंगे। इस रूट पर तीन चालक व दो परिचालक अपनी सेवाएं देंगे।
>
> **उमेश शर्मा, कार्यकारी क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी केलंग।**

## प्रवासी श्रमिकों के बनेंगे राशन कार्ड

**कुल्लू।** प्रवासी श्रमिकों से राशन कार्ड बनवाने का कार्य श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत उन सभी प्रवासी श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन कार्ड जारी करने के लिए किया जा रहा है, जो अभी तक राशन कार्ड से वंचित हैं। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू शिव राम ने कहा कि जिले के शहरी क्षेत्रों में राशन कार्ड खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के संबंधित निरीक्षक द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित पंचायत सचिवों द्वारा जारी किए जाएंगे। राशन कार्ड प्राप्त करने के लिए आवेदन के साथ ही श्रमिक कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति और यदि कोई पारिवारिक सदस्य हो तो उनका ब्यौरा एवं आधार कार्ड की छाया प्रतियां देनी होंगी।

## कुल्लू को मंत्री पद न मिलने से लोगों में थी नाराजगी, चुनाव में हुआ नुकसान : हेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक होटल शोभला परिसर कुल्लू में संपन्न हुई।

इस बैठक में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हार के कारणों के बारे में बूथ प्रभारियों से चर्चा की गई और जो कमियां रह गई हैं उनको दूर करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इसको लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर ने अपने विचार रखते हुए हार के कारणों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि लोगों में कुल्लू से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री पद न मिलने के बारे में भी बहुत नाराजगी थी, जिसका नुकसान चुनावों में उठाना पड़ा। इस दौरान कुल्लू के विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ने कहा कि जो विधानसभा में विकास के कार्य रुके पड़े हैं, इन्हें जल्द शुरू किया जाएगा और आने वाले समय में बूथ कमेटियों को और सुदृढ़ करके इनमें नए सदस्य जोड़े जाएंगे।


कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस की बैठक के दौरान पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## जल शक्ति विभाग बारे कोई गुमराह करे तो करें सूचित

**मनाली।** जल शक्ति विभाग उपमंडल मनाली के सहायक अभियंता अजय गुप्ता ने कहा कि विभाग ने किसी को भी पानी के बिल की उगाही करने के लिए अधिकृत नहीं किया है।

सभी लोग बिल की अदायगी ऑनलाइन या कार्यालय में आकर करें और उसकी उचित रसीद लें। एसडीओ ने कहा कि उनके संज्ञान में यह बात आई है कि जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना पुराना पहचान पत्र बता के होटल मालिकों से पैसे की उगाही कर रहे हैं।

वह लोगों को गुमराह कर अपने को विभाग का कर्मी बता रहे हैं। वह ठगने की मंशा से यह भी कहता है कि वह बिल कम कर देगा या पानी का कनेक्शन लगा देगा। अगर आप के साथ कोई ऐसी बातें करता है, तो आप सतर्क हो जाएं। उन्होंने मनाली वासियों से आग्रह किया कि किसी को भी पैसे न दें चाहे वह कोई भी हो।

अगर कोई भी व्यक्ति पैसे कि मांग करता है, तो सीधा पुलिस में शिकायत दर्ज करें या विभाग को सूचित करें।

## मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने की खुशी में रथ मैदान में मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू भाजपा के पदाधिकारियों ने केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने की खुशी में कुल्लू में जश्न मनाया।

जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में सभी ने मिठाई बांटी व रथ मैदान कुल्लू में जमकर आतिशबाजी की। भाजपा पदाधिकारियों ने तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रचा है। अरविंद चंदेल ने पूरे जिला वासियों को केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर बधाई दी। अरविंद ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को केंद्रीय मंत्री बनने पर प्रसन्नता जताई। नड्डा के मंत्री बनने पर हिमाचल के चहुंमुखी विकास को पंख लगेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरोतम ठाकुर, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, संजीव शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम, सह मीडिया प्रभारी लोकेश भवानी, जिला कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।


मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर कुल्लू में जश्न मनाते भाजपा पदाधिकारी।

## शालिनी वत्स दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र समिति की सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कंडाघाट कॉलेज में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र समिति का गठन किया गया है।



इस नव गठित समिति दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र का नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) की सचिव शालिनी वत्स को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस समिति की स्थापना 7 जून को कंडाघाट कॉलेज में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा की गई है। कुल्लू से संबंध रखने वाली शालिनी वत्स विकलांगता के क्षेत्र में 22 वर्षों से अधिक का समर्पित अनुभव लेकर इस समिति में बतौर सदस्य जुड़ी हैं, जो कि एक मान्यता प्राप्त विकलांगता विशेषज्ञ के रूप में, विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण और समावेशन के लिए उनका व्यापक ज्ञान और अटूट प्रतिबद्धता समिति के मिशन के लिए अमूल्य होगी।

**प्रदर्शन** | प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर बीडीओ आफिस पहुंचे गाहर पंचायत के लोग

## गाहर पंचायत प्रधान के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

नग्गर खंड के तहत आने वाली गाहर पंचायत में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को पतलीकूहल में गाहर पंचायत के लोगों ने पंचायत प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी नग्गर से मिलकर लोगों के द्वारा सौंपे गए प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

ग्रामीण पिछले दिनों डीसी के पास भी प्रधान की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इस दौरान पंचायत के उपप्रधान चमन, वार्ड पंच मिनाक्षी, पूनम आदि ने बताया कि सेऊबाग गाहर फाड़मेहा सड़क बंद करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है और पंचायत के अंदर पंचायत का बजट सेऊबाग पुल के समीप ब्यास नदी के किनारे खर्च किया जा रहा है। सारा का सारा पैसा ब्यास नदी में बह रहा है और साथ में पंचायत गाहर फाड़मेह सड़क की हालत बहुत खराब है। वहां पर विकास का कोई भी कार्य पंचायत के अंदर नहीं हो रहे हैं और पंचायत प्रधान के कार्य पूरी तरह से जनता के विरुद्ध हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि सेऊबाग गाहर फाड़मेह सड़क रोकने को भी पूरी तरह से पंचायत प्रधान रोहित वत्स षड्यंत्र रच रहा है। गाहर पंचायत की जनता ने पंचायत प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है।

आज जनता ने बीडीओ ऑफिस नग्गर ब्लॉक पतलीकूहल में आकर यह जो अविश्वास प्रस्ताव 20 तारीख को पिछले महीने को दिया गया था, उस पर कार्रवाई अमल लाने में आग्रह किया गया। जब प्रधान के पास बात करने का कोई मुद्दा ही नहीं रहा, तो दर्जनों लोगों के जरिए एक झूठे प्रोपगेंडा के तहत गांव वालों को एक बार फिर से गुमराह करने की कोशिश की गई, जिसका करारा जवाब आज सैकड़ों ग्रामीणों ने जनसैलाब में आकर दिया है। उधर, बीडीओ नग्गर मुकेश कुमार का कहना है कि पिछले माह उनके पास जहां गाहर पंचायत के उपप्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था।

गाहर के ही कुछ लोगों ने उनके पास आकर बताया कि जो अविश्वास प्रस्ताव आया है, उसमें उनके साइन कोरे कागज पर लिए गए हैं। वहीं, गाहर पंचायत के प्रधान रोहित वत्स धामी ने कहा कि कुछ लोग उनकी छवि खराब करने को लोगों के झूठे साइन कर विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


प्रधान के खिलाफ लामबंद लोग बीडीओ कार्यालय नग्गर में प्रदर्शन करते हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### शीतोष्ण फलों के प्रबंधन पर कार्यशाला

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के फल विज्ञान विभाग ने विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में शीतोष्ण फलों में उद्यान प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस कार्यशाला में लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंद्र देव ने किया। नौणी पंचायत के प्रधान मदन हिमाचली और अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक महासंघ के पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में उच्च घनत्व वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रही अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। पहले दिन प्राकृतिक खेती पर केंद्रित किसान-वैज्ञानिक संवाद सत्र आयोजित किया गया।

### संगत के लिए विशेष लंगर का आयोजन

**नाहन।** जिला सोलन के नालागढ़ से आने वाले आधा दर्जन गांव के लोग नेशनल हाईवे कालाअंब-पांवटा साहिब से होकर हेमकुंड साहिब को जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक वर्ष नाहन के रुखड़ी में लंगर का विशेष आयोजन करते हैं। यात्रा के दौरान यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को रहने खाने-पीने समेत स्वास्थ्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाती हैं। प्रत्येक वर्ष यहां आधा दर्जन गांवों के लोग संयुक्त रूप से इस सेवा कार्य को अंजाम देते हैं और यहां सभी धर्मों के स्थानीय लोग भी लंगर में सेवा करने व अपना सहयोग देने पहुंचते हैं। मीडिया से बात करते हुए लंगर के मुख्य सेवादार अमरीक सिंह ने बताया कि वह 2011 से यहां लंगर समेत श्रद्धालुओं के लिए रहने खाने-पीने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कार्य करते आ रहे हैं। गांव लही, गुल्लरवाला, गनुवना की संगत की ओर से मिलकर यह कार्य किया जाता है। यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को तीनों समय लंगर, रहने के लिए कमरे व यदि किसी की तबीयत बिगड़ती है, तो उन्हें स्वास्थ्य सुविधा भी दी जाती है।

### यशपाल को मिला एकता राष्ट्रीय यूथ अवार्ड

**सोलन।** इंटरनेशनल ट्राइबल कल्चरल यूथ फेस्टिवल-2024 बनपुर उड़ीसा में हिमाचल प्रदेश के सोलन निवासी यशपाल कपूर को एकता राष्ट्रीय यूथ अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। एकता परिषद बनपुर और प्रोजेक्ट प्वाइंट उड़ीसा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंटरनेशनल ट्राइबल फेस्टिवल के दौरान आयोजित सम्मान समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एकता परिषद और प्रोजेक्ट प्वाइंट संस्था ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा व अन्य कार्यों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 25 लोगों को सम्मानित किया। इसमें हिमाचल के एकमात्र समाजसेवी यशपाल कपूर भी शामिल हैं। उन्हें यह पुरस्कार शांति और सद्भावना के लिए दिया जा रहा है। कपूर पिछले एक दशक से हिमाचल में नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) समेत दो दर्जन सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। युवाओं को राष्ट्रीय एकता से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्यरत रहते हैं। साथ ही स्कूलों व कॉलेज में एनएसएस छात्रों को समाजसेवा, राष्ट्रीय एकता के साथ मीडिया लिट्रेसी के बारे में भी समय-समय पर जागरूक करते हैं।

### आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 132 केवी चमाकड़ी पुल सब-स्टेशन में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 11 जून को कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान 11 जून को बिजली अनुभाग दाड़लाघाट, चंडी, ग्याना, धुंदन, भराड़ीघाट, नवगांव और कंधर के तहत आने वाले सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी लोगों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है। बिजली लाइन का मरम्मत कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

### गेहूं का बीज न खरीदने पर किसानों ने किया विरोध

**बीबीएन।** नालागढ़ के कृषि फार्म मंझौली में किसानों से गेहूं बीज न खरीदे जाने पर प्रदर्शन किया। गेहूं बीज की खरीद न होने से ग्रेडिंग मशीन भी बंद रही। किसानों का कहना था कि ऐसा पहली बार हुआ है कि जब जून माह के दस तारिख हो गई है और किसानों को गेहूं का बीज नहीं लिया पाया है। बजट के अभाव में किसान दूसरी फसल कैसे लगाएंगे, जबकि अभी पहली फसल ही नहीं बिकी है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द उनका बीज नहीं उठाया, तो विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे। नालागढ़ के किसान मोहन सिंह, सदा राम, सर्वजीत सिंह, जीतू, विजेंदर सिंह, रमन सिंह, अवतार सिंह आदि किसान मंझौली फार्म पर एकत्रित हुए। किसानों ने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने विभाग के कहने पर अपने खेतों में गेहूं का बीज लगाया, लेकिन अब यह बीज उनके लिए मुसीबत का कारण बन गया है। इसी माह खरीफ की फसल लगनी शुरू हो जाती है, लेकिन अभी तक किसानों को पुरानी फसल ही नहीं बिक पाई है। कृषि विशेषज्ञ संदीप गौतम ने बताया कि उन्होंने निदेशक के आदेश पर बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर जिलों के कृषि अधिकारियों को गेहूं उठाने के लिए पत्राचार किया है। बिलासपुर कृषि विभाग ने 1834 क्विंटल बीज उठा लिया है, लेकिन हमीरपुर व मंडी ने बीज नहीं उठाया है, जिसके चलते गेहूं रखने के लिए जगह नहीं बची है।

### शपथ लेते ही सम्मान निधि की किस्त की जारी

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि खुशी वह जो मिलकर बांटी जाए प्रयास वह जो सबके काम आए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ लेने के पश्चात सर्वप्रथम आज देश के किसानों को किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की है। जो न तो किसी जाति न किसी धर्म न संविधान को खतरा बताकर दी गई है। भाजपा यह मानती है वह विश्वास करती है देश को अगर आर्थिक तौर पर सुदृढ़ करना है, तो देश की मूलभूत व्यवस्था कृषि में कार्यरत किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत करना प्रथम प्राथमिकता एनडीए तीन की सरकार की है। 17वीं किश्त समर्पित कर के देश के सामने अनेक चुनौतियां उभर कर आ रही हैं। विदेशी ताकते एक चुनौती के रूप में उभर रही है। जिस प्रकार कुछ देशद्रोही ताकतों ने कल जम्मू के नजदीक रियासी जिले में एक बस के भाजपा सांसद कंगना रनौत के साथ हुई बदतमीजी को बहादुर में परिवर्तित करने वाली विचारधारा एक गंभीर संदेश दे रही है।

# सोलन में 20 साल से नहीं हुआ बीपीएल सर्वे

## पात्र लाभार्थियों को नहीं मिल पा रहा सरकारी योजनाओं का लाभ, नगर निगम के पास छंटनी करने की शक्तियां नहीं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन में बीते दो दशक से बीपीएल परिवारों की छंटनी नहीं हो पाई है। इस अवधि में कई बीपीएल परिवारों ने पक्के मकान तो बनवा लिए हैं, लेकिन उनके पास गाड़ी और दो पहिया वाहन भी हैं। ऐसे में पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। निगम के पास अभी तक बीपीएल पात्र व अपात्र छंटनी करने की शक्तियां नहीं हैं। निगम ने प्रस्ताव पारित कर प्रदेश सरकार को बीपीएल परिवार की छंटनी की अनुमति मांगी है। यदि सरकार निगम के इस प्रस्ताव को मानती है, तो जल्द ही निगम अपने स्तर पर बीपीएल परिवारों के नाम काटने और जोड़ने का काम कर सकती है।

इसको लेकर प्रदेश की अलग-अलग निगमों में मेयर और डिप्टी मेयर की एक कमेटी बनी है। हालांकि इसके बाद भी अभी तक सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। बता दें कि बीपीएल परिवारों को जोड़ने और निकालने का सर्वे प्रदेश सरकार की ओर से ही किया जाता है, लेकिन प्रदेश के निगमों में कई वर्षों से यह बीपीएल सर्वे नहीं हो पाया है। नतीजतन आज भी जहां कुछ पात्र लोग इस सुविधा से वंचित हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुछ अपात्र लोग इसका लाभ ले रहे हैं। ऐसे में निगम ने फैसला किया है कि यदि सरकार उन्हें बीपीएल परिवार जोड़ने और काटने की शक्तियां दे तो वह निगम हाउस में ही पात्र परिवारों को जोड़कर अपात्रों को बाहर कर देंगे। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम सोलन कार्यालय।



वर्ष 2004 में बीपीएल चयन के लिए सोलन शहर में सर्वे हुआ था। उसके बाद से आज तक सर्वे नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सोलन नगर निगम ने सरकार से पत्राचार किया है, जिसमें नगर निगम के तहत बीपीएल में पात्र लोगों को जोड़ने और अपात्र को बाहर करने का अधिकार दिए जाने की मांग की गई है।
**उषा शर्मा, मेयर, सोलन नगर निगम।**

### 541 बीपीएल कार्ड धारक

सोलन नगर निगम में पिछला सर्वे वर्ष-2004 में हुआ था। इसके बाद से आज तक सर्वे नहीं हो पाया है। ऐसे में जहां कई पात्र लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, तो कई अपात्र लोग कई सालों से बीपीएल में ही जमा हुए हैं। हालांकि इस दौरान 25 लोग ऐसे भी हैं। जिन्होंने खुद एमसी में आकर अपना नाम कटवाया है। निगम अधिकारियों की माने तो शहर में 541 बीपीएल कार्ड धारक थे, जिनमें से 25 ने कुछ वर्ष पहले अपना नाम कटवाया है। अब उनकी जगह नए लोगों को जोड़ना है, लेकिन सरकार की हरी झंडी न मिलने से यह काम कई सालों से अधर में ही लटका हुआ है। बता दें कि वर्तमान में 516 बीपीएल कार्ड धारक शहर में सरकारी सुविधाएं ले रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि वर्तमान में इन बीपीएल धारकों में से कई तो सरकारी नौकरी में हैं और कई इस क्राइटेरिया से बाहर हैं। ऐसे में तुरंत सर्वे करवाकर पात्र लोगों को ऐड तो अपात्र को बाहर करना चाहिए। शहर में बीपीएल सर्वे करवाया जाना चाहिए। इसको लेकर सोलन नगर निगम ने कई बार सरकार को पत्र भी लिखा है, बावजूद इसके सरकार की तरफ से सर्वे करवाने के लिए हरी झंडी नहीं मिल पाई है।

## सोलन में आदर्श आचार संहिता लागू

**सोलन।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विधानसभा क्षेत्र 51-नालागढ़ के उपचुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे सोलन जिले में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके दृष्टिगत डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार उपचुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारु एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करवाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार चुनावों की घोषणा से लेकर परिणाम घोषित होने तक किसी भी प्रकार के शस्त्र/गोला-बारूद आदि को लेकर चलने पर तत्काल रूप से पाबंदी रहेगी। सोलन के साथ लगती हरियाणा एवं पंजाब की सीमा पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के भी आदेश जारी किए गए हैं, ताकि उपचुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग एवं सुचारु रूप से संपन्न की जा सके। आदेशों के तहत लोगों, नागरिकों, संगठनों, गैर सरकारी संगठनों को जिला सोलन की सीमा के भीतर 1959 के तहत परिभाषित किसी भी प्रकार के हथियार आदि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी।

## स्टूडेंट्स को साइंटिस्ट बनाएगी शूलिनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंस में अग्रणी हिमाचल प्रदेश के कसौली में स्थित शूलिनी यूनिवर्सिटी प्रदेशभर के अग्रणी स्कूलों को रिसर्च के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है।

यूनिवर्सिटी ने स्कूलों को रिसर्च के लिए अपनी लैब बच्चों को अनुसंधान करने के लिए वर्कशाप करवाने आदि के लिए खुला ऑफर दिया है। इस दिशा में यूनिवर्सिटी प्रदेश के हर जिले में जाकर वहां के अग्रणी स्कूलों के साथ कॉन्क्लेव करवा रही है, जिसमें स्कूलों को अनुसंधान पर जोर देने के लिए कहा जा रहा है। इसी कड़ी में हमीरपुर स्थित होटल हमीर में शूलिनी यूनिवर्सिटी की ओर से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के 33 स्कूलों से प्रिंसीपल और डॉयरेक्टर ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्यातिथि के रूप में हिम अकादमी के संस्थापक और डायरेक्टर प्रो. आरसी लखनपाल ने शिरकत की। उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

प्रदेश पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल ऑफ साइंसेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. रजनीश कंवर, ब्लू स्टार के निदेशक विकास दीक्षित समेत सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को शिक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए शिक्षा भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वर्चुअली तौर पर शिरकत करने वाले शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पीके खोसला ने संस्थान की अबतक की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इनोवेशन और हार्ड वर्क से लीक से हटकर सोचने व कार्य करने से व्यक्ति बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है। कॉन्क्लेव की शुरुआत शूलिनी विश्वविद्यालय में आउटरीच की निदेशक शिखा सूद ने सबके स्वागत से की। इसके बाद सेंटर फॉर लीडरशिप कोचिंग की उपनिदेशक और प्रमुख पायल खन्ना के नेतृत्व में एक आकर्षक सत्र हुआ, जिन्होंने शूलिनी की कहानी साझा की। कार्यक्रम का समापन संस्थान के लीलाधर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्हें ऐसे मेलनों की अहम कड़ी के रूप में जाना जाता है।



हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल।

## नड्डा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर पीएम मोदी का जताया आभार

**राजगढ़।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में वरिष्ठ स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि एक शालीन, संवेदनशील और साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले नेता को केंद्रीय मंत्रिमंडल में सीनियर मंत्री के रूप में शामिल करना पहाड़ी राज्य हिमाचल के लिए गौरव की बात है।

मेला राम शर्मा ने कहा कि इस छोटे से राज्य के धरती से जुड़े और छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े एक नेता ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष पद पर आसीन होकर हिमाचल को गौरवान्वित किया और अब सीनियोरिटी में सीनियर मंत्री के रूप में उन्होंने शपथ लेकर देवभूमि का गौरव भी बढ़ाया है। जिला प्रवक्ता ने जेपी नड्डा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में सीनियर मंत्री के रूप में शपथ लेने की बधाई देते हुए कहा कि सही मायनों में नड्डा पार्टी और संगठन को समर्पित रहे हैं और यही वजह है कि हिमाचल में राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर हर दल के लोग उनका वरिष्ठ मंत्री बनने का स्वागत कर रहे हैं।

## मोदी व नड्डा की ताजपोशी पर प्रदेश भाजपा में खुशी की लहर : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर प्रदेश भाजपा विशेष कार्यकारिणी सदस्य बलवीर सिंह ठाकुर एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि जहां नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है वहीं पर जगत प्रकाश नड्डा को भी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

इन दोनों नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि नरेंद्र मोदी की राजपोशी से भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं में नए रक्त का संचार हो रहा है इन दोनों नेताओं ने बताया कि देश व विदेश की कुछ ताकतें मिलकर नरेंद्र मोदी का विजय रथ रोकना चाहती थी, लेकिन यह सारी ताकतें मिलकर भी नरेंद्र मोदी का विजय रथ नहीं रोक पाई क्योंकि मोदी के साथ देश की जनता चट्टान की तरह खड़ी है। इन नेताओं ने बताया कि नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले ताकतवर नेता है, जिन्होंने अपने काम के दम पर लगातार तीसरी बार सरकार को रिपीट किया है। जवाहरलाल नेहरू भी लगातार तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे, लेकिन उस समय एक ही पार्टी का बोलबाला होता था दूसरी पार्टी कहीं पर भी दिखाई नहीं देती थी, लेकिन नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए विपक्ष की सभी पार्टियां एक मंच पर आई थी, लेकिन उसके उपरांत भी मोदी को प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक पाई, जबकि इन्होंने देश व प्रदेश की जनता को झूठी गारंटी देकर बड़े-बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन देश की जनता सब जानती है।



## बद्दी में स्कूटी सवार से 1.23 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पुलिस थाना बद्दी के तहत स्कूटी सवार युवक से 1.23 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान संदीप सिंह पुत्र केहर सिंह निवासी चिली भुड्डु तहसील बद्दी जिला सोलन से हुई।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम रूटीन चेकिंग पर थी, तो एक स्कूटी बरोटीवाला की ओर से आई, जिसे चेकिंग के दौरान रोका गया। युवक पुलिस को देख घबरा गया और जब स्कूटी की तलाशी ली, तो स्कूटी से 1.23 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## पार्थ ने सुपर चैंपियन ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अर्की उपमंडल की दानोघाट पंचायत के सेर गलोटिया गांव के 13 वर्षीय पार्थ ठाकुर ने शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित सुपर चैंपियन ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2024 में 41 किलो के भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।



इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और पार्थ की मेहनत और लगन की सराहना हो रही है। पार्थ के पिता नरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सेइकोकाई कराटे इंटरनेशनल अकादमी की ओर से आयोजित की गई थी, जिसमें देश भर के युवा कराटे प्रतिभागियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि पार्थ शिमला के दयानंद पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है। पार्थ न केवल पढ़ाई में बल्कि खेलों में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। इस प्रतियोगिता में पार्थ ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। फाइनल मुकाबले में पार्थ ने डीएवी कंडाघाट के खिलाड़ी को एक-सात के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह जीत उसकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। पार्थ की इस शानदार उपलब्धि पर परिवार, स्कूल और गांव के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। पार्थ की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पार्थ के कोच और स्कूल के अध्यापकों ने भी उसकी इस सफलता पर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पार्थ की इस जीत ने क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया है कि वे भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत और समर्पण से काम करें।

## छात्रों की समस्याओं का समाधान करेगी एनएसयूआई

**नाहन।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की जिला सिरमौर इकाई की बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। इस दौरान एनएसयूआई के छात्र पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रेस को जारी बयान में एनएसयूआई ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 के लिए कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला सचिव विक्रम शर्मा ने कहा कि यदि कोई ऐसा छात्र हो, जिसकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने से पढ़ाई जारी रखने में दिक्कत आ रही हो, तो वह एनएसयूआई के छात्र साथियों से संपर्क कर सकता है। एनएसयूआई पूरा सहयोग करेगी।

## शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष बने कपिल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला सिरमौर के त्रैवार्षिक चुनाव में कपिल मोहन ठाकुर को अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। ये चुनाव पर्यवेक्षक महासंघ के राष्ट्रीय सचिव पवन मिश्रा और संगठन मंत्री विनोद सूद (हिमाचल प्रांत) की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुए।

ददाहू के एक होटल में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान सिरमौर के सभी खंडों की कार्यकारिणी, जिला प्रतिनिधियों और जिला कार्यकारिणी के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर लोगों ने सर्वसम्मति से रजाना स्कूल के डीपीई कपिल मोहन ठाकुर को जिला अध्यक्ष पद की कमान सौंपी। दीपक त्रिपाठी को जिला महामंत्री, श्यामलाल को जिला संगठन मंत्री, रोहित कुमार कोषाध्यक्ष, राधेश्याम शास्त्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजेशपाल पुंडीर को अतिरिक्त महामंत्री, बलदेव सिंह को अध्यक्ष प्रवक्ता संवर्ग चुना गया। इसके साथ-साथ विजय कंवर, मामराज चौधरी और ऋषिपाल को प्रांत प्रतिनिधि, राजेश शर्मा को सह संगठन मंत्री, सतीश कंवर, शिवानी शर्मा, ओंकार शर्मा, रतनलाल, यशपाल शर्मा आदि को जिला व खंड स्तर के दायित्व के लिए चुना गया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव पवन मिश्रा, हिमाचल प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार आदि चुने गए।



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला सिरमौर की कार्यकारिणी में मौजूद लोग।

## मंजयाट में आयोजित दंगल में हनी खड़वाली रोहतक ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, अर्की**

देवरा पंचायत के मंजयाट में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि पंचायत प्रधान रूप सिंह ठाकुर ने शिरकत की।

दंगल की शुरुआत लखदाता महाराज की पूजा-अर्चना, अखाड़ा पूजन व ढोलियों द्वारा अखाड़ा बांधने के पश्चात शुरू हुआ। समिति सचिव एक्स पैरा कमांडो जमालुद्दीन ने बताया कि छोटी माली के विजेता दीपू गंभर को 2500 रुपए व गुर्ज तथा उपविजेता सौरभ अर्की को 2100 रुपए दिए गए। बड़ी माली के विजेता के पहलवान हनी खड़वाली रोहतक को 3500 रुपए व गुर्ज तथा उपविजेता पहलवान रोहित अलवर को 3100 रुपए दिए गए। दंगल रेफरी सत्य प्रकाश चौहान व ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि इस दंगल में दूर-दराज के क्षेत्रों से नामी पहलवानों ने भाग लिया।



### सीटू के बैनर तले मिड-डे-मील वर्कर्स नाहन ब्लॉक का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

## वर्कर्स से जुड़ी मांगों पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सीटू कार्यालय नाहन में मिड-डे-मील वर्कर्स नाहन ब्लॉक का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। सीटू के बैनर तले आयोजित इस अधिवेशन में मिड-डे-मील वर्कर्स से जुड़ी कई मांगों और समस्याओं पर मंथन किया गया।

मीडिया से बात करते हुए सीटू के जिला महासचिव आशीष कुमार ने बताया कि आज इस नाहन ब्लॉक के मिड-डे-मील वर्कर्स अधिवेशन में कई मुद्दों पर चर्चा व विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से न्यायालय के आदेशों के मुताबिक मिड-डे-मील वर्कर्स को 12 महीने का वेतन दिलाने को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी के दौरान मिड-डे-मील वर्कर्स को 800 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त वेतन देने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। चुनाव ड्यूटी के दौरान तैनात सभी कर्मचारियों को किसी न किसी रूप में कंपनसेट किया जाता है, परंतु मिड-डे-मील वर्कर्स को किसी भी प्रकार का कोई भत्ता नहीं दिया जाता, जो कि मिड-डे-मील वर्कर्स के साथ अन्याय है।



मिड-डे-मील वर्कर्स नाहन के वार्षिक अधिवेशन में पहुंचे प्रतिनिधि।

**मेला**

### उद्योग मंत्री ने राज्य स्तरीय शिरगुल देवता लोक उत्सव का किया समापन व लोगों की समस्याएं सुनीं

# उत्सवों और मेलों को जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी: हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम और रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उत्सवों और मेलों को जीवित रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। हर्षवर्धन चौहान ने सिरमौर के राजगढ़ में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शिरगुल देवता लोक उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को मेले की बधाई दी और कहा कि मेले व त्योहार हमारी पहाड़ी संस्कृति को जीवंत रूप देते हैं। मेले के आयोजन में जन सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है यह मेला न केवल आपसी मेल-जोल एवं भाईचारे की भावना को बढ़ाता है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अपनी एक विशेष पहचान रखता है। उन्होंने मेलों एवं उत्सवों की इस प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखने का आह्वान किया। हिमाचल प्रदेश की पहाड़ी संस्कृति ने न केवल अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी जगह बनाई है। उद्योग मंत्री ने उत्सव के सफल आयोजन के लिए ग्रीन क्लब को बधाई देते हुए कहा कि यह एक सामाजिक क्लब है और यह क्लब न केवल क्षेत्र के लोगों को मनोरंजन उपलब्ध करवा रहा है, बल्कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक उचित मंच भी प्रदान कर रहा है।



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान राजगढ़ में जनसमस्याएं सुनते हुए।

### हर बच्चे में छुपी होती है कोई न कोई प्रतिभा

हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है जरूरत है उन्हें पहचानने की। हमें इस तरह के आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे बच्चों को अधिक प्रोत्साहित कर सकें। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि व स्थानीय लोगों ने मंत्री से मुलाकात की और क्षेत्र की सामूहिक व व्यक्तिगत समस्याएं उनके समक्ष रखीं। उन्होंने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखी गई सभी मांगों को वह प्रदेश सरकार के समक्ष गंभीरता से उठाएंगे। उद्योग मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। उद्योग मंत्री ने ग्रीन क्लब राजगढ़ को अपनी ऐच्छिक निधि से एक लाख 25 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार


फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### एस जयशंकर से मिले मालदीव के राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। रविवार को केंद्रीय मंत्री पद की शपथ लेने के बाद एस जयशंकर ने सोमवार को विभिन्न विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की। वह मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भी मिले। इसके अलावा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। गौरतलब है कि भारत ने नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी एवं हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष को बुलाया था।

### शेख हसीना से गांधी परिवार ने की मुलाकात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी सांसद राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार की दोपहर नई दिल्ली में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा, हमने भारत और बांग्लादेश के बीच विश्वास, सहयोग और आपसी विकास की प्रतिबद्धता पर आधारित बंधन को और मजबूत करने के लिए कई विषयों पर चर्चा की।

### सिक्किम में भारी बारिश से तीन की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण सिक्किम के नामची जिले में लगातार हुई भारी बारिश के बाद ऊपरी यांगांग में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें अभी तक तीन लोगों की मौत की खबर है जबकि एक महिला की हालत गंभीर है और एक व्यक्ति लापता बताया गया है। घायल को सिंगताम जिला अस्पताल ले जाया गया है। बाढ़ के कारण कई घर बह गए और भारी नुकासन हुआ। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले हालात का जायजा लिया। राहत और बचाव का काम जारी है। यह घटना जिले के यांगांग इलाके में हुई, जो जिला मुख्यालय से करीब 53 किमी दूर है। राज्य की आपदा प्रबंधन टीमें पुलिस कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से घटनास्थल पर बचाव कार्य कर रही हैं।

### यमुनोत्री धाम यात्रा में अब तक 23 की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए एक श्रद्धालु की मौत हो गई। इसके साथ ही यमुनोत्री धाम में जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 23 पहुंच गई है। जबकि चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 100 से ज्यादा पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए उत्तर प्रदेश निवासी रमा शंकर त्रिपाठी(65) की जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अचेत अवस्था में जानकीचट्टी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. हरदेव सिंह पंवार ने बताया मृतक पहले से अस्वस्थ रहते थे। इस बार भारी संख्या में यात्री यमुनोत्री धाम की यात्रा पर निकले हैं।

### प्रज्ज्वल रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली।** जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) से निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। पहले उन पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें हासन लोकसभा सीट से हार भी झेलनी पड़ी और अब उन पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप में बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी द्वारा रेवन्ना को अदालत में पेश किया गया है।

### प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



**काठमांडू।** भारत में एनडीए सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने गए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। सोमवार सुबह राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान प्रचंड ने मुर्मू को नेपाल भ्रमण करने का न्योता दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गए नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने सोमवार को सुबह दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रचंड ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की तरफ से भारत की राष्ट्रपति को भेजे गए नेपाल भ्रमण का औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा।

### पाकिस्तान में जीप नदी में गिरी, छह की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मुजफ्फराबाद के नीलम घाटी जिले के ताओबत इलाके में सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 7 अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया है कि 23 लोगों से भरी यह जीप कैल से ताओबात जा रही थी। नदी के पास चालक ने जीप पर नियंत्रण खो दिया। इसके बाद पलक झपकते ही जीप नदी में गिर गई। सूचना मिलने पर बचावकर्मी पहुंचे। गोताखोरों ने 13 लोगों को बाहर निकाला। इनमें से छह लोगों की मौत हो चुकी है। बाकी लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने यूरोपीय संसद भंग की



**स्ट्रासबर्ग।** यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव में हार की आशंका की वजह से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने संसद भंग कर मध्यावधि चुनाव का आह्वान कर दिया है। बेल्जियम की सत्तारूढ़ पार्टी की इस चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डीक्रू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव छह से नौ जून के बीच हुए। इस चुनाव में लगभग 40 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। चुनाव की शुरुआत छह जून को नीदरलैंड में मतदान के साथ शुरू हुई।

### रूस के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर यूक्रेन का हमला



**कीव।** यूक्रेन ने दावा किया कि उसके बलों ने अग्रिम चौकियों से लगभग 600 किलोमीटर दूर वायुसेना अड्डे के निकट खड़े रूसी अत्याधुनिक लड़ाकू विमान पर हमला किया है। यूक्रेन के सहयोगी पश्चिमी देशों ने उसे रूस के अंदर सीमित हमलों के लिए अपने हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। यूक्रेन की मुख्य सैन्य खुफिया सेवा ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें साझा कीं और कहा कि इनमें हमले के बाद की स्थिति दिखाई दे रही है। यदि इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह यूक्रेन द्वारा सुखोई-57 लड़ाकू विमान पर किया गया पहला सफल हमला होगा। सुखोई दोहरे इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे रूस का सबसे उन्नत सैन्य विमान माना जाता है।

### सीएम बीरेन के सुरक्षा काफिले पर हमला, दो जवान जख्मी



**इंफाल।** मणिपुर के जिरिबाम में उग्रवादियों ने मणिपुर सीएम एन. बीरेन सिंह के सुरक्षा दस्ते पर हमला किया। यह सुरक्षा दस्ता हिंसा प्रभावित जिरिबाम में सीएम की सभा से पहले तैयारियों का जायजा लेने जा रहा था, जब सुरक्षा काफिला कोटलेन पहुंचा, तो उग्रवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में ड्राइवर समेत दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। हमले के समय मुख्यमंत्री काफिले में नहीं थे। इस हमले को बीरेन सिंह ने निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि यह हमला राज्य के लोगों पर हमला है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मंत्रिमंडल में सिर्फ 7 महिलाओं को मिली जगह

## दो कैबिनेट और पांच राज्य मंत्री शामिल, पिछली सरकार में 12 महिलाएं थी केंद्रीय मंत्रिमंडल में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इस बार की मोदी कैबिनेट में महिलाओं का प्रतिनिधित्व घट गया है। कैबिनेट में केवल सात महिलाओं को ही जगह मिल पाई है, महिलाओं का प्रतिनिधित्व 12 से घटकर 7 हो गया है। इसमें दो कैबिनेट और पांच राज्य मंत्री शामिल हैं। निर्मला सीतारमण और अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी पहले राज्य मंत्री थीं, लेकिन इस बार उन्हें प्रमोट किया गया है। पांच महिलाएं, जिन्हें राज्य मंत्री बनाया गया है, उनमें अनुप्रिया पटेल, शोभा करंदलाजे, रक्षा खडसे, सावित्री ठाकुर और निमुबेन भमानिया शामिल हैं।

### छह मंत्री पीएचडी

**मोदी** 3.0' में छह सबसे शिक्षित मंत्री हैं जिन्होंने पीएचडी की हुई है। ये छह मंत्री हैं डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, डॉ. मनसुख मंडाविया, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, डॉ. एल. मुरुगन और डॉ. वीरेंद्र कुमार।


### चंद्रशेखर पेम्मासानी सबसे अमीर मंत्री


5 हजार 700 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति वाले चंद्रशेखर पेम्मासानी मोदी



3.0' में सबसे अमीर मंत्री हैं। तेलुगु देशम पार्टी के पेम्मासानी 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने वाले सबसे अमीर सांसद भी हैं। पेम्मासानी चंद्रबाबू नायडू के सहयोगी हैं और आंध्र प्रदेश की गुंटूर लोकसभा सीट से जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी और वाईएसआरसीपी के प्रत्याशी किलारी वेंकट रोसैया को 3 लाख 40 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है।

### 36 साल के राममोहन सबसे युवा 79 वर्षीय मांझी सबसे बुजुर्ग मंत्री





**मंत्रिमंडल** में सबसे युवा मंत्री के रूप में 36 वर्षीय राममोहन नायडू और 37 वर्षीया रक्षा निखिल खडसे शामिल हैं। सबसे बुजुर्ग मंत्री 79 वर्ष के जीतनराम मांझी मंत्रिमंडल में शामिल हैं। रक्षा खडसे महाराष्ट्र के रावेर से और नायडू आंध्र प्रदेश की श्रीकाकुलम सीट से सांसद हैं। तेलुगु देशम पार्टी के नायडू 26 साल की उम्र में पहली बार सांसद बने थे। उनके पिता येरेन नायडू टीडीपी के बड़े नेता थे।

भाजपा सांसद रक्षा खडसे 2010 में कोठाड़ी गांव की सरपंच बनी थीं। 2014 में उन्होंने 26 साल की उम्र में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मनीष जैन को 3.18 लाख वोटों से हराया। रक्षा ने 2019 में भी चुनाव जीता और 2024 में तीसरी बार जीतकर संसद पहुंचीं। जीतनाराम मांझी भी मंत्रिमंडल में शामिल हैं। वह बिहार में हिंदुस्तानी आवामी मोचा के संस्थापक हैं और 2014 में राज्य के 23वें मुख्यमंत्री बने थे। दलित नेता मांझी मंत्रिमंडल में सबसे उम्रदराज हैं और साथ ही सबसे गरीब मंत्री हैं। उनके पास कुल 30 लाख रुपये की संपत्ति है। मांझी ने इस बार गया से लोकसभा चुनाव जीता है। इससे पहले वह 1991, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव हार चुके हैं। उन्हें 44 साल का राजनीतिक अनुभव है।

### सुरेश गोपी ने मंत्री नहीं बनने की खबरों का किया खंडन



नई दिल्ली। अभिनेता से राजनेता बने भाजपा सोसद सुरेश गोपी ने मोदी कैबिनेट छोड़ने की खबरों का खंडन किया है। मीडिया में खबरें वायरल होने के बाद भाजपा सांसद गोपी ने खबरों का खंडन करते हुए एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात की पुरानी तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 'कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत खबर फैलाई जा रही है कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह सरासर गलत है।' उन्होंने साफ किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और वे खुद भी केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

### शिवसेना ने कहा
### हमें कैबिनेट मंत्री पद मिलना चाहिए था


**मुंबई।** शिवसेना शिंदे गुट के सांसद श्रीरंग बारणे ने मीडिया से कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस मंत्रिपरिषद का गठन हुआ, उसमें हमें उम्मीद थी कि शिवसेना को कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा। कर्नाटक के



कुमारस्वामी की पार्टी के दो सांसद हैं, उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद मिला। जीतनराम मांझी इकलौते सांसद हैं, उन्हें कैबिनेट मंत्री पद मिला। चिराग पासवान की पार्टी के पांच सांसद जीते हैं, उन्हें भी कैबिनेट में जगह मिली है। शिवसेना के सात सांसद हैं, जबकि हम 19 सीटों पर लड़े थे। भाजपा के नौ सांसद है, जबकि वह 28 सीटों पर लड़ी थी। हमारी अपेक्षा थी कि शिवसेना को एक कैबिनेट मंत्री पद और एक राज्य मंत्री पद मिलना चाहिए। हम भाजपा के सबसे पुराने सहयोगी दलों में से एक हैं, जबकि हमें राज्य मंत्री पद मिला है। तीन महीने में विधानसभा चुनाव हैं। जब हम चुनाव में एकसाथ जाएंगे तो उसका विचार करते हुए शिवसेना को उचित भूमिका मिलनी चाहिए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा को दो टूक, बोले-
# बेहतर संबंधों के लिए एक-दूसरे की चिंताओं पर ध्यान देना बेहद जरूरी


**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। इन बधाई संदेशों में एक संदेश कनाडा की सरकार का भी है। कनाडा की सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए बधाई देते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसे भारत पर तंज कहा जा सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए अब प्रधानमंत्री मोदी ने भी उसी भाषा में कनाडा को जवाब दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि 'भारत, एक दूसरे की चिंताओं के सम्मान के आधार पर कनाडा के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।' दरअसल भारत लंबे समय से आरोप लगा रहा है कि कनाडा में खालिस्तानी और कट्टरपंथी गतिविधियां बढ़ रही हैं। भारत सरकार ने कई बार कनाडा की सरकार से कट्टरपंथी तत्वों पर लगाने लगाने की मांग की, लेकिन कनाडा की सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्वीट को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी की जीत के लिए बधाई देते हुए लिखा 'कनाडा की सरकार, भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने के लिए तैयार है और ये संबंध मानवाधिकार, विविधता और कानून के शासन के आधार पर होने चाहिए।'

# एनडीए सरकार को बेरोजगारी दूर करने पर रखना होगा फोकस: राजीव कुमार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रविवार को लागातर तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद के लिए शपथ ली थी। आज उन्होंने प्रधानमंत्री का कार्यभार भी संभाल लिया। इस बार देश में एनडीए की सरकार यानी गठबंधन की सरकार बनी है। ऐसे में नई सरकार के सामने कई चुनौतियां मौजूद है। नई सरकार के सामने खड़ी चुनौती पर नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरपर्सन राजीव कुमार ने सलाह दी है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई को इंटरव्यू देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को बेरोजगारी की समस्या को खत्म करना होगा। दरअसल, देश में इस वक्त बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बना हुआ है। ऐसे में राजीव कुमार ने इस बात पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को कम करने में पहले ही देरी हो चुकी है। ऐसे में अगर और देरी होती है तो इसका असर देश की इकोनॉमी पर पड़ेगा। उन्होंने कहाकि हमें यह समझना चाहिए कि कोविड के बाद आर्थिक सुधार के आकार की रिकवरी रही है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और छोटे और मध्यम उद्यमों में।

### देश में 83 फीसदी युवा बेरोजगार

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन की रिपोर्ट्स के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में 83 फीसदी बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि इसलिए बड़े निगमों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और जो अत्यधिक कुशल हैं, उन्होंने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन निचले स्तर पर, लोग बेरोजगार हैं और कंपनियां अपनी क्षमता का विस्तार करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। राजीव कुमार के अनुसार रोजगार पैदा करने के बारे में दो महत्वपूर्ण चीजों में से एक छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए काम की स्थितियों को और आसान बनाना है।

### सस्ता हुआ सोना और चांदी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुएं सस्ती हुई हैं। बाजार में आई इस गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 71,810 रुपए से लेकर 71,660 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 65,840 रुपये से लेकर 65,690 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 72 हजार रुपए और 22 कैरेट सोना 66 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के ऊपर बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट आई है। आज की गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# गाजीपुर में तीर्थयात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त; चार मरे, 32 घायल


**एजेंसी, गाजीपुर**



उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के बरेसर थाना क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों से भरी बस के पूर्वांचल एक्सप्रेस पर खड़े वाहन में टकरा जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल भी हो गए।

पुलिस के अनुसार बिहार के विक्रमगंज से एक प्राइवेट बस से 36 तीर्थ यात्रियों का जत्था श्रीराम मंदिर अयोध्या दर्शन करने गया था। ये लोग दर्शन पूजन कर वापसी कर रहे थे कि भोर पांच बजे तीर्थ यात्रियों से भरी बस बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े हाइवा (ट्रक) में पीछे से घुस गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि घायलों में से 11 लोगों को मऊ और 21 लोगों को गाजीपुर जिला अस्पताल भेजा गया है, जिनमें से अब तक चालक समेत चार लोगों के मौत हो गई है। मृतकों में बस चालक राम निवास 45 वर्ष, कमला देवी 65 वर्ष, विनोद सिंह और सुनीता सिंह शामिल हैं। सभी मृतक भोजपुर बिहार निवासी बताए गए हैं।

### चुनाव के बाद मोहन भागवत की पहली प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** आरएसएस का सोमवार को दूसरा समापन समारोह हुआ। इस दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि चुनाव परिणाम हो आ चुके हैं। सरकार बन गई है। वही सरकार (एनडीए) फिर से आ गई है। पिछले 10 साल में बहुत कुछ अच्छा हुआ है। वैश्विक स्तर पर पहचान अच्छी हुई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम चुनौतियों से मुक्त हो गए हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि संसद इसलिए होती है, क्योंकि सहमति हो। स्पर्धा की वजह से इसमें दिक्कत आती है। इसलिए बहुमत की बात होती है। चुनाव में संघ जैसे संगठन को भी घसीटा गया। कैसी-कैसी बातें की गईं। तकनीकी का सहारा लेकर ऐसा किया गया। आधुनिक तकनीकी का गलत इस्तेमाल किया गया। चुनाव लड़ने में भी एक मर्यादा होती है।

# यीडा को 133 करोड़ रुपए की पहली किस्त का भुगतान करेगा सुरक्षा ग्रुप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कर्ज में डूबी रियल्टी कंपनी जेपी इन्फ्राटेक की कमान संभालने वाला मुंबई स्थित सुरक्षा समूह किसानों को अतिरिक्त मुआवजे के रूप में तीन महीने के भीतर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को लगभग 133 करोड़ रुपए की पहली किस्त का भुगतान करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने 24 मई को जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) का अधिग्रहण करने के लिए सुरक्षा रियल्टी की तरफ से लगाई बोली को बरकरार रखा था। इसके साथ ही इसे किसानों को मुआवजे के रूप में यमुना यीडा को 1,334 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश भी दिया था। इसके पहले मार्च, 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने दिवाला प्रक्रिया पर मुहर लगाई थी। एनसीएलटी ने जेआईएल को खरीदने के लिए सुरक्षा समूह की तरफ से लगाई बोली को मंजूरी दे दी थी। हालांकि, यीडा सहित कई पक्षों ने एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देते हुए एनसीएलएटी में याचिका दायर की थी। यीडा ने किसानों के मुआवजे के रूप में लगभग 1,700 करोड़ रुपए का दावा किया था।

### पेटीएम में फिर चली छंटनी की तलवार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है।

कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें 'आउटप्लेसमेंट' (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई। जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था।

# चेन्नई हवाई अड्डे पर 8 करोड़ का सोना जब्त, 2 हिरासत में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चेन्नई एयरपोर्ट पर सोमवार को कस्टम अधिकारियों ने एक कर्मचारी से 8 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया।

इस मामले में अधिकारियों ने एयरपोर्ट कर्मचारी और एक ट्रांजिट यात्री को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर इंडिगो एयरलाइंस के कस्टमर सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम करने वाले मोहम्मद बरकतुल्लाह को चेन्नई एयरपोर्ट पर रोका गया।

उसकी तलाशी ली गई और एयरपोर्ट के प्रस्थान द्वार के पास उसके पास से रबर के पेस्ट के रूप में सोना जब्त किया गया। तलाशी में कस्टम अधिकारियों ने 24 कैरेट सोने से भरे 36 पाउच बरामद किए, जिनका वजन 13 किलोग्राम था। सोने की कीमत 8.04 करोड़ रुपए आंकी गई।

अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद बरकतुल्लाह कोलंबो जाने वाले ट्रांजिट यात्रियों से ये पाउच इकट्ठा कर रहा था। मामले की आगे की जांच जारी है।

### नदी में डूबने से एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत

**उत्तर प्रदेश।** लखीमपुर खीरी जिले में सोमवार को घाघरा नदी में नहाते समय एक ही परिवार के 4 सदस्यों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त प्रदीप ने बताया कि सुबह पढ़ुवा थाना क्षेत्र में तेलियर गांव के एक ही परिवार के पांच सदस्य घाघरा नदी में नहाने गए थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान वे गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में सुशीला (52), सत्यम (24), उर्वशी (17) और कान्हा (10) की मौत हो गई। नैनी नामक महिला को नदी से निकाल लिया गया और उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कार्रवाई** | 4600 लैपटॉप और 32 किलो सोना जब्त

# मुंबई में तस्करी का बड़ा भंडाफोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश के सबसे बड़े कंटेनर पोर्ट न्हावा शेवा, जिसे जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह भी कहा जाता है, पर कस्टम विभाग ने लैपटॉप तस्करी का बड़ा भंडाफोड़ किया है। इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर अधिकारियों ने विदेशों से मंगाए जा रहे यूज्ड लैपटॉप की बड़ी खेप की बरामदगी की है।

जानकारी के मुताबिक, जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस के अफसरों ने विशेष खुफिया और इम्पोर्ट जांच शाखा की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर मुंबई के न्हावा शेवा पोर्ट पर विभिन्न ब्रांडों के 4600 लैपटॉप जब्त किए हैं। जब्त लैपटॉप डेल, एचपी, लेनोवो और अन्य ब्रांड के हैं। इसके अलावा अफसरों ने 1546 पुराने और यूज्ड सीपीयू की भी जब्ती की है, जो सबसे बड़ी जब्ती है। कस्टम अधिकारियों के मुताबिक, ये लैपटॉप और सीपीयू संयुक्त अरब अमीरात से आयात किए गए थे। इसका आपूर्तिकर्ता हांगकांग का रहने वाला है।

जब्त किए गए तस्करी के सामान का अनुमानित मूल्य 4.11 करोड़ रुपए है। जब्ती के बाद, विशेष खुफिया और जांच शाखा (एसआईआईबी) ने मुंबई और दिल्ली में एक साथ कई तलाशी ली है, जिसके परिणामस्वरूप आयात करने वाली फर्म के मास्टरमाइंड सह मालिक को गिरफ्तार किया गया है। न्हावा शेवा पर कस्टम के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई तस्करी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

# सत्ता संभालने से पहले चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ का इजाफा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले पांच साल से सत्ता से दूर रहे चंद्रबाबू नायडू की किस्मत ने पलटी मारी है। आंध्र प्रदेश में न केवल उनकी सत्ता में वापसी हुई है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र सरकार में उनकी भूमिका बढ़ने के साथ परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। राज्य की सत्ता संभालने से पहले एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई है।

कंपनी के शेयरों में इस उछाल से उनके परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।